वर्ष 10 अंक 213
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, सोमवार
12 मई 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर



nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20

03 रेलवे ने दैनिक विश्राम को साप्ताहिक विश्राम में समाहित करके आदेशों का...
06 जातिगत जनगणना वर्ग संघर्ष को बढ़ाएगी...
11 मंधाना की शतकीय पारी से श्रीलंका को 97 रन से रौंदकर भारत बना...










# 'ऑपरेशन सिंदूर' पाकिस्तान के रावलपिंडी में भी भारतीय सेना की ताकत महसूस की गई : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**लखनऊ/नयी दिल्ली,** (भाषा) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने न केवल सीमा के पास पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर हमला किया, बल्कि उनकी ताकत पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय की मौजूदगी वाले रावलपिंडी में भी महसूस की गई।

उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के जरिए कई महिलाओं की मांग का सिंदूर मिटाने वाली भारत विरोधी ताकतों और आतंकवादियों को दंडित किया है।

रक्षा मंत्री ने लखनऊ के 'उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर' में 'ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटिग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी' का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। रक्षा मंत्री ने ब्रह्मोस मिसाल विनिर्माण इकाई को एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह सिर्फ एक फैक्ट्री का उद्घाटन नहीं है, बल्कि रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम भी है।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, 300 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह विनिर्माण इकाई 'उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर' का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह आत्मनिर्भर रक्षा विनिर्माण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह विनिर्माण इकाई अंतरिक्ष और रक्षा क्षेत्र के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सामग्रियों का उत्पादन करेगी, जिनका उपयोग चंद्रयान मिशन और लड़ाकू विमानों में किया जाएगा।

रक्षा मंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और रणनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है।

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सात मई को तड़के पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया गया था। पाकिस्तानी हमलों के बाद की सभी जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत की गई।

भारत और पाकिस्तान ने शनिवार को जमीन, वायु और समुद्री क्षेत्र में सभी प्रकार की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से रोकने के लिए सहमति बनने की घोषणा की थी। सिंह ने कहा कि पूरा देश ''इस ऑपरेशन की सफलता के लिए भारतीय सेना को बधाई दे रहा है।'' उन्होंने कहा, ''यह ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति तथा सैन्य शक्ति की क्षमता और संकल्प का प्रदर्शन है।'' रक्षा मंत्री ने कहा, ''हमने दिखा दिया है कि जब भी भारत आतंकवाद के खिलाफ कोई कार्रवाई करेगा, तो सीमा पार की जमीन भी आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए सुरक्षित नहीं होगी।''

रक्षा मंत्री ने कहा, ''भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आम नागरिकों को कभी निशाना नहीं बनाया, लेकिन पड़ोसी देश ने



भारत के असैन्य क्षेत्रों तथा मंदिरों, गुरुद्वारों और गिरजाघरों को निशाना बनाया। भारतीय सेना ने साहस एवं संयम का परिचय दिया तथा पाकिस्तान के कई सैन्य अड्डों पर हमला करके उसे मुंहतोड़ जवाब दिया।''

उन्होंने कहा, ''हमने न केवल सीमा के निकट सैन्य ठिकानों पर कार्रवाई की, बल्कि भारतीय सेना की ताकत रावलपिंडी में भी महसूस की गई, जहां पाकिस्तानी सेना का मुख्यालय स्थित है।''

रक्षा मंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया ने भारत में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने के परिणामों को देख लिया है।

राजनाथ ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि नया भारत सीमा के दोनों ओर आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करेगा।''

उन्होंने कहा, ''उरी की घटना के बाद हमारी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की, पुलवामा हमले के बाद हमने बालाकोट हवाई हमले किए और अब दुनिया देख रही है कि पहलगाम हमले के बाद कैसे भारत ने पाकिस्तान में घुसकर कई हमले किए।''

रक्षा मंत्री ने ब्रह्मोस मिसाल विनिर्माण इकाई को एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा, "यह सिर्फ एक फैक्ट्री का उद्घाटन नहीं है, बल्कि मेरा मानना है कि यह रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम भी है।"

उन्होंने ब्रह्मोस को भारत और रूस की सर्वोच्च रक्षा तकनीक का संगम बताते हुए कहा, "ब्रह्मोस भारत और रूस की सर्वोच्च रक्षा तकनीक का संगम है। जिस तरह हमारा उत्तर प्रदेश प्रयाग में संगम के लिए दुनिया भर में जाना जाता है उसी तरह आने वाले समय में लखनऊ भी इस तकनीक के संगम के लिए जाना जाएगा। यह संगम अपने आप में कई विशेषताएं समेटे हुए है। आने वाले समय में यह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर पैदा करेगा। मुझे यह भी विश्वास है कि आने वाले समय में यह क्षेत्र विकास की धुरी बनकर उभरेगा।"

सिंह ने कहा, "भारत के मिसाइल मैन कहे जाने वाले पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा था कि जब तक भारत दुनिया के सामने खड़ा नहीं होगा तब तक कोई भी हमारा सम्मान नहीं करेगा। इस दुनिया में डर का कोई स्थान नहीं है। केवल ताकत ही ताकत का सम्मान करती है।"

रक्षा मंत्री ने कहा कि आज भारत की गिनती दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों में की जाती है और यह ब्रह्मोस मिसाइल फैक्ट्री भारत की शक्ति को और मजबूत करने में मदद करेगी।

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक 'ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटिग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी' दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में से एक का निर्माण करेगी, जिसकी मारक क्षमता 290 से 400 किलोमीटर तक होगी।

राज्य सरकार ने बयान में कहा कि साढ़े तीन साल में बनकर तैयार हुई लखनऊ स्थित ब्रह्मोस विनिर्माण इकाई 80 हेक्टेयर में फैली है। इसके लिए जमीन उत्तर प्रदेश सरकार ने निशुल्क उपलब्ध कराई है। तमिलनाडु के बाद 'डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर' स्थापित करने वाला उत्तर प्रदेश दूसरा राज्य है।

सिंह ने कहा, "जैसा कि आप सभी जानते हैं कि चाहे राज्य सरकार हो या केंद्र की सरकार, हमारी नीति बहुत स्पष्ट है। मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड। हमारे लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का बहुत व्यापक अर्थ है। हम इस विचार के साथ आगे बढ़ रहे हैं कि हमें अपने लिए हथियार और उपकरण बनाने के साथ-साथ उन्हें पूरी दुनिया में निर्यात भी करना है।"

रक्षा मंत्री ने स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, "इस रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2024 में विश्व सैन्य व्यय बढ़कर 2,718 अरब डॉलर हो गया है। हथियारों और उपकरणों के लिए एक बड़ा बाजार हमारा इंतजार कर रहा है इसलिए हमें भारत को दुनिया के लिए एक आकर्षक रक्षा उत्पाद केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ी मजबूती के साथ आगे बढ़ना है। आज उस विचार की दिशा में एक और ठोस कदम बढ़ाया गया है।"

उन्होंने कहा, "आज हम जिस ब्रह्मोस विनिर्माण इकाई का उद्घाटन कर रहे हैं उसने अपनी शुरुआत से अब तक लगभग 500 प्रत्यक्ष और एक हजार अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं।" सिंह ने कहा कि यह भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा यहां विकसित किये गये माहौल की वजह से संभव हुआ है।

## प्रधानमंत्री ने पाक की हर कार्रवाई का अधिक सख्ती से जवाब देने का निर्देश दिया : सरकारी सूत्र

नयी दिल्ली, (भाषा) भारत और पाकिस्तान में सैन्य टकराव को रोकने को लेकर बनी सहमति के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सशस्त्र बलों को निर्देश दिया है कि पाकिस्तान की हर कार्रवाई का अधिक सख्ती से जवाब दिया जाना चाहिये और अगर वहां से गोली चलेगी, तो यहां से गोला चलेगा। सरकारी सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है।

सूत्रों ने कहा कि भारत कश्मीर मुद्दे पर कभी भी मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा और चर्चा का एकमात्र मुद्दा यह है कि पाकिस्तान अपने अवैध कब्जे वाले क्षेत्र को वापस करे। सूत्रों के मुताबिक, भारत के खिलाफ पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद जारी रहने तक सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी। उन्होंने कहा कि



पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन जारी रखते हुए अपने पसंद के क्षेत्रों में सहयोग की उम्मीद नहीं कर सकता।

सूत्रों ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान के साथ केवल सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) स्तर पर बातचीत होगी।

सूत्रों के अनुसार, दोनों देशों के बीच तनाव में कमी लाने के लिए 10 मई को पाकिस्तानी सैन्य अभियान महानिदेशक ने ही भारतीय डीजीएमओ से संपर्क किया था।

उन्होंने कहा कि सात मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर हमले के बाद भारत का रुख यही था कि अगर पाकिस्तान गोलीबारी करता है, तो भारत अधिक मजबूती से जवाब देगा।

सूत्रों के मुताबिक, पहलगाम हमले के बाद भारत ने उससे संपर्क करने वाले देशों से कहा कि वह पाकिस्तानी सीमा में आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे पर हमला करेगा।--

## 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सौंपे गए कार्यों को सटीकता के साथ अंजाम दिया : भारतीय वायुसेना

नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय वायुसेना ने रविवार को कहा कि उसने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान उसे सौंपे गए कार्यों को सटीकता के साथ और राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप सफलतापूर्वक अंजाम दिया।



पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ढांचों को नष्ट करने के लिए सात मई को यह अभियान शुरू किया गया था। पाकिस्तानी हमलों के बाद सभी जवाबी कार्रवाइयां 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत की गईं। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने एक बयान में कहा कि ऑपरेशन ''अभी जारी है।'' उसने कहा, ''चूंकि ऑपरेशन अभी जारी है, इसलिए विस्तृत जानकारी समय आने पर दी जाएगी। वायुसेना ने सभी से अटकलों और अपुष्ट सूचनाओं को फैलाने से बचने का आग्रह किया है।''

भारत और पाकिस्तान ने जमीन, वायु और समुद्र में सभी तरह की गोलाबारी और सैन्य कार्रवाइयों को तत्काल प्रभाव से रोकने के लिए शनिवार को सहमति जताई। वायुसेना ने कहा कि उसने 'ऑपरेशन सिंदूर में सौंपे गए अपने कार्यों को सटीकता और पेशेवर तरीके से सफलतापूर्वक अंजाम दिया है।'


## श्रीलंका में बस दुर्घटना में 21 लोगों की मौत

**कोलंबो,** (भाषा) श्रीलंका के प्रांत 'सेंट्रल प्रोविंस' स्थित कोटमाले क्षेत्र में रविवार को एक बस के खाई में गिर जाने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना उस समय हुई जब बस चालक ने पहाड़ी



रास्ते पर बाएं मुड़ने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि उसी दौरान बस फिसलकर खाई में गिर गई। पुलिस ने बताया कि राज्य परिवहन निकाय के स्वामित्व वाली बस में 75 यात्री सवार थे। पुलिस ने बताया कि ये बस दक्षिणी तीर्थस्थल कटारगामा से उत्तर-पश्चिमी शहर कुरुनेगाला जा रही थी। श्रीलंका के परिवहन एवं राजमार्ग उपमंत्री प्रसन्ना गुनासेना ने बताया कि दुर्घटना में 21 लोगों की मौत हो गई।




## भारत एवं पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनने के बाद पंजाब में शांति कायम

**चंडीगढ़,** (भाषा) भारत और पाकिस्तान के बीच जमीन, वायु और समुद्र में सभी तरह की गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर बनी सहमति के बाद पंजाब में, खासकर राज्य के सीमावर्ती इलाकों में रविवार को शांति रही।

अधिकारियों ने लोगों से अपनी सामान्य गतिविधियां बहाल करने और शांति बनाये रखने को कहा है।

सुबह करीब साढ़े आठ बजे, अमृतसर में जिला प्रशासन ने लोगों से अपनी सामान्य दिनचर्या फिर से शुरू करने को कहा। जालंधर जिला प्रशासन ने भी कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है और लोग अपना कामकाज सामान्य रूप से फिर से शुरू कर सकते हैं।

जालंधर के उपायुक्त (डीसी) हिमांशु अग्रवाल ने कहा, ''जालंधर में सब ठीक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चिंता की कोई बात नहीं है और कामकाम सामान्य रूप से फिर से शुरू किया जा सकता है। सुरक्षा



बल लगातार नजर रखे हुए हैं।''

जिला प्रशासन ने हालांकि लोगों से पटाखे नहीं चलाने और ड्रोन न उड़ाने का अनुरोध किया है। अग्रवाल ने कहा, ''अगर इलाके में किसी भी तरह के खतरे की कोई सूचना मिलती है तो हम आपको समय पर सूचित करेंगे और तत्काल कदम उठाएंगे।''

अमृतसर में उपायुक्त साक्षी साहनी ने पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर के साथ शहर और बाजारों का चक्कर लगाया। उपायुक्त ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अमृतसर के बहादुर और दृढ़निश्चयी लोगों का धन्यवाद। हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि आप में से प्रत्येक ने किस तरह बहादुरी, धैर्य और एक-दूसरे तथा प्रशासन पर भरोसे के साथ स्थिति का सामना किया। आपको एक सुखद दिन की शुभकामनाएं- अपने रविवार का आनंद लें।''

कई स्थानीय लोगों ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल में बढ़े तनाव के दौरान, पर्यटकों से भरे रहने वाले अमृतसर में सैलानियों की संख्या में गिरावट देखी गई है।

इस बीच, पाकिस्तान के साथ 553 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करने वाले पंजाब में लोगों को सामान्य कामकाज करते देखा गया।

खासकर अमृतसर, पठानकोट और फिरोजपुर जैसे सीमावर्ती जिलों में सुबह की सैर कर रहे लोगों ने देश के सशस्त्र बलों को धन्यवाद दिया।

अमृतसर निवासी अमरजीत सिंह ने कहा, ''यह हमारी सेनाओं की वजह से है कि आप हमें आज बिना किसी डर के यहां देख रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में हमने देखा कि पाकिस्तान ने पंजाब और कुछ अन्य राज्यों के कई हिस्सों को निशाना बनाकर कैसे ड्रोन हमले किए।''

उन्होंने कहा, ''लेकिन हमारी बहादुर सेना ढाल बन गयी और उसने उनके दुस्साहस को विफल कर दिया। उन्होंने आतंकवाद के अपराधियों को कड़ा जवाब दिया और 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत आतंकवादी शिविरों को नष्ट कर दिया। अब जब एक सहमति बन गई है तो हम उम्मीद करते हैं कि शांति बनी रहेगी लेकिन अगर पाकिस्तान फिर से कोई दुस्साहस करता है तो उसे कड़ा जवाब दिया जाएगा।''

अमृतसर के एक अन्य निवासी पवन कुमार ने कहा कि तनाव के दिनों के बाद हालात सामान्य हो गए हैं। उन्होंने कहा, ''पिछले कुछ दिनों में तनावपूर्ण स्थिति के कारण अमृतसर में पर्यटकों की संख्या में गिरावट देखी गई। अब, उम्मीद है कि शांति बनी रहेगी।'' पठानकोट की रहने वाली सिमरन ने कहा, ''हालांकि पिछले कुछ दिनों से लोग चिंतित थे लेकिन हमें भरोसा था कि किसी भी पाकिस्तानी दुस्साहस से हमारी रक्षा के लिए हमारे सशस्त्र बल मौजूद हैं।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन, दोनों देशों के बीच (सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए) बनी सहमति राहत की बात है।'' अपने मित्रों के साथ सुबह की सैर कर रहे फिरोजपुर के एक बुजुर्ग निवासी ने कहा, ''कुछ दिनों तक घर के अंदर रहने के बाद हमने अपनी सुबह की दिनचर्या फिर से शुरू कर दी है।

# रामाकृष्णापुरम में बाबा साहब की जयंती के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम और नाटक का मंचन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



दिल्ली। एसआरएस (शिक्षा रोजगार संगठन) अभियान एक लक्ष्य (पंजी) संस्था द्वारा दशहरा ग्राउंड, वेस्ट ब्लॉक सेक्टर 1 ,तमिल संगम के सामने , रामाकृष्णन पुरम दिल्ली में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह का आयोजन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया । इस आयोजन में बाबा साहब के जीवन पर आधारित एक रंगमंचीय नाटक का मंचन भी किया गया । इस भव्य और विराट आयोजन में पूरी दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्र से आए लोग बहुत बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

इस कार्यक्रम में रामाकृष्णापुरम के क्षेत्रीय विधायक श्री अनिल शर्मा जी ने बाबा साहब के जीवन पर विचार रखते हुए कहा कि बाबा साहब ने संविधान लिखकर देश के लिए जो काम किया उन्हें देश सदैव याद करता रहेगा। देश और सरकार सभी संविधान से चलते हैं । बाबा साहब सभी समाज के हैं । सभी के लिए आदरणीय हैं । उन्होंने भारत की उन्नति और प्रगति में बहुत बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । अनिल जी ने कमेटी के सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे क्षेत्र में बाबा साहब की जयंती पर इस तरह का आयोजन होने से मैं अपने आप को बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। पूर्व में विधायक जी के प्रयास से मोती बाग गांव में बाबा साहब की सुंदर प्रतिमा स्थापित की गई थी । रामाकृष्णापुरम के वरिष्ठ भाजपा नेता श्री राधेश्याम शर्मा ने बाबा साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि बाबा साहब अंबेडकर जी के उत्कृष्ट कार्यों बारे में इतना कहा जा चुका है कि उसका वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता । 70-80 साल पहले राजधानी दिल्ली में भी भेदभाव , ऊंच- नीच, छुआछूत ,जातिवाद जैसी कुरीतियां विद्यमान थी । लेकिन बाबा साहब जैसे युग पुरुष ने भारत को इन सभी सामाजिक बुराइयों से मुक्त कराया।

बाबा साहब विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। एक गरीब परिवार से निकलकर देश- विदेश में शिक्षा ग्रहण करके भारत देश को संविधान जैसा पवित्र ग्रंथ प्रदान किया। शर्मा जी ने नाटक की प्रशंसा करते हुए नाटक के सभी कलाकारों को शुभकामनाएं और आशीर्वचन प्रेषित किए । समिति की उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

इस आयोजन में दिल्ली विश्वविद्यालय पीजीडीएवी कॉलेज के प्रोफेसर मनोज कुमार कैन ने बताया की बाबा साहब दुनिया के सबसे पढ़े लिखे व्यक्ति थे। प्रो. कैन ने कहा कि बाबा साहब ही एक ऐसे युग पुरुष है जिनकी जयंती पर पूरे विश्व में सबसे ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ।

हम सभी भारतवासियों को तो एक बार बाबा साहब के जीवन और उनके कार्यों को अवश्य देखना और पढ़ना चाहिए । बाबा साहब का आदर्श जीवन और उच्च विचार सदैव भारत के लोगों के लिए प्रेरणादायक रहेंगे । कैन ने नाटक की प्रशंसा करते हुए कहा कि लगभग एक घंटे के इस नाटक में बाबा साहब के जीवन के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को बड़े अच्छे ढंग से संजोया गया है। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री रविन्दर जलोटा जी ने बताया कि यह आयोजन बाबा साहब की जयंती के अवसर पर हर साल आयोजित किया जाता है । इस आयोजन में निरंतर बहुत बड़ी संख्या में प्रोफेसर, वकील ,डॉक्टर, समाजसेवक अध्यापक और आम जनता तन मन धन देकर राष्ट्र निर्माता बाबा साहब के पवित्र कार्य में सहयोग कर रहें हैं। कार्यक्रम का सुंदर संचालन श्री महीलाल कैन और श्री रविकांत गौतम जी ने किया। समारोह में लालता प्रसाद, सोहनबीर कैन , एच के मानक , देशराज, सनी जुड़ी , मुकेश दिलेर , धर्मपाल बागड़ी , जगदीप गौतम, जसवंत सिंह जनमेजय , राजपाल कैन , संत कुमार , डॉ बीजेंदर , मुकेश कुमार, सन्नी एच आर,रिषि कुमार, इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## चार माह के निशुल्क ब्यूटी पार्लर कोर्स करने वाली महिलाओं व बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

आदर्श औद्योगिक स्वायत्तता सहकारिता (आदर्श संस्था) डोईवाला के द्वारा उत्तराखंड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम के सहयोग से चार माह के निशुल्क ब्यूटी पार्लर कोर्स करने वाली महिलाओं व बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डोईवाला ब्लॉक सभागार में संस्था की अध्यक्ष श्रीमती आशा कोठारी की अध्यक्षता व सचिव हरीश कोठारी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी डोईवाला सोनम गुप्ता ने कहा कि महिलाओं, बालिकाओं व युवाओं को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उठाना चाहिए। उन्होने कहा कि अच्छा कार्य करने वाली संस्थाएं समाज में प्रेरणा पंच की तरह है।

इस मौके पर युवा कल्याण विभाग के रामकिशोर व नीरज को अच्छे कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया। वही प्रशिक्षण लेने वाली 20 महिलाओं व बालिकाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर सहायक खंड विकास






अधिकारी श्रीमती उर्मिला बिष्ट, जीत सिंह कुंवर, आशीष बहुगुणा, ब्लॉक मिशन प्रबंधक डोईवाला सूरज चमोली, देवयंती थपलियाल, संजय शर्मा, बलवीर सिंह बिंदा, सरजन सिंह आदि भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### राउत ने भारत-पाक के बीच 'सहमति' के समय पर सवाल उठाए, सर्वदलीय बैठक की मांग की



मुंबई (भाषा) शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने रविवार को सरकार पर ऐसे समय में पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताने के लिए निशाना साधा जब पड़ोसी देश को सबक सिखाने का मौका था। उन्होंने इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की। राउत ने पत्रकारों से बातचीत में सरकार पर दोनों देशों के बीच सभी सैन्य कार्रवाइयों को रोकने के समझौते को स्वीकार करके सशस्त्र बलों का मनोबल गिराने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर किया गया है। राउत ने पूछा, ''डोनाल्ड ट्रंप का इससे क्या लेना-देना है?'' राउत ने आरोप लगाया कि दोनों देशों के बीच सहमति ऐसे समय में बनी जब दिल्ली की ओर बढ़ रही पाकिस्तानी मिसाइल को हरियाणा में मार गिराया गया। उन्होंने कहा कि गुजरात को भी निशाना बनाया जा सकता था। शिवसेना (उबाठा) नेता ने दावा किया कि गुजरात में कुछ उद्योगपतियों को बचाने के लिए यह ''विश्वासघात'' किया गया।

राउत ने कहा, ''ट्रंप किस अधिकार के तहत मध्यस्थता कर रहे थे, जबकि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। भारत 140 करोड़ की आबादी वाला एक संप्रभु देश है। ट्रंप निर्देश देते हैं और हम किन शर्तों के तहत संघर्ष विराम पर सहमत होते हैं? भारत को क्या मिला?'' उन्होंने कहा कि इससे भारत की छवि खराब हुई है।

राउत ने कहा, ''इस बात पर विचार-विमर्श के लिए सर्वदलीय बैठक होनी चाहिए कि किन शर्तों के तहत संघर्ष विराम पर सहमति बनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बैठक में मौजूद रहना चाहिए।''

राउत ने सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताने के पीछे की वजह पूछते हुए कहा कि पाकिस्तान को स्थायी सबक सिखाने का यह एक मौका था।

राउत ने आरोप लगाया, ''देश में राजनीतिक नेतृत्व अचानक लड़खड़ाने लगा और सशस्त्र बलों का मनोबल गिरा दिया। इस स्तर पर पीछे हटने की कोई आवश्यकता नहीं थी।

### भारत को तुर्किये से सेब के आयात पर प्रतिबंध लगाना चाहिएः हिमाचल कांग्रेस नेता

शिमला (भाषा) अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर ने रविवार को यहां एक बयान में कहा कि भारत को तुर्किये से सेब और अन्य सामान के आयात पर तुरंत प्रतिबंध लगा देना चाहिए और लोगों को पर्यटन के लिए वहां नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा, "जब 2023 में तुर्किये में विनाशकारी भूकंप आया था, तो भारत ने 'ऑपरेशन दोस्त' शुरू किया और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरए) कर्मियों को वहां भेजने समेत हरसंभव सहायता प्रदान की।'' उन्होंने एक वीडियो बयान में कहा, "हालांकि, इसके लिए आभारी होने के बजाय तुर्किये ने भारत की पीठ में छुरा घोंपा क्योंकि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ तुर्किये में निर्मित ड्रोन का इस्तेमाल किया। राष्ट्र पहले है और इसलिए मैं मांग करता हूं कि भारत को तुर्किये से सेब और अन्य सामान के आयात पर तुरंत प्रतिबंध लगाना चाहिए।" हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एचपीसीसी) के पूर्व अध्यक्ष राठौर ने कहा कि लोगों को पर्यटक के रूप में तुर्किये जाना भी बंद कर देना चाहिए।

## गोरखपुर और बेंगलुरु के बीच चलायी जाएगी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन : पूर्वोत्तर रेलवे

गोरखपुर (भाषा) पूर्वोत्तर रेलवे ने गर्मियों में यात्रियों की सुविधा के लिये गोरखपुर और बेंगलुरु के बीच एक विशेष ट्रेन संचालित करने का ऐलान किया है।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि गर्मियों के दौरान रेल यातायात में वृद्धि के मद्देनजर पूर्वोत्तर रेलवे ने रविवार को गोरखपुर और बेंगलुरु के सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल के बीच एक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। गर्मी की छुट्टियों के दौरान बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए यह ट्रेन दोनों तरफ से तीन चक्कर लगाएगी।

उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या-06529 बेंगलुरु से 12, 19 और 26 मई को शाम सात बजे रवाना होगी और चौथे दिन सुबह छह बजकर 40 मिनट पर गोरखपुर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या- 06530 16, 23 और 30 मई




को गोरखपुर से रवाना होगी। सिंह ने बताया कि ट्रेन में प्रथम श्रेणी का एक वातानुकूलित कोच, द्वितीय श्रेणी के दो वातानुकूलित कोच, तृतीय श्रेणी के चार वातानुकूलित कोच, सात स्लीपर क्लास कोच और चार सामान्य सेकंड क्लास कोच होंगे। यह ट्रेन कदुरू, दावणगेरे, घाटप्रभा, पुणे, रानी कमलापति, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), प्रयागराज और वाराणसी जंक्शन से होकर गुजरेगी। अधिकारियों ने कहा कि इस अस्थायी सेवा से अधिक यात्रियों वाले सीजन के दौरान पूर्वांचल और बेंगलुरु के बीच सफर करने वाले यात्रियों को बहुत सुविधा मिलने की उम्मीद है।

## उत्तर प्रदेश में पिछली सरकारों के शासनकाल में माफिया चलाते थे समानांतर सत्ता : योगी

गोरखपुर (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विकास और सुरक्षा के मुद्दे पर राज्य की पूर्ववर्ती सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि साल 2017 के पहले सरकार के समानांतर राज करने वाले माफिया और भ्रष्टाचारी शासन की योजनाओं को हड़प लेते थे।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में योगगुरु 'श्री परमहंस योगानंद जन्मस्थली स्मृति भवन' के निर्माण कार्य के भूमि पूजन और शिलान्यास करने के बाद वहां मौजूद जनसमूह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के माहौल में ही विकास और समृद्धि संभव है, सुरक्षा से ही विकास की सार्थकता सिद्ध होती है और सुरक्षा के बगैर समृद्धि नहीं आ सकती। मुख्यमंत्री ने विकास और



सुरक्षा के मुद्दे पर प्रदेश की पिछली सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वर्ष 2017 के पहले (उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से पहले) माफिया और भ्रष्टाचारी तत्व सरकार के समानांतर काम करते थे, वे शासन की योजनाओं को हड़प लेते थे। योगी ने कहा, ₹तब किसी गरीब या व्यापारी की जमीन कब्जा कर लेना माफिया के लिए सामान्य बात थी लेकिन आज कोई कब्जा नहीं कर सकता। जबरन कब्जा करने पर लेने के देने पड़ जाएंगे। आज किसी ने बेटियों और व्यापारियों को छेड़ने की कोशिश की तो उसके लिए यमराज के घर का रास्ता खुल जाएगा।₹

उन्होंने दावा किया कि साल 2017 के बाद सुरक्षा का जो 'शानदार माहौल' बना है, उसी का परिणाम है कि प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है और हर जिला विकास, विरासत के संरक्षण तथा युवाओं के रोजगार की दिशा में नयी उपलब्धियां हासिल कर रहा है।

योगी ने पाकिस्तान को 'आतंकवादी राष्ट्र' बताते हुए कहा कि हाल के दिनों में पाकिस्तान के जहाज को जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने निशाना बनाया, वह अब लखनऊ में बनेगी। यही नहीं, उत्तर प्रदेश में बनने वाली तोप दुश्मन को कंपाएगी। यह प्रदेश में सुरक्षा के माहौल से ही संभव हो पा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा, राष्ट्र की लड़ाई, हम सबकी लड़ाई होनी चाहिए। ऐसा होने पर ही आध्यात्मिक विरासत और विकास सुरक्षित रह पाएंगे।

## जल विवाद को लेकर अगर कुछ अप्रिय हुआ तो भाजपा, बीबीएमबी जिम्मेदार होंगे: मुख्यमंत्री मान

चंडीगढ़ (भाषा) पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर नांगल बांध पर अधिकारियों को भेजा जाना जारी रहा तो हिंसा या कुछ अप्रिय घटना होने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) जिम्मेदार होंगे।

उन्होंने इस मुद्दे को लेकर किसान संघों की चुप्पी पर भी सवाल उठाया। मान को जब पता चला कि बोर्ड के अधिकारी हरियाणा के लिए पानी छोड़ने को लेकर फिर से बांध पर पहुंचे हैं तो वह रूपनगर जिले में नांगल बांध की ओर चल पड़े।

पंजाब सरकार में मंत्री हरजोत सिंह बैंस के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी (आप) कार्यकर्ताओं और कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने पड़ोसी राज्य हरियाणा के लिए पानी छोड़ने आए अधिकारियों के इस



प्रयास के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

बोर्ड के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी को 'आप' कार्यकर्ताओं द्वारा नांगल बांध के गेस्ट हाउस में कथित तौर पर बंद करने के चार दिन बाद यह घटनाक्रम हुआ।

पंजाब और हरियाणा में पानी के बंटवारे को लेकर टकराव जारी है।

पंजाब में 'आप' के नेतृत्व वाली सरकार ने भाखड़ा बांध से पानी साझा करने से इनकार करते हुए कहा कि हरियाणा पहले ही अपने हिस्से का पानी इस्तेमाल कर चुका है।

मान ने राज्य की नदियों के जल संरक्षण पर किसान संघों की 'चुप्पी' पर भी निशाना साधा।

मान ने नांगल बांध पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक तरफ पंजाब अंतरराष्ट्रीय सीमा पर दुश्मनों का डटकर मुकाबला कर रहा है और दूसरी तरफ केंद्र की भाजपा सरकार 'गंदे खेल' खेल रही है और राज्य को उसके पानी से वंचित करने के लिए नौटंकी कर रही है।

उन्होंने कहा, "यह दुर्भाग्यपूर्ण है और संकट के समय में इससे बचना चाहिए।"

मान ने कहा कि पंजाब सरकार सीमा और राज्य के पानी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

मान ने पानी छोड़ने के प्रयासों की निंदा करते हुए भाजपा और बोर्ड को चेतावनी दी कि वे नांगल बांध पर बार-बार अधिकारियों को भेजकर कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश न करें।

मुख्यमंत्री ने कहा, "अगर कोई अप्रिय घटना होती है, जान-माल का नुकसान होता है या हिंसा होती है, तो इसके लिए बोर्ड और भाजपा जिम्मेदार होंगे।"

यह पूछे जाने पर कि क्या पंजाब सरकार उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी, जिसपर मान ने कहा कि जब जल बंटवारे के लिए ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया गया है, तो राज्य किस आदेश को चुनौती देगा।

## सैनिकों के सम्मान में ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

आज नोएडा महानगर में सैनिकों के सम्मान में किसान मोर्चा द्वारा भव्य ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का नेतृत्व नोएडा महानगर जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा ओमवीर अवाना ने किया। यात्रा की शुरुआत नोएडा महानगर जिलाध्यक्ष महेश चौहान ने हरी झंडी दिखाकर की। वह इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भी रहे। देशभक्ति के नारों से गूंजते इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में किसानों मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और तिरंगा लहराते हुए सैनिकों के सम्मान में एकजुटता दिखाई। यह यात्रा हमारे वीर जवानों के बलिदान और सेवा को सम्मान देने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और सैनिकों के प्रति आभार प्रदर्शन के साथ किया गया। यात्रा में अमित त्यागी, रवि यादव, मुक्तानंद शर्मा, घनश्याम यादव, पप्पू प्रधान, रामनिवास यादव, संदीप उपाध्याय, इंद्राज खटाना, उमेश भाटी, मांगेराम शर्मा, सुभाष चौहान, चौधरी मांगेराम, संजीव पटेल, देवेंद्र राजपूत, भूपेश चौधरी मनोज चौहान आदि उपस्थित रहे।

# अभी घर वापस न जाएं सीमावर्ती गांवों के निवासी, सुरक्षित स्थानों पर रहें: जम्मू-कश्मीर पुलिस

श्रीनगर/जम्मू, (भाषा) सीमापार से हो रही गोलाबारी के कारण अपने घर छोड़कर जाने वाले सीमावर्ती गांवों के निवासियों से रविवार को जम्मू-कश्मीर में अधिकारियों ने कहा कि वे फिलहाल अपने घर वापस न लौटें, क्योंकि अभी इन क्षेत्रों की गहन जांच की जानी है और उस गोला-बारूद को हटाना है, जो वहां पड़ा हो सकता है।

नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के निकट स्थित गांवों के दो लाख से अधिक निवासियों को सात मई को पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी शुरू होने के बाद सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया था।

कश्मीर घाटी में पुलिस की ओर से जारी एक परामर्श में कहा गया, ''सीमावर्ती गांवों में वापस न लौटें। पाकिस्तानी गोलाबारी के बाद वहां गोला-बारूद के बिखरे होने से जान जोखिम में पड़ सकती है।''

परामर्श में कहा गया है कि बम निरोधक दस्तों को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा जाएगा ताकि गांवों की गहनता से जांच की जा सके और उन सभी गोला-बारूद को हटाया जा सके, जिनसे जान का नुकसान हो सकता है।

इसमें कहा गया है, ''2023 में नियंत्रण रेखा के पास बचे हुए गोला-बारूद में विस्फोट होने से 41 लोगों की जान चली गई थी।''

जम्मू क्षेत्र में, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली से लैस पुलिस वाहन सबसे अधिक प्रभावित पुंछ जिले में चक्कर लगाते देखे गए और लोगों से घरों, परिसरों या खुले मैदानों में पड़ी किसी भी संदिग्ध वस्तु को न छूने का आग्रह किया।



पुलिस ने कहा, अपने घरों को लौट रहे लोगों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध वस्तु के बारे में तुरंत पुलिस या निकटतम सुरक्षा शिविर को सूचित करने की सलाह दी जाती है। संदिग्ध वस्तु जान के लिए खतरनाक हो सकती है। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत होने के बाद बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर हमला किया था। तब से लेकर अब तक भारत में 25 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें सबसे अधिक 18 लोगों की मौत पुंछ में हुई है और 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं। चार दिन तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद शनिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलाबारी व सैन्य कार्रवाइयों को तत्काल प्रभाव से रोकने पर सहमति बनी थी। हालांकि, कुछ घंटों बाद नयी दिल्ली ने इस्लामाबाद पर इस समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया।

देर रात संवाददाता सम्मेलन में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने पाकिस्तान से इस उल्लंघन को लेकर उचित कदम उठाने तथा स्थिति से ''गंभीरता व जिम्मेदारीपूर्वक'' निपटने का आह्वान किया था।

पुंछ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शफकत हुसैन ने भी मेंढर उप-मंडल के मनकोट गांव का दौरा किया और लोगों से सतर्क रहने तथा किसी भी तरह के बिना फटे गोले या संदिग्ध वस्तु मिलने की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस या सुरक्षा शिविर को देने का आग्रह किया।

सीमावर्ती गांव में वापस लौटे स्थानीय निवासियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, ₹समय पर सूचना देने से जानमाल का नुकसान रोकने में मदद मिल सकती है और बम निरोधक दस्ते त्वरित कार्रवाई कर सकते हैं।₹

एसएसपी ने लोगों को सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करती रहेगी। हुसैन ने गांव में सीमा पार से हुई गोलाबारी के कारण जान गंवाने वाली बलविंदर कौर के परिवार से भी मुलाकात की और संवेदना व्यक्त की। एसएसपी ने शोक संतप्त परिवार को पुलिस विभाग और प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

# रेलवे ने दैनिक विश्राम को साप्ताहिक विश्राम में समाहित करके आदेशों का उल्लंघन किया है: लोको पायलट

नयी दिल्ली, (भाषा) लोको पायलटों और उनकी यूनियनों ने साप्ताहिक विश्राम के 30 घंटों में 16 घंटे के दैनिक आराम को समायोजित करने के रेल मंत्रालय के हालिया फैसले के खिलाफ कड़ा विरोध शुरू कर दिया है।

हालांकि, रेल मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि 'रनिंग रूम' और ट्रेन इंजन में एसी की उपलब्धता, लोको पायलटों के काम के घंटों की निरंतर निगरानी, रिक्त पदों को भरने के लिए त्वरित भर्ती अभियान समेत कर्मचारियों के हित में कई उपाय किए गए हैं।

कामकाज के घंटों और विश्राम से संबंधित उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी 2013) की स्वीकृत सिफारिशों के कार्यान्वयन और अनुपालन पर विचार-विमर्श करने के लिए रेल मंत्रालय की ओर से गठित एक समिति ने हाल ही में सिफारिश की है कि ''आवधिक साप्ताहिक आराम में मुख्यालय में मिलने वाला दैनिक विश्राम भी शामिल होना चाहिए।''

लोको पायलटों जैसे ट्रेन संचालन से जुड़े कर्मचारियों की विभिन्न यूनियनों ने आरोप लगाया कि इस सिफारिश ने एचपीसी की 2013 की 40 घंटे के न्यूनतम साप्ताहिक विश्राम की सिफारिश को अमान्य कर दिया है तथा यह कर्नाटक उच्च न्यायालय के निर्णय के साथ-साथ क्षेत्रीय श्रम आयुक्त के निर्देशों का भी उल्लंघन है।



उन्होंने कहा कि रेलवे सेवक (कार्य के घंटे और विश्राम की अवधि) नियम 2005 समेत सभी श्रम कानूनों में साप्ताहिक विश्राम अनिवार्य है।

'ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन' (एआईएलआरएसए) के महासचिव के सी. जेम्स ने कहा, ''सभी कर्मचारी, चाहे वे निजी या सरकारी प्रतिष्ठानों में कार्यरत हों, साप्ताहिक विश्राम के रूप में न्यूनतम 24 घंटे का आराम करते हैं। इस 24 घंटे के विश्राम के बाद दैनिक विश्राम होता है।''

उन्होंने कहा, ''जब कर्मचारी शनिवार को शाम पांच बजे ड्यूटी से छुट्टी लेते हैं, तो उन्हें सोमवार को सुबह नौ बजे ड्यूटी पर लौटना होता है। इस प्रकार, उन्हें सप्ताह में कम से कम 40 घंटे का आराम मिलता है, जिसमें 16 घंटे का दैनिक आराम और 24 घंटे का साप्ताहिक विश्राम शामिल है।''

एआईएलआरएसए के दक्षिण रेलवे के अध्यक्ष आर. कुमारेसन ने कहा, ''रेलवे कर्मचारी (कार्य के घंटे एवं विश्राम की अवधि) नियम, 2005 में उल्लेखित कामकाज के घंटे और आराम की अवधि के प्रावधान वाले वर्तमान नियमों के अनुसार, 16 घंटे का दैनिक आराम और 30 घंटे का आवधिक आराम निर्धारित किया गया है।''

उन्होंने कहा, ''जब अन्य सभी रेलवे कर्मचारियों को साप्ताहिक विश्राम के बाद दैनिक विश्राम की अनुमति दी जाती है, तो 'रनिंग स्टाफ' के मामले में 30 घंटे का साप्ताहिक विश्राम देते समय दैनिक विश्राम अवधि को क्यों समाप्त कर दिया जाता है और यह कहा जाता है कि 16 घंटे का दैनिक विश्राम 30 घंटे के साप्ताहिक विश्राम में समायोजित हो जाता है?''

उच्चाधिकार प्राप्त समिति की सिफारिशों के बाद, रेलवे बोर्ड ने घोषणा की कि रनिंग स्टाफ के मामले में मुख्यालय के 16 घंटों के विश्राम को 30 घंटों के साप्ताहिक/आवधिक विश्राम में शामिल कर दिया गया है, तथा उन्हें निर्देश दिया गया कि वे 30 घंटे के साप्ताहिक/आवधिक विश्राम की अवधि पूरी होने पर ड्यूटी पर लौट आएं।

## दिल्ली में दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार, एक करोड़ रुपये का मारिजुआना जब्त

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक करोड़ रुपये कीमत का 365 किलोग्राम मारिजुआना बरामद किया है। अधिकारियों ने रविवार को इसकी जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि ओडिशा से दिल्ली आए एक ट्रक से पुलिस ने यह मादक पदार्थ बरामद किया। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित मादक पदार्थ ट्रक में छुपा कर रखा गया था।

पुलिस ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों की पहचान दीपक (36) और सुनील मलिक उर्फ काला (25) के तौर पर की गयी है और दोनों हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों को शुक्रवार को रोहिणी में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि मामले में आगे की जांच की जा रही है।

# जिन लोगों ने संविधान को खारिज किया, उनके वंशज आज उसका बचाव कर रहे हैं: थरूर

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को कहा कि यह बेहद खुशी की बात है कि जिन लोगों ने संविधान को खारिज किया था, उनके वंशज आज इसका उत्सव मना रहे हैं और इसका बचाव कर रहे हैं।

थरूर ने शनिवार को अपनी पुस्तक 'अवर लिविंग कॉन्स्टीट्यूशन' के विमोचन के अवसर पर कहा कि समाज और संविधान दोनों विकसित हो रहे हैं तथा इस प्रक्रिया में हम धीरे-धीरे भारत के सामाजिक ताने-बाने में 'संवैधानिक मूल्यों और संवैधानिक नैतिकता का समावेश' देख रहे हैं।

उन्होंने कहा, ''आज हिंदुत्व आंदोलन से जुड़े लोग संविधान के सबसे कट्टर समर्थकों और उसके रक्षकों में शामिल हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि यह एकमात्र पवित्र पुस्तक है। और आप ऐसी स्थिति देख रहे हैं जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी संविधान के प्रति समर्थन और निष्ठा की शपथ ली है और इसकी सुरक्षा की बात की है।''

उन्होंने कहा कि संघ के पुराने नेताओं ने संविधान की 'जड़ से लेकर शाखा' तक को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह गलत भाषा में लिखा गया है और इसमें पश्चिमी विचार समाहित हैं।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने संविधान को लेकर संघ नेताओं के बदले हुए रुख के बारे में कहा, '' ...आज उनके बौद्धिक वैचारिक वंशज ही संविधान की शपथ ले रहे हैं और उसका बचाव कर रहे हैं। उनके विचार भी समय के साथ बदले हैं, समाज भी विकसित हो रहा है। फैसले बदल गए हैं, 106 संशोधनों के साथ हमारी व्याख्याएं बदल गई हैं और यही वास्तव में संविधान की ताकत है।''



उन्होंने कहा, ''और मैं यह तर्क दूंगा कि इस प्रक्रिया में आप धीरे-धीरे भारत के सामाजिक ताने-बाने में संवैधानिक मूल्यों और संवैधानिक नैतिकता का समावेश देख रहे हैं।''

तिरुवनंतपुरम के सांसद ने तर्क दिया कि हालांकि बहुत सी चीजें ''गलत'' हो गई हैं और कई चीजें ''बदतर'' हो सकती हैं, लेकिन एक चीज जो सही हो रही है उनमें से एक यह है कि ''संविधान के मूल्य, नैतिकता और आकांक्षाएं आम भारतीयों की चेतना में किस हद तक समा गई हैं''।


थरूर ने अपनी पुस्तक में संविधान के विभिन्न भागों का वर्णन किया है, जो इसकी प्रस्तावना से शुरू होता है और फिर इसकी ऐतिहासिक जड़ों की व्याख्या करता है।

# दिल्ली के आर के पुरम से मुठभेड़ के बाद दो वांछित अपराधी पकड़े गए

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने आरके पुरम इलाके में एक मुठभेड़ के बाद दो वांछित अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान सुरेश उर्फ सुभाष और मनीष उर्फ मोगली के रूप में हुई है, जो राजधानी दिल्ली में 50 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ 8-9 मई की दरमियानी रात्रि को लगभग एक बजकर दस मिनट पर हुई, जब पुलिस के एक गश्ती दल ने सेक्टर-9 स्थित राव तुला राम मार्ग की सर्विस लेन पर खड़ी एक मोटरसाइकिल के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा।

अधिकारी ने बताया कि पूछताछ करने पर दोनों संदिग्धों ने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस दल ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें सुरेश के बाएं पैर में गोली लगी। उन्होंने बताया कि सुरेश और उसके सहयोगी मनीष को पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों दिल्ली के कई इलाकों में हत्या, हत्या के प्रयास, पुलिस पर गोलीबारी करने, लूट, झपटमारी और शस्त्र अधिनियम से जुड़े मामलों में वांछित थे पुलिस ने बताया कि सुरेश को वर्ष 2012 के एक मामले में 11 साल की सजा सुनाई गई थी, जबकि मनीष भारत नगर थाने में बदमाशों की सूची में दर्ज आदतन अपराधी है। पुलिस ने बताया कि दोनों नशे की लत के शिकार हैं और अपनी लत पूरी करने के लिए चोरी और लूटपाट करते थे।



पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) सुरेंद्र चौधरी के अनुसार, ''पुलिस ने आरोपियों के पास से दो पिस्तौल, चार कारतूस, तीन खोखे, चोरी की एक मोटरसाइकिल और फर्जी नंबर प्लेट बरामद की हैं।'' उन्होंने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने आरके पुरम सहित कई इलाकों में हाल की झपटमारी और चोरी की वारदातों में शामिल होने की बात कबूल की है। चौधरी ने बताया कि दोनों ने चार मई को विवेकानंद मार्ग से सोने की एक चेन झपटने की बात भी स्वीकार की है। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि दोनों की गिरफ्तारी से कम से कम सात हालिया मामलों को सुलझाने में मदद मिली है, जिनमें आरके पुरम, मुखर्जी नगर और अन्य इलाकों में दर्ज मामले शामिल हैं।

## बाहरी उत्तरी दिल्ली में टेंपो की टक्कर से व्यक्ति की मौत

नयी दिल्ली, (भाषा) बाहरी उत्तरी दिल्ली के आजादपुर मंडी इलाके के पास एक टेंपो की टक्कर से साइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार सुबह की है जब युवक अपने एक पड़ोसी के साथ काम पर जा रहा था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान दिलीप शाह (36) के रूप में की गई है।

अधिकारी ने बताया, ''हमें सुबह साढ़े पांच बजे (शनिवार को) दुर्घटना के बारे में पुलिस नियंत्रण कक्ष में सूचना मिली। पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची।''

दिलीप शाह के पड़ोसी ने पुलिस को बताया कि वे सुबह पांच बजे साइकिल पर आजादपुर मंडी जाने के लिए निकले थे और जैसे ही वे सुबह साढ़े पांच लिबासपुर बस स्टैंड से आगे बढ़े, एक टेंपो ने पीछे से साइकिल को टक्कर मार दी। पड़ोसी ने कहा, ''दिलीप सड़क पर गिर गया और उसकी छाती में गंभीर चोट आई।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मातृ दिवस पर माताओं और चिकित्सकों के योगदान की सराहना की

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर माताओं और चिकित्सकों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें जीवन के दो स्तंभ बताया।

मुख्यमंत्री गुप्ता ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''एक लड़ाई सीमा पर लड़ी जाती है, जिसका भार हमारे सैनिकों के कंधों पर होता है। लेकिन दूसरा युद्ध बुरी आदतों, अस्वस्थ परंपराओं और नकारात्मक सोच के रुप में समाज में व्याप्त है। हमें यह भी लड़ना है।' गुप्ता ने हर नागरिक को एक राष्ट्रीय पूंजी की तरह देखने की जरूरत को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ''अगर हमारे 140 करोड़ लोग अपने परिवार और देश के लिए ईमानदारी से काम करें, तो भारत निश्चित रूप से आगे बढ़ेगा।''




मुख्यमंत्री ने खासकर महिलाओं में मोटापे की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए स्वास्थ्य और संतुलित आहार को प्राथमिकता देने की जरूरत बतायी। उन्होंने कहा, ''मोटापे की समस्या खत्म होनी चाहिए। महिलाएं आमतौर पर सबका ख्याल रखती हैं, लेकिन कोविड-19 के दौरान मैंने महसूस किया कि हमें खुद का ख्याल सबसे पहले रखना चाहिए।''

गुप्ता ने कहा, ''भगवान के बाद अगर किसी पर हमारा सबसे अधिक विश्वास होता है, तो वो हमारी मां और हमारे चिकित्सक होते हैं। एक हमें जीवन देता है और दूसरा उसे बचाता है।''

उन्होंने महिलाओं को अपने स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए दिल्ली सरकार द्वारा शहर भर के पार्क में 'ओपन जिम' स्थापित किये जाने की पहल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ''अगर जरूरत पड़ी तो हम और भी 'ओपन जिम' लगवाएंगे। स्वस्थ भारत हमारा सपना है जिसकी नींव स्वस्थ परिवारों से शुरू होती है।''

# अमेरिकी कंपनी 'वास्ट' अंतरिक्ष स्टेशन योजना के लिये भारतीय रॉकेटों का इस्तेमाल करने को इच्छुक

नयी दिल्ली, (भाषा) अगले साल दुनिया का पहला वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की योजना बना रही अमेरिकी कंपनी 'वास्ट' ने चालक दल के सदस्यों को कक्षीय प्रयोगशाला में पहुंचाने के लिए भारतीय रॉकेटों का उपयोग करने में रुचि दिखाई है।

'वास्ट' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मैक्स होट ने यहां वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण सम्मेलन के अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नेतृत्व दल से मुलाकात की और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में संभावित सहयोग पर चर्चा की।

यह अंतरिक्ष-आवासन कंपनी एक अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की दौड़ में है जो मौजूदा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का अगला संस्करण होगा। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का कार्यकाल 2031 तक है।

कैलिफोर्निया स्थित यह कंपनी मई 2026 में 'स्पेसएक्स फाल्कन 9' रॉकेट पर एकल-मॉड्यूल अंतरिक्ष स्टेशन हेवन-1 लगाने की योजना बना रही है।



होट ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में बताया, ''फिलहाल, हम मई 2026 के लिए अपने लॉन्च की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।'' अगले साल जुलाई तक अंतरिक्ष यात्रियों को कक्षीय प्रयोगशाला में भेजने से पहले, वास्ट की इस अंतरिक्ष स्टेशन पर कई परीक्षण करने की योजना है।

हेवन-2 एक बहुत बड़ा अंतरिक्ष स्टेशन होगा। उसका पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च होने की उम्मीद है।

होट भारत की गगनयान परियोजना को लेकर उत्साहित हैं, जिसके तहत 2027 की शुरुआत तक मानव अंतरिक्षयान भेजने की योजना है।

## दिल्ली पुलिस ने गिरोह के वांछित सदस्य को गिरफ्तार किया

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने एक गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया है जो कई आपराधिक मामलों में वांछित था। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान रमेश नीनामा (25) के रूप में की गई है, जो हरिया गिरोह का एक प्रमुख सदस्य है।

पुलिस ने बताया कि रमेश नीनामा राजस्थान और दिल्ली में अनेक आपराधिक मामलों में शामिल रहा है, जिनमें वर्ष 2021 का शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज एक मामला भी शामिल है। पुलिस के अनुसार, शहर की एक अदालत ने दिसंबर 2024 में उसे भगोड़ा अपराधी घोषित किया था।

पुलिस ने बताया कि उसका साथी सुनील नीनामा भी बांसवाड़ा में वर्ष 2022 के एक चोरी के मामले में वांछित था। पुलिस ने कहा कि रमेश को जनवरी 2021 में द्वारका में एटीएम लूट की योजना बनाते समय गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ गिरफ्तार किया गया था।

# जनगणना में जातिगत गणना के लिए पुराने कानून में बदलाव की जरूरत नहीं: अधिकारी

नयी दिल्ली, (भाषा) जनगणना करने वालों को जनता से जाति का विवरण मांगने की अनुमति देने के लिए सत्तर साल से अधिक पुराने जनगणना अधिनियम में बदलाव की आवश्यकता नहीं होगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 1948 के इस कानून में अंतिम बार 1994 में संशोधन किया गया था। उन्होंने कहा कि यह कानून केंद्र सरकार को जनता से विवरण मांगने का अधिकार देता है, जैसा कि फॉर्म में उल्लेख किया जा सकता है।

वर्ष 1881 से 1931 के बीच देश में ब्रिटिश शासन के दौरान की गई जनगणना के दौरान सभी जातियों की गणना की गई थी। लेकिन 1951 में स्वतंत्र भारत की पहली जनगणना के समय तत्कालीन सरकार ने अनुसूचित जातियों और जनजातियों को छोड़कर अन्य जातियों की गणना न करने का निर्णय लिया।

एक दशक बाद 1961 में, केंद्र सरकार ने राज्यों से कहा कि यदि वे चाहें तो अपने स्वयं के सर्वेक्षण करें और ओबीसी की राज्य-विशिष्ट सूचियां तैयार करें।

अब छह दशक से अधिक समय बाद तथा विभिन्न पक्षों और विभिन्न दलों की मांगों के बाद सरकार ने पिछले महीने अगली राष्ट्रव्यापी जनगणना में जाति गणना को शामिल करने का निर्णय लिया।

कानून की धारा 8 का हवाला देते हुए अधिकारियों ने बताया कि जनगणना अधिकारी ''ऐसे सभी प्रश्न पूछ सकते हैं'' जिन्हें ''पूछने के लिए उन्हें निर्देश दिये गये हों''।

प्रत्येक व्यक्ति जिससे कोई प्रश्न पूछा जाता है, वह अपने बेहतर ज्ञान या विश्वास के अनुसार उस प्रश्न का उत्तर देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य होगा।

लेकिन कोई भी व्यक्ति अपने परिवार की किसी महिला सदस्य का नाम बताने के लिए बाध्य नहीं होगा और साथ ही कोई भी महिला अपने पति या मृत पति या किसी अन्य व्यक्ति का नाम बताने के लिए बाध्य नहीं होगी, जिसका नाम बताने से उसे प्रथाओं के तहत मना किया गया है।

## दिल्ली के एसजीटी नगर में दो ट्रकों के बीच दबकर व्यक्ति की मौत: पुलिस

नयी दिल्ली, (भाषा) बाहरी उत्तरी दिल्ली के एसजीटी नगर क्षेत्र में 46 वर्षीय एक व्यक्ति की दो ट्रकों के बीच कथित तौर पर दबने से मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि दीपक खलासी का काम करता था और जब एक कंटेनर ट्रक का चालक वाहन को पीछे कर रहा था तब उक्त कंटेनर ट्रक और एक खड़े ट्रक के बीच दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार अपराह्न करीब 2:30 बजे हुई जब दीपक अपने नियोक्ता फिरोज खान के ट्रक का दरवाजा खोल रहा था। फिरोज खान मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के पुपरौआ गांव का निवासी है। फिरोज ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपना ट्रक दो दिन पहले पार्किंग क्षेत्र में खड़ा किया था। पुलिस के एक अधिकारी ने शिकायत के हवाले से बताया, ''शनिवार को फिरोज ने देखा कि दीपक ट्रक का दरवाजा खोल रहा था तभी एक कंटेनर ट्रक तेजी से पीछे को ओर आने (रिवर्स) लगा।''

# अमिताभ बच्चन ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की जमकर प्रशंसा की

नयी दिल्ली, (भाषा) अभिनेता अमिताभ बच्चन ने पहलगाम आतंकवादी हमले की रविवार को निंदा की और इसके प्रतिशोध में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना की।

आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हमला किया था जिसमें 26 लोग मारे गए थे। बच्चन (82) ने पहलगाम में आम नागरिकों को निशाना बनाए पर रविवार को दुख व्यक्त किया। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सराहना की। इस ऑपरेशन के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया गया।

बच्चन ने 'एक्स' पर लिखा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की उस समय हत्या कर दी जब वे छुट्टियां मना रहे थे। उन्होंने कहा, ''इसलिए मोदी और सरकार ने पड़ोस में आतंकवादी आधार शिविरों पर जवाब देने का फैसला किया और एक सैन्य प्रक्रिया शुरू की.. जिसके परिणाम सर्वविदित हैं.. उनके नौ आतंकवादी शिविरों और संगठनों को सैन्य रूप से नष्ट कर दिया गया..।''



बच्चन ने अपने पिता एवं हिंदी के प्रसिद्ध कवि हरिवंश राय बच्चन की लोकप्रिय कविता 'अग्निपथ' की पंक्तियों का इस्तेमाल कर सशस्त्र बलों का हौसला बुलंद करते हुए लिखा, ''तू ना थमेगा कभी, तू न मुड़ेगा कभी, तू न झुकेगा कभी, कर शपथ , कर शपथ, कर शपथ! अग्निपथ! अग्निपथ ! अग्निपथ।' भारत और पाकिस्तान ने जमीन, वायु और समुद्र में सभी तरह की गोलाबारी और सैन्य कार्रवाइयों को तत्काल प्रभाव से रोकने के लिए शनिवार को सहमति जताई।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
70 80 333338
facebook fb/groups/nationalexpressindia

# प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रामीण दिल्ली में कैंसर जागरूकता पहल की सराहना की

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में 'पालम 360 खाप' के पूर्व प्रमुख चौधरी रामकरण सोलंकी को उनकी चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी स्मृति में शुरू किए गए ''कैंसर मुक्त दिल्ली ग्रामीण'' अभियान की सराहना की।

उनके बेटे और खाप के वर्तमान प्रमुख चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी द्वारा अमेरिक्स कैंसर अस्पताल के सहयोग से चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में मुफ्त जांच उपलब्ध कराना है।

मोदी द्वारा नौ मई को लिखे गए पत्र में कहा गया है, ''मैं आदरणीय चौधरी रामकरण सोलंकी जी की चौथी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इस मौके पर मुझे चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी जी द्वारा उनकी स्मृति में द्वारका, दिल्ली में आयोजित कैंसर मुक्त दिल्ली ग्रामीण कार्यक्रम के बारे में जानकर खुशी हुई। चौधरी रामकरण सोलंकी जी द्वारा समाज के लिए किए गए कार्य तथा उनके आदर्शों एवं मूल्यों को आगे बढ़ाने का यह प्रयास सराहनीय है।''




प्रधानमंत्री ने किसानों, मजदूरों और हाशिए पर पड़े समुदायों के कल्याण के लिए सोलंकी की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की और आयुष्मान भारत तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर जैसी राष्ट्रीय स्वास्थ्य पहल के साथ अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला।

मोदी ने पत्र में लिखा है, ''ग्रामीण मुद्दों और सामाजिक सेवा से संबंधित उनके कार्य हमेशा याद रखे जाएंगे।''

इस अभियान को गृह मंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा और दक्षिण दिल्ली के भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी समेत कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियों का समर्थन प्राप्त हुआ है।

'पालम 360 खाप' के वर्तमान प्रमुख चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी ने कहा, ''यह न केवल मेरे पिता की विरासत के प्रति श्रद्धांजलि है, बल्कि ग्रामीण समुदायों को उस सम्मान और पहुंच के साथ सेवा प्रदान करने की प्रतिबद्धता है जिसके वे हकदार हैं। दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में कैंसर का देर से पता लगने और कैंसर के इलाज की कमी के कारण किसी को भी अपने प्रियजन को नहीं खोना चाहिए।''



# मदर्स डे स्पेशल: खुद को अपनी माँ की तपस्या की चमक मानते हैं एसएसपी अनुराग आर्य

## छपरौली के साधारण परिवार से निकलकर पूनम आर्य ने बेटे को बनाया आईपीएस

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। हर बड़ी सफलता के पीछे एक ऐसी ताकत होती है जो हर तूफान में ढाल बनकर खड़ी रहती है और एसएसपी अनुराग आर्य के लिए वह ताकत उनकी मां डॉ. पूनम आर्य हैं। बरेली जिले में कानून व्यवस्था की कमान संभाल रहे आईपीएस अनुराग आर्य सिर्फ एक अफसर नहीं हैं, बल्कि वे उस संघर्ष की जीवंत मिसाल हैं जो उनकी मां ने एक किसान परिवार की पृष्ठभूमि से लड़ते हुए गढ़ी। अनुराग आर्य की कामयाबी को उनके खुद के शब्दों में समझें तो ह्लमेरे जीवन की हर उपलब्धि मेरी मां की तपस्या और संस्कारों की देन है।ह्व यह कहना कोई औपचारिक कथन नहीं, बल्कि उन संघर्षों की सच्ची गवाही है, जिन्हें पूनम आर्य ने अपने बेटे के लिए झेला और सहा। बागपत जिले के छपरौली कस्बे में जन्मे अनुराग का बचपन आम बच्चों से अलग नहीं था, लेकिन जिस ननिहाल की गोद में वह पले-बढ़े, वहां एक खास बात थी मां का संघर्ष। 1990 से 1992 तक पूनम आर्य सीएचसी में डॉक्टर के पद पर तैनात रहीं। फिर सरकारी नौकरी को छोड़कर निजी क्लीनिक खोलने का साहस दिखाया। उस समय यह फैसला आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने बिना पीछे देखे हिम्मत से रास्ता बनाया। यही जज्बा उन्होंने अपने बेटे को भी दिया। डॉ. पूनम आर्य सिर्फ एक डॉक्टर नहीं, बल्कि बेटे की पहली शिक्षिका, पहली कोच और पहली प्रेरक बनीं।

अनुराग बताते हैं कि मां ने शुरू से यही सिखाया कि ह्लअगर सपने बड़े हों, तो मेहनत भी उतनी ही बड़ी होनी चाहिए। और असफलता सिर्फ सीखने का एक जरिया है, न कि अंत।ह्वयह दर्शन अनुराग की जीवन यात्रा में हर कदम पर नजर आता है। उन्होंने पहले देहरादून स्थित मिलिट्री कॉलेज से शिक्षा ली, फिर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और हिंदू कॉलेज दिल्ली से आगे की पढ़ाई की। 2012 में वह कानपुर की एक बैंक में मैनेजर बने, लेकिन मां का सपना कहीं न कहीं अभी बाकी था।

उसी वर्ष यानी 2012 में अनुराग ने सिविल सेवा की परीक्षा दी और पहली ही बार में चयनित हो गए। यह सिर्फ प्रतिभा की नहीं, बल्कि पारिवारिक मूल्यों, संघर्ष और मां की तपस्या की जीत थी। अनुराग खुद मानते हैं कि उनकी सफलता की बुनियाद उस क्लीनिक की छोटी-सी टेबल से शुरू हुई थी, जहां मां दिन-रात मरीजों को देखती थीं, और साथ ही बेटे के सपनों को भी संवारती थीं। अनुराग आर्य बरेली जैसे बड़े जिले में बतौर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यरत हैं।

उनकी पहचान एक सख्त प्रशासक, संवेदनशील अधिकारी और अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने वाले अफसर की है। लेकिन उनके अंदर जो अनुशासन, संवेदना और जनता के लिए समर्पण है वह सब मां की परवरिश का ही नतीजा है।डॉ. पूनम आर्य की अपनी जिंदगी भी किसी प्रेरणा से कम नहीं। उन्होंने अकेले दम पर डॉक्टर बनकर समाज की सेवा की, नौकरी छोड़ी तो अपनी शर्तों पर, और बेटे को एक आदर्श नागरिक बनाकर समाज को एक सशक्त पुलिस अधिकारी दिया। उनका क्लीनिक आज भी चल रहा है और वहां जाने वाले मरीज आज भी उन्हें एक मसीहा की तरह देखते हैं।

# शादीशुदा युवक ने दोस्त की बहन को फसाया अश्लील वीडियो बनाकर लगातार शारीरिक शोषण

नेशनल एएक्सप्रेस




बरेली/आंवला। प्यार, धोखा और ब्लैकमेलिंग का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें एक युवती ने शादीशुदा युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, धमकी और ब्लैकमेलिंग का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्या है पूरा मामला आपको बताते चलें आंवला कस्बे की रहने वाली एक युवती ने पुलिस को बताया कि वह यारा फर्टिलाइजर, बबराला (जनपद सम्भल) में कार्यरत है। युवती के अनुसार, उसके भाई का एक दोस्त, विकास राजपूत (निवासी ग्राम गुलिया उपराला, थाना सिरौली, जनपद बरेली) अक्सर उसके घर आता-जाता था। इसी दौरान आरोपी ने युवती से नजदीकियां बढ़ाईं और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए।

युवती के परिवार ने जब रिश्ते की बात आगे बढ़ाई, तो खुलासा हुआ कि आरोपी पहले से शादीशुदा है। जब युवती ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने न केवल उसे धमकाया, बल्कि उसके पास मौजूद अश्लील फोटो और वीडियो को वायरल करने की धमकी भी दी।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि विकास राजपूत ने उसे और उसके परिजनों को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर युवती ने थाना आंवला में शिकायत दर्ज कराई और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही साक्ष्यों के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एक और युवक पत्नी से प्रताड़ित होकर फांसी के फंदे पर झूला

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर दी जान, दो दिन बाद शव मिलने से इलाके में सनसनी

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। बारादरी थाना क्षेत्र के जोगी नवादा चौकी अंतर्गत मोहल्ला शेर अली गोटिया में रविवार सुबह सनसनी फैल गई जब एक घर में 32 वर्षीय युवक इमरान पुत्र मोहम्मद इलियास का सड़ा-गला शव फांसी पर लटका मिला। बताया जा रहा है कि युवक ने दो दिन पहले आत्महत्या कर ली थी, क्योंकि शव पूरी तरह फूल चुका था और उसमें सड़न शुरू हो गई थी।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि इमरान की शादी करीब पांच साल पहले खैरपुर, पुरनपुर (पीलीभीत) निवासी गुलअफशा बेगम से हुई थी। दोनों का तीन वर्षीय बेटा हमदान भी है। पिछले एक माह से घरेलू विवाद के चलते गुलअफशा मायके में रह रही थी।

परिजनों के मुताबिक, इमरान शराब पीने का आदी था, जिससे पति-पत्नी में अक्सर झगड़े होते थे। विवाद बढ़ने पर पत्नी घर छोड़कर चली गई थी। परिवार के अन्य सदस्य मकान के निचले हिस्से में रहते थे, जबकि इमरान ऊपर के कमरे में अकेला रहता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी।

# शादी के मंडप में पहली पत्नी को देख दूल्हा नई वाली पत्नी को लेकर फरार

नेशनल एक्सप्रेस




बरेली। एक युवक पहली पत्नी को बगैर तलाक दिए दूसरी शादी कर रहा था फिर क्या था युवक की पत्नी पुलिस को लेकर उस समय उसके घर पहुंच गई, जब उसका पति दूसरी युवती के साथ शादी कर रहा था. पुलिस को देखते ही पति अपनी नई नवेली दुल्हन को लेकर फरार हो गया. मौके पर मौजूद रिश्तेदार भी भागने की कोशिश करने लगे. मगर पुलिस ने दूल्हे के पिता को पकड़ लिया और उन्हें हिरासत में ले लिया। पीड़ित महिला देहरादून की रहने वाली है. उसने बरेली आकर एसपी से मुलाकात की थी. उसने बताया था कि उसकी शादी साल 2018 में शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव लहसोई के रहने वाले युवक के साथ हुई थी. शादी के कुछ ही दिन बाद ससुराल में उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा. पीड़िता का कहना था कि ससुराल में उसके साथ मारपीट हुई और उसे पीट-पीटकर घर से निकाल दिया. सामने ये भी आया है कि पीड़िता देहरादून में अपने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज केस भी दर्ज करवा चुकी है. ये केस पीड़िता ने 9 मई 2025 में ही दर्ज करवाया है। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति बिना तलाक के दूसरी शादी करने जा रहा था. इसी बात को लेकर पीड़िता पुलिस के पास पहुंची थी. वह पुलिस को लेकर मंडप पर पहुंच गई. मगर उसका पति और उसकी नई नवेली दुल्हन मौके से फरार हो गए। दरअसल पुलिस के डर से आरोपी पति उत्तराखंड में शादी कर रहा था. उत्तराखंड के रुद्रपुर में ये शादी की जा रही थी. पीड़ित महिला ने ये भी पता लगा लिया था कि शादी किस जगह हो रही है. वह पुलिस को लेकर उसी स्थान पर पहुंच गई. फिलहाल अब पुलिस आरोपी पति को खोज रही है। वह अपनी नई नवेली दुल्हन को लेकर फरार है।

# बिजली विभाग की लापरवाही का मुख्य अभियंता ने लिया संज्ञान

**मुख्य अभियंता का एक्शन**

**शत-प्रतिशत वसूली का अल्टीमेटम, खराब ट्रांसफॉर्मर और बिजली चोरी पर जीरो टॉलरेंस**

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफॉर्मर फुंकने, घंटों बिजली कटौती और उपभोक्ता शिकायतों के बढ़ते मामलों को लेकर विद्युत विभाग की व्यवस्था सवालों के घेरे में है। शनिवार को मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने कार्यालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सख्त लहजे में फटकार लगाई और कहा कि अब सिर्फ मीटिंगों में आंकड़े दिखाने से काम नहीं चलेगा, जमीनी हालात सुधारने होंगे।

मुख्य अभियंता ने अधीक्षण अभियंता से लेकर जेई तक सभी को चेतावनी देते हुए कहा कि शत-प्रतिशत राजस्व वसूली जरूरी है, वरना कार्रवाई तय है। उन्होंने ट्रांसफॉर्मर खराब होने की घटनाओं पर नाराजगी जताई और निर्देश दिए कि इस महीने से संख्या शून्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ‘लाखों रुपये रिपेयरिंग में खर्च होने के बावजूद गांवों में तीन-तीन दिन बिजली नहीं रहती, यह निकम्मेपन या मिलीभगत का नतीजा है।

बिजली चोरी रोकने के लिए सघन जांच अभियान के निर्देश देते हुए उन्होंने साफ किया कि किसी जेई या लाइनमैन की संलिप्तता सामने आई तो तत्काल निलंबन होगा। उपभोक्ताओं से दुर्व्यवहार और शिकायतों की अनदेखी पर भी उन्होंने सख्त तेवर दिखाए और कहा कि अधिकारी खुद को राजा नहीं, सेवक समझें। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने अपनी उपलब्धियां गिनाईं, लेकिन सच्चाई यह है कि बरेली के कई ग्रामीण इलाके आज भी अंधेरे में हैं। करोड़ों की बकाया राशि, खराब मीटर रीडिंग और गड़बड़ बिलिंग ने उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ा दी है।

# सपा प्रदेश सचिव रिहाना बी भूमि अधिग्रहण और पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण निष्कासित

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। समाजवादी पार्टी की महिला विंग से जुड़ी एक बड़ी कार्रवाई में पार्टी नेतृत्व ने जमीन से जुड़े विवाद में नाम सामने आने के बाद प्रदेश सचिव रिहाना बी को उनके पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। रिहाना बी बरेली की बड़ी विहार कॉलोनी की निवासी हैं और पार्टी के महिला संगठन, समाजवादी महिला सभा में प्रदेश सचिव पद पर तैनात थीं। यह कार्रवाई समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव के आदेश पर की गई है। संगठन ने यह निर्णय रिहाना बी पर दर्ज आपराधिक मुकदमे और पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के आरोपों के आधार पर लिया। बताया जा रहा है कि बीते महीने इज्जतनगर थाने में रिहाना बी के खिलाफ कुछ लोगों ने जमीन से जुड़े एक विवाद में गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया था। जमीन प्रकरण में रिहाना बी का नाम सामने आने के बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया। मामला प्रदेश नेतृत्व तक पहुंचा तो समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने इस प्रकरण की पूरी जानकारी जुटाई और संगठन के नियमों के अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की। प्रदेश अध्यक्ष की ओर से जारी आधिकारिक पत्र में कहा गया है कि रिहाना बी को असामाजिक कार्यों में लिप्तता एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों में भागीदारी के आधार पर पार्टी संगठन से तत्काल प्रभाव से हटाया गया है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि पार्टी की गरिमा बनाए रखने और संगठन की छवि को अक्षुण्ण रखने के लिए इस प्रकार के मामलों में कठोर रुख अपनाया जाएगा। रिहाना बी का इस पूरे घटनाक्रम पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। उनसे संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल फोन नहीं उठा, जिससे उनका पक्ष नहीं लिया जा सका। इस बीच समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने भी इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि पार्टी अनुशासन का पालन सर्वोपरि मानती है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व किसी भी ऐसे व्यक्ति को संगठन में बनाए नहीं रखेगा, जिस पर गंभीर आरोप हों या जिसकी गतिविधियों से पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचता हो।

# भैरो बाबा मंदिर पर भंडारे का हुआ आयोजन, हजारों नागरिकों ने किया प्रसाद ग्रहण

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता





धनौरा। रविवार को नगर के मौहल्ला सैनी नगर स्थित बाबा भैरोनाथ मंदिर पर गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा भैरवनाथ के 9 वें विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। निवर्तमान पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। तत्पश्चात भैरो बाबा मंदिर पर भजन कीर्तन का भी आयोजन हुआ। जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में सभी श्रद्धालु ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, अमरोहा ब्लॉक प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लो, गजरौला ब्लॉक प्रमुख विरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, जिला पंचायत सदस्य सोरन सिंह, पवनीत दिवाकर, भगवत चौहान, अनुज प्रधान, धर्मवीर आर्य, हरीश यादव, संजीव सैनी, ओम प्रकाश प्रजापति सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे।

# बूथ अध्यक्ष संगठन की रीढ़: सुभाष

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



नौगांवा। भारतीय जनता पार्टी के मंडल नौगावा के सभी सेक्टरों की बैठक संपन्न हुई। मंडल की बैठक में जिला प्रवासी पूर्व जिला अध्यक्ष बिजनौर सुभाष वाल्मीकि ने मंडल की समीक्षा की तथा सभी सेक्टर संयोजक व बूथ अध्यक्ष से चर्चा हुई। बैठक में बोलते हुए सुभाष वाल्मीकि ने कहा कि बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीड की हड्डी है। मंडल प्रवासी ईश्वर चंद गुर्जर जिला मंत्री चंद्रभान भाटी ने मंडल के नारायणपुर बीबड़ा खुर्द जमना खास रामपुर सफेद कैलबकरी तारापुर के सभी सेक्टरों की समीक्षा और कार्य समिति के विस्तार के बारे में चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा सबका साथ हो सबका विकास के साथ मिलकर कार्य किया जाता है बूथ अध्यक्ष संगठन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। इस मौके पर मौजूद और पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष त्यागी शक्ति केंद्र के संयोजक रोहतास सैनी अमन कुमार अजय कुमार सैनी सुरेश प्रजापत सुनील कुमार सत्यवीर सिंह रविंद्र कुमार यादव धर्मेंद्र यादव राजवीर यादव हरज्ञान प्रजापति शिवकुमार सैनी कैलाश सैनी राहुल सैनी तथा सभी बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

# जाटव कोर ग्रुप ने समितियों को किया सम्मानित




नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

गजरौला। भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर ब्लॉक व नगरीय क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम व शोभायात्रा आयोजित करने वालीं जन्मोत्सव समितियों को ' जाटव कोर ग्रुप' ने सम्मानित किया। नगर के आरपी वेंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में पीसीएस सतीश चंद्रा ने कहा कि हमें बाबा साहब के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिये। उनके विचारों का अनुसरण करना चाहिये। बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलानी चाहिये। पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश प्रधान ने कहा कि ब्लॉक व नगरीय क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर 26 जन्मोत्सव समितियों द्वारा बाबा साहब की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई, जिसके लिये समितियों के पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। शिक्षाविद् रविराज सिंह ने कहा कि सभी स्थानों पर बाबा साहब की जयंती के कार्यक्रम शालीनता के साथ होते रहें, इसके लिये सभी प्रयासरत रहें। भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह ने भी बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस मौके पर होरी सिंह, रामचरन त्रिपाठी, करन सिंह, बीपी सिंह, रेंजर करन सिंह, जयवीर सिंह, उदयभान सिंह, सुरेश चंद्र मौर्य, रमेश चंद्र मौर्य, ऋषभ मौर्य, किरनपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, डॉ.संजीव सागर, सुरेन्द्र पाल सिंह, गुलाब सिंह, डॉ.पृथी सिंह मौजूद रहे।

# जुबिलेंट बुल्स ने जीता जुबिलेंट प्रीमियर लीग

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



गजरौला। जुबिलेंट प्रीमियर लीग (जेपीएल-2025) का मैच जुबिलेंट बुल्स की टीम ने चार विकेट से जीत लिया। विजेता टीम के खिलाड़ी अरुण (द्वतीय) को 34 रन बनाने एवं एक विकेट चटखाने पर मैन ऑफ दि मैच का खिताब दिया गया। रविवार को सादुल्लापुर रोड पर स्थित जुबिलेंट की सैकिंड कालोनी के खेल मैदान में टॉस जीतकर जुबिलेंट चैलेंजर टू की टीम मैदान में उतरी। कप्तान रितेष पांडे की टीम के खिलाड़ी नवीन दुबे ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। राज पांडे ने 15 रनों का योगदान दिया। यह टीम 15 ओवर में कुल 121 रनों पर ही सिमट गई। जीत का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी जुबिलेंट बुल्स की टीम के खिलाड़ी आते ही मैदान पर छा गए। रवि गुप्ता की कप्तानी वाली इस टीम के खिलाड़ी अरुण (प्रथम) ने 42 रन बनाए। सैयाद अहमद ने 16 एवं रविंद्र सिरोही ने 10 रनों का योगदान दिया। टीम ने छह विकेट गंवाकर 14.01 ओवर में 122 रन बनाकर चार विकेट से मैच जीत लिया। विजेता टीम के खिलाड़ी अरुण (द्वतीय) को जुबिलेंट में सुरक्षा एवं प्रशासन विभाग के प्रमुख सतेंद्र कुमार चौधरी एवं जेबीएफ में मेडिकल हेड डा. सुजिंदर फोगाट ने मैन ऑफ दि मैच का खिताब प्रदान किया। मैच के एंपायर विष्णु, सुमित कुमार रहे। स्कोरर सनी प्रताप सिंह एवं कमेंटेटर की भूमिका महेंद्र मौर्य की रही।

इससे पूर्व जुबिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा एवं निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर जेएएसीपीएल में एचआर हेड ऋषिपाल सिंह परमार , मैदान एवं मैच प्रबंधन समिति के सुनील तिवारी, रविंद्र देवल, अनंत चौहान आदि मौजूद रहे।

# दो दिवसीय श्री राम नवमी महोत्सव का हुआ शुभारंभ



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

गजरौला। श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में चतुर्दश श्रीराम नवमी महोत्सव में देवी-देवताओं की झांकियों ने मन मोह लिया। नगर के अवंतिका पार्क में दो दिवसीय चतुर्दश महोत्सव शनिवार रात 9 बजे शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्री उर्फ उमा देवी, पूर्व विधायक हरपाल सिंह एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौ. विरेंद्र सिंह ने पूजा अर्चना करके किया। सर्व प्रथम भगवान गणेश की वंदना हुई, जिसके बाद कार्यक्रम ने गति प्राप्त की। भव्य कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों द्वारा शिव पार्वती, श्री श्याम बाबा के जन्म की कथा, महाकाली का विराट रूप, श्री बांके बिहारी दर्शन, तिरुपति बालाजी लीला, हनुमान जन्म, शिव बारात, शीतला माता की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। घंटो तक श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे। इस मौके पर कपिल कुमार सिंघल, डॉ. राजीव शुक्ला, अंकित अग्रवाल, वैभव गोयल, आयुष जिंदल, हर्षी सिंघल, आदित्य गोयल, प्रांशु शर्मा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### साक्षी सेवा समिति ने मातृ दिवस पर माताओ को किया सम्मानित



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/सम्भल। चंदौसी के बहजोई रोड स्थित फ्रेंसपेसो रेस्टोरेंट मे साक्षी सेवा समिति चंदौसी जिला संभल के तत्वाधान में रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साक्षी सेवा समिति की अध्यक्ष के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। साक्षी सेवा समिति चंदौसी जिला संभल की प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा ने मां को समर्पित करते हुए बताया कि मां बहुत ही प्यारा और खूबसूरत सा शब्द,मां वो होती हैं जो अपने बच्चों को दुनिया से 9 महीने पहले से जानती हैं एक वही होती हैं जो आपको निस्वार्थ भाव से प्यार करती हैं। मां के लालन पोषण का ऋण कोई भी व्यक्ति नहीं चुका सकता, लेकिन अपनी मां को कुछ समय देकर उनकी देखभाल करके ,उनके साथ बैठकर ,उनकी इच्छाओं को जानकर पूरा करने का प्रयास करके हर व्यक्ति अपनी मां को खुश रख सकता है। मातृ दिवस को विशेष बनाने के लिए साक्षी चंदौसी स्टार परिवार की अध्यक्ष रेनू शर्मा, कार्यक्रम संयोजिका दयमंती सिंह ,सचिव, बबिता बिंदल, कोषाध्यक्ष विजयलक्ष्मी यादव ने अपनी टीम के साथ मिलकर स्टार की समस्त सदस्यों,पुष्पा देवी, नीरू गुप्ता,,छवि रस्तौगी, माया शर्मा,,जयश्री, रेनू शर्मा ओर अन्य सदस्य गण श्रीमती सुधा शर्मा,मीरा दुबे, मनी पोरवाल, इंद्रेश शर्मा, सुनीता शर्मा, सलोनी रस्तौगी, निधि गुप्ता, आरोही शर्मा,गीतांजलि मदान, शालिनी गोयल,वर्षा सिंधी, रानी शर्मा,क्षमा शर्मा, दयमंती सिंह,वंशिका उपाध्याय जान्हवी, मल्लिका,मास्टर रुद्र को पटका पहना कर ओर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात समस्त सदस्यों ओर अतिथियों सूक्ष्म अल्पाहार का आनंद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेनू शर्मा संचालन बबिता बिंदल ने किया।

### वैश्य एकता मंच का उद्देश्य है असहाय गरीब लोगों की मदद करना




नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी। रविवार को नगर के सीता रोड स्थित ज्योति लाल धर्मशाला में वैश्य एकता मंच के विस्तार हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरूआत पालिका अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलन करके की गई, तत्पश्चात बच्चों द्वारा गणेश वंदना पर प्रस्तुति करके उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। कार्यक्रम में सर्वसम्मिति से लवित वार्ष्णेय को वैश्य एकता मंच चंदौसी का अध्यक्ष मनोनीत किया गया साथ ही आकाश वार्ष्णेय एवं तुषार क्रिस्टल को महामंत्री, मयंक वार्ष्णेय और दीपेश वार्ष्णेय को उपाध्यक्ष, इशांक गोयल को संगठन मंत्री मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में वैश्य एकता मंच के विधि सलाहकार एड प्रवीण गुप्ता द्वारा कहा गया कि वैश्य एकता मंच का उद्देश्य निरतंर सामाजिक कार्यों में प्रतिभाग करना एवं असहाय, गरीब लोगों की मदद करना है। इस मौके पर वैश्य एकता मंच के संरक्षक के रूप में समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी, सचिन मेंथा, अंकित जैन, भुवनेश घी, मनोज कुमार गुप्ता, क्षितिज गुप्ता, सागर गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कौशल किशोर, मानस अग्रवाल, एड निशांत वार्ष्णेय, दुर्गा टंडन, अभिषेक गुप्ता, प्रमोद गुरु, रितिक वार्ष्णेय, पराग वार्ष्णेय, प्रखर रघु वार्ष्णेय, प्रथम वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, कृष्णा वार्ष्णेय, गर्पित, हेमंत वार्ष्णेय आदि लोग उपस्थित रहे।

# बीमा की राशि हड़पने के लिए हत्या करने के सात आरोपी गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**





सम्भल । पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन मे जनपद सम्भल मे कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण लगाने हेतु जनपद के विभिन्न थानो द्वारा निरंतर अर्न्तराज्यीय बीमा फ्राड के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी के क्रम में आज मु0 थाना रहरा जनपद अमरोहा में 07 नफर अभियुक्तगण, वेदप्रकाश पुत्र गोपीराम निवासी ग्राम धनारी थाना धनारी,कमल सिंह पुत्र गोपी राम निवासी ग्राम धनारी थाना धनारी, निर्देश कुमार पुत्र चन्द्रकेश निवासी मीना की मढैया थाना धनारी, उदयभान पुत्र धर्म सिंह निवासी पैगा रफातपुर थाना कुढफतेहगढ, प्रेमशंकर पुत्र राममहेश निवासी बायभूड थाना धनारी, सुनील कुमार पुत्र शिशुपाल निवासी हिरौनी थाना रजपुरा ओमप्रकाश पुत्र मुंशी निवासी भागनगर थाना धनारी, को थाना रजपुरा व एसओजी एवं सर्विलांस टीम जनपद सम्भल द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

इन अभियुक्तगणो द्वारा सुनियोजित तरीके से अमन पुत्र रामचरन निवासी दक्षिणी दिल्ली उम्र 20 वर्ष की विभिन्न कम्पनियों में बीमा कराकर बीमा की राशि हडपने के उद्देश्य से एक्सीडेन्ट का रूप देते हुये हत्या कारित की गयी। इसके अलावा गैंग के सदस्यो द्वारा सलीम पुत्र बाबू की भी हत्या दिनांक 29.07.2022 को थाना रहरा क्षेत्र में उपरोक्त तरीके से बीमा की राशि हडपने के लिये स्वीकारा गया है।

इनके द्वारा एक अन्य हत्या अगले एक माह में किये जाने की योजना बनाने को भी स्वीकारा गया है। पीड़ित वेदप्रकाश पुत्र गोपीराम निवासी धनारी स्टेशन थाना धनारी जनपद सम्भल द्वारा दिनांक 16.11.2023 को मु0 धार भादवि बनाम अज्ञात वाहन चालक थाना रहरा जनपद अमरोहा में पंजीकृत कराया गया कि समय 15/16 नवम्बर की रात्रि 3.30 बजे रहरा गवा मार्ग ग्राम रहरई के पास अज्ञात वाहन चालक द्वारा वाहन तेजी व लापरवाही से चलाकर पीड़ित के भांजे अमन पुत्र रामचरन उम्र करीब 24 वर्ष निवासी मकान नं0 20 भाटी खुर्द फत्तेपुर बंरी दक्षिण दिल्ली को टक्कर मार देने जिससे वादी के भांजे अमन उपरोक्त की मृत्यु हो गई है।उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना थाना रहरा जनपद अमरोहा पर दिनांक को मु0 धारा भादवि बनाम अज्ञात वाहन चालक पंजीकृत कराया गया

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने भंडारे का किया आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह**



जनपद संभल के चंदौसी में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के बैनर तले मोहल्ला शक्ति नगर स्थित चित्रांश शिव शक्ति मंदिर के 15 वें स्थापना दिवस के पावन पर्व पर जहाँ मन्दिर प्रांगण में कायस्थ बन्धुओं द्वारा पूजा पाठ,ध्यान,साधना,हवन उपरान्त दोपहर 12 बजे से प्रभु इच्छा तक शक्ति नगर मुख्य मार्ग पर भंडारे का आयोजन कर आम जन मानस को प्रसाद वितरण किया गया जहाँ सैंकड़ों की संख्या में राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया वहीं मन्दिर की गली के मेन रोड पर स्थित सुशील सक्सेना के आवास पर इसी कार्यक्रम की रूपरेखा में कायस्थ परिचय सम्मेलन सायं 5 बजे से आयोजित किया गया

इस अवसर पर शहर के सैकड़ो की संख्या में उपस्थित कायस्थ परिवार के सदस्यों ने परिचय सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद बदायूँ निवासी अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष विपिन जौहरी ने कार्यक्रम के प्रारंभ में चित्रगुप्त महाराज की प्रतिमा सम्मुख दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर अपने ओजस्वी विचारों से उपस्थित कायस्थ परिजनों का मन मोहा वहीं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारी अशोक श्रीवास्तव,सुशील सक्सेना,शालिनी जौहरी, मुरादाबाद निवासी राजेंद्र कुमार सक्सेना इत्यादि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये जबकि जनसभा में उपस्थित आशा बिसारिया ने देशभक्ति से परिपूर्ण ओजस्वी काव्य पाठ का मंचन किया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित प्रत्येक कायस्थ परिवार को चित्रगुप्त महाराज की एक शीशा फ्रेम जड़ित फोटो प्रत्येक परिवार को सप्रेम भेंट दी गई।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश सक्सेना,विपिन सक्सेना,नरेंद्र सक्सेना,सुनील सक्सेना, विपिन माथुर इत्यादि का कई दिनों से विशेष और अहम रोल रहा है जो कि वास्तव में बधाई के पात्र हैं।जबकि सभा का संचालन दिलीप सक्सेना ने किया।देर रात्रि तक चले इस कार्यक्रम में उपस्थित कायस्थ बंधुओ ने जोश उल्लास के साथ बढ़चढ़ कर अपनी भागीदारी अदा की।

## नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला विद्युत विभाग का जेई गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस मनीष शर्मा**



चंदौसी। सम्भल पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बहजोई आलोक सिद्धू के कुशल नेतृत्व मे जनपद सम्भल मे कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण लगाने हेतु चलाये जा रहे लगातार अभियान में थाना बहजोई से रविवार को एक नफर अभियुक्त विजयपाल सिंह पुत्र स्व० रमेशचन्द्र निवासी ग्राम नरौदा थाना बहजोई जनपद सम्भल हाल पता आवास विकास कालोनी नं0 02/308 कस्बा व थाना चन्दौसी जनपद सम्भल को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। आपको बताते चलें कि पीड़ित महावीर यादव पुत्र चरन सिंह निवासी ग्राम लहरावन थाना बहजोई जनपद सम्भल ने दिनांक 30.08.2024 को थाना बहजोई जनपद सम्भल पर मु0 अन्तर्गत धारा भादवि पंजीकृत कराया कि अभियुक्त विजयपाल सिंह पुत्र स्व०रमेशचन्द्र निवासी ग्राम नरौदा थाना बहजोई जनपद सम्भल हाल पता आवास विकास कालोनी नं० 02/308 कस्बा व थाना चन्दौसी जनपद सम्भल द्वारा पीड़ित से विजली विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर 30 लाख रुपए की ठगी की है। अभियुक्त विजयपाल उपरोक्त विद्युत विभाग में जेई के पद पर तैनात है। अभियुक्त विजयपाल द्वारा इससे पूर्व में भी कई व्यक्तियों से सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी कर चुका है। यह फर्जी रूप से घरो के बिजली के कनैक्शन लगवाने के नाम पर और ट्यूवैल के फर्जी रूप से कनैक्शन लगवाने के नाम पर व आनलाईन फर्जी रूप से बिल जमा करवाने के नाम पर लोगों से रूपया लेकर ठगी करता है ' आरोपी को बेहटाजयसिंह चौराहा, से प्र०नि० हरीश कुमार, वरि०उ०नि० रवेन्द्र कुमार,उ०नि० तासिम अली,हे0का0 सुरेन्द्र कुमार,हे0का0 प्रदीप कुमार ,म0का0 गीता के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायलय भेजा गया ।

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों का सीएमओ ने किया निरीक्षण

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

सम्भल। रविवार को जनपद सम्भल में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 05 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 200वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। उक्त मेला सत्रों पर 36 चिकित्सकों एवं 109 पैरा-मेडिकल स्टाफ द्वारा कुल 2609 रोगियों (पुरुष रोगी- 1105; महिला रोगी- 982 एवं 522 बच्चों) का निःशुल्क उपचार किया गया। समस्त मेला सत्रों पर आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अन्तर्गत 123 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड तथा 114 आभा आई.डी. बनाये गये। जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों पर बुखार के 205, चर्म रोग के 361, दमा के 264, मधुमेह रोग के 75, नेत्र रोग से सम्बन्धित 15, उच्च रक्तचाप के 57 तथा अन्य रोगों के मरीज देखे गये। बुखार के सम्बन्ध में 02 रोगियों की डेंगू की जाँच की गयी; जिसमे सभी सन्दिग्ध रोगियों की रिपोर्ट नकारात्मक रही। जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन (फैमिली प्लॉनिंग) सम्बन्धी परामर्श व परिवार नियोजन सम्बन्धी सामग्री (चॉइस ऑफ बॉस्केट) के लिये अलग से काउन्टर बनाये गये।

# सीएम ग्रिड रमेश विहार सड़क का किया नगर आयुक्त ने निरीक्षण

**नेशनल एक्सप्रेस**



अलीगढ़। उत्तर प्रदेश शासन की नगरों में विकास की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजना मुख्यमंत्री-ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) (सी.एम. ग्रिड्स) योजनान्तर्गत अलीगढ़ नगर निगम द्वारा पैकेज 1 अंतर्गत लगभग 19 करोड़ 5 लाख की लागत से वार्ड 32 व 82 में स्वर्ण जयंती नगर चौराहे से रमेश विहार रोड लगभग 1.56 मीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य में स्थानीय नागरिकों द्वारा मानक के अनुरूप सड़क चौड़ीकरण नही करने की शिकायत पिछले दिनों स्थानीय नागरिकों ने नगर आयुक्त ने मिलकर की थी। नगर आयुक्त ने स्थानीय नागरिकों को खुद मौके पर आकर समस्या का उचित समाधान करने का आश्वासन दिया था। रविवार को नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग के साथ 100 फुटा रमेश विहार पर निर्माणधीन नाला, सड़क कार्यो को देख मौके पर पब्लिक द्वारा निर्माणधीन नाला, सड़क एडीए से पास नक्शा के अनुसार सड़क को 100 फुटा के अनुसार सड़क बनाई जाए। मौके पर नगर आयुक्त ने संपत्ति विभाग से नक्शा व सड़क की डिजाइन को देखा मौके पर नगर आयुक्त ने चीफ इंजीनियर सुरेश चंद को 100 फुटा रमेश विहार पर अलीगढ़ विकास प्राधिकरण से स्वीकृत नक्शा के अनुसार सड़क की स्थिति,भवन, अतिक्रमण का विवरण मांगे जाने के लिए नगर निगम स्तर से पत्र भेजने के लिए कहा। मौके पर स्थानीय नागरिकों ने नगर आयुक्त को 100 फुटा रोड रमेश विहार पर पक्के स्थाई अतिक्रमण को भी दिखवाया और इस रोड से अतिक्रमण हटवाए जाने का अनुरोध किया। नगर आयुक्त ने चीफ इंजीनियर को संपत्ति विभाग से समन्वय कर अवैध स्थाई अतिक्रमण को हटवाए जाने के लिए भवन स्वामियों को नोटिस देने के लिए कहा। नगर आयुक्त ने कहा सीएम ग्रिड की परियोजना मेरे लिए सर्वोत्तम प्राथमिकता में से एक है पब्लिक की आकांक्षाओं, निर्धारित मानक गुणवत्ता के साथ साथ नगर निगम संपत्ति रिकॉड के अनुसार सड़क का निर्माण कराया जाएगा इस रोड की विस्तृत जानकारी, पैमाइश, नक्शा आदि के लिए अलीगढ़ विकास प्राधिकरण को पत्र भी भेजा जा रहा है। निरीक्षण में नगर आयुक्त के साथ अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह, मुख्य अभियंता सुरेश चंद सहायक अभियंता सिब्ते हैदर, स्टेनो देशदीपक, अहसान रब साथ थे।

## नगर आयुक्त ने नाला सफाई, ट्यूबवेल, जलनिकासी की समीक्षा

**नेशनल एक्सप्रेस**



अलीगढ़। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा छोटे नालो व निर्माण विभाग द्वारा बड़े नालो की खराब सफाई पर नगर आयुक्त ने रविवार को कल्याण सिंह हेबिटेट सेंटर में निर्माण विभाग स्वास्थ्य विभाग सहित नाला सफाई के लिए नामित ठेकेदारों को जमकर खरी खोटी सुनाते हुए 15 जून तक प्रत्येक दशा में नालो की सफाई का कार्य पूरा करने की चेतावनी देते हुए सभी नालों की सफाई, ट्यूवेल की क्रियाशीलता व पम्पिंग स्टेशनों की कार्य क्षमता का भौतिक सत्यापन स्थानीय पार्षदों के माध्यम से कराये जाने का निर्णय लिया है। कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में नाला सफाई की समीक्षा करते हुए नगर आयुक्त ने दो टूक लहजे में कहा नाला सफाई में लापरवाही के लिए सीधे संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड और संबंधित जेई एई के विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी

नगर आयुक्त ने समीक्षा बैठक में सभी छोटे बड़े नालो की सफाई को तेजी से पूर्ण कराकर 15 जून तक पूर्ण करने, पार्षदों से नाला सफाई का सत्यापन कराने, नालों की सफाई के बाद कचरे को किनारे न डालने, 26 कलस्टर प्रभारी रोजाना नाला सफाई का भौतिक सत्यापन करने, जोनल सफाई अधिकारी के अवकाश पर होने का संज्ञान लेते हुए उनका मेडिकल परीक्षण कराये जाने, नालों के बाहर कचरा जमा होने पर सीधे स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी निर्धारित करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर आयुक्त के साथ अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह, मुख्य अभियंता सुरेश चंद सहायक अभियंता सिब्ते हैदर, ठेकेदार जेई आदि मौजूद थे।

# एएमयू की छठी व नवीं कक्षा की प्रवेश परीक्षाएं संपन्न



**नेशनल एक्सप्रेस**

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के स्कूलों में छठी व नवीं कक्षा की प्रवेश परीक्षाएं 31 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई हैं। कक्षा 9 की प्रवेश परीक्षा में 14,375 आवेदकों में से 11,528 अभ्यर्थियों शामिल हुए, जबकि कक्षा 6 में प्रवेश के लिए 8,776 छात्रों ने आवेदन किया है। यह प्रवेश प्रक्रिया शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आयोजित की गई।

एएमयू की कुलपति प्रो0 नइमा खातून ने सहकुलपति प्रो0 एम. मोहसिन खान, प्रॉक्टर प्रो0 एम. वसीम अली और अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अभिभावकों से बातचीत की। प्रो0 खातून ने परीक्षा के शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित आयोजन पर संतोष व्यक्त किया और शिक्षकों व कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की।

## ग्राम शाहपुर में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ भव्य आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस**



अलीगढ़। ग्राम शाहपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्ति और आध्यात्मिकता से सराबोर हो गया है। शास्त्री उर्वेश माधव एवं पूजा शास्त्री के सुमधुर वाणी में हो रहे कथा वाचन ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा के प्रत्येक प्रसंग में भक्ति रस की गंगा बह रही है।

गुरुवार को राम जन्म और सीता स्वयंवर की लीला सुनाई गई, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा के दौरान गोवर्धन लीला और कंश वध की दिव्य झांकी प्रस्तुत की गई, जिसने भक्तों के मन को पूरी तरह मोह लिया। जय श्रीराम के उद्घोषों से आयोजन स्थल गूंज उठा। इस पुण्य अवसर पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद, अलीगढ़ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह सहित जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट अमित सिंह, पुष्पेंद्र सिंह ललित, मोहित प्रताप सिंह ने भी कथा स्थल पर पहुँचकर भागवत कथा का श्रवण किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजकों द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। आयोजन समिति में सोमवीर सिंह दिवाकर, परीक्षित, बच्चू सिंह दिवाकर, मनोज दिवाकर, अमन दिवाकर, चिंटू चौधरी, विमल मिश्रा, गणेश उपाध्याय, कालू पंडित, संदीप तोमर, ऋतिक कुमार एवं यश अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालु अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रतिदिन भंडारे की उत्तम व्यवस्था की गई है, जहाँ सैकड़ों लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। आयोजन स्थल पर सेवा, भक्ति और सत्संग का दिव्य वातावरण बना हुआ है।

## किशोरी की मॉ ने लगाया विवेचक पर आरोपियों से सांठ गांठ करने का आरोप

**नेशनल एक्सप्रेस**

अलीगढ़। थाना गांधी पार्क क्षेत्र की एक किशोरी के अपहरण के मामले में किशोरी की मॉ ने इस घटना की विवेचना कर रहे दरोगा पर आरोपी पक्ष पर सांठ गांठ का आरोप लगाया है। पीडिता की मॉ का कहना है कि 6 मई को वह मजदूरी करने गई थी। जब काम से वह घर लौटी तो उसकी बेटी घर पर नहीं थी, दरवाजे की कुण्डी लगी हुई थी। जिसे उसने आस-पडौस में तलाशा लेकिन कोई पता नहीं चला। देर रात्रि उसके मकान मालिक के बेटे सोनू का फोन आया कि उनकी बेटी तिकौना नगला में है, उसके जाकर ले आये। उसने तभी पुलिस को 112 नं0 पर फोन करके पुलिस का बुला लिया। लेकिन दरोगा उसे थाने ले गया, जब वह थाने के अन्दर बैठी हुई थी, कुछ देर बाद आरोपी उसकी बेटी को थाने लेकर आये, लेकिन पुलिस ने हिरासत में नहीं लिया और न ही आरोपियों से यह पूछा कि उसकी बेटी तिकौना नगला में किस के मकान में थी। पीडिता का यह भी आरोप है कि वह लिखना पढ़ना भी नहीं जानती है, दरोगा ने थाने में किसी अन्य व्यक्ति से तहरीर अपने मुताबिक लिखाई हैं।

## नशा एक सामाजिक अभिशाप, नशीले पदार्थों का सेवन न करें



**नेशनल एक्सप्रेस**

अलीगढ़। रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद व परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी। ऑपरेशन जागृति-4 के 06 मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा, महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना, किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन, साइबर हिंसा व सुरक्षा, नशे के दुष्परिणामों से बचाव व पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा शामिल है। प्रशिक्षित बीट पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी व बीट इंचार्ज द्वारा अपने अपने क्षेत्रों के ग्राम पंचायत स्तर पर गाँवों मौहल्ले में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ समन्वय करते हुए विभिन्न कार्यक्रम, नुक्कड़ सभा आयोजित कर जागृति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। बीट पुलिस अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत व विद्यालयों में भ्रमण कर छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है। ऑपरेशन जागृति अभियान की सहायता से महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी आयेगी, गलत सूचनाएं दर्ज करने मे भी कमी आयेगी, कांउसलिंग और रिपोर्टिंग सिस्टम मजबूत होगा, पलायन सम्बन्धी मामलों में भी कमी आयेगी। इन सभी परिस्थितियों में सामाजिक जागरूकता, संवाद शिक्षा और परामर्श की बेहद आवश्यकता है ताकि महिलायें एवं बालिकायें इस प्रकार के षडयंत्रों का शिकार न बने, भावनाओं में बहकर अपना जीवन बर्वाद न करें और उन्हें मोहरा न बनाया जाए, यदि वास्तव में उनके साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होता है तो वह सच बोलने की हिम्मत रख पाये।

## संपादकीय

# ऑटोमोबाइल निर्माण

**भारत** का ऑटोमोबाइल उद्योग जिस तेजी से तरक्की कर रहा है वह उल्लेखनीय है। हर साल वह बढ़ोतरी की नई इबारत लिख रहा है। 1982 में भारत में जब मारुति कार अस्तित्व में आई तो जनता ने उसमें बहुत दिलचस्पी दिखाई और वह जन-जन की कार बन गई। नब्बे के दशक में नरसिंह राव के आर्थिक उदारीकरण ने जैसे कि उसमें पंख लगा दिए। उसके बाद कई और विदेशी कंपनियां कार निर्माण के क्षेत्र में आ गईं तो टू व्हीलर के क्षेत्र में भारतीय कंपनी हीरो ने जापानी कंपनी होंडा के साथ मिलकर इस क्षेत्र में भारत को शिखर पर लाकर खड़ा कर दिया। एक के बाद एक विदेशी कंपनियों ने देश में कदम रखा और वाहन निर्माण का काम बढ़ता चला गया। देश के जीडीपी के विकास में हमारे ओटोमोबाइल उद्योग का बहुत बड़ा योगदान रहा। कोरियाई, जापानी ऑटोमोबाइल कंपनियों को भारत निवेश के लिहाज से माकूल लगा और उन्होंने करोड़ों डॉलर का निवेश किया। लेकिन सिर्फ विदेशी ही नहीं भारत की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स तथा महिंद्रा एंड महिंद्रा भी तेजी से आगे बढने लगी। इसका नतीजा हुआ कि 2024 तक भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल उत्पादक देश बन गया। 22 लाख करोड़ की इस इंडस्ट्री ने 4.5 करोड़ लोगों को रोजगार दे रखा है। यहां बने दोपहिया वाहनों का तो 50 फीसदी निर्यात हो जाता है। यह इंडस्ट्री देश को बड़े पैमाने पर जीएसटी भी देती है। लग्जरी कारों में 28 फीसदी जीएसटी लगता है जिससे सरकार की खूब कमाई होती है। भारत में जिस तेजी से इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास हुआ है, वह उल्लेखनीय है।

पूरे देश में सडक़ों का जाल तैयार हो गया है। 2023-24 में देश के अंदर में हर दिन 33 किलोमीटर से अधिक नेशनल हाइवे का निर्माण हुआ है। केंद्रीय सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक 2023-24 में कुल 12349 किलोमीटर नेशनल हाइवे बने हैं। सडक़ परिवहन मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना है कि वह हर दिन 100 किलोमीटर हाइवे बनाए। इससे भारत अमेरिका को टक्कर देने की स्थिति में पहुंच जाएगा। देश में सडक़ें तेजी से बन रही हैं और इस कारण से वाहनों की बिक्री भी बढ़ रही है। अब कहीं भी सडक़ मार्ग से जाना आसान होता जा रहा है। देश की राजधानी दिल्ली से यहां की वित्तीय राजधानी मुंबई तक पहले कारों से लोग नहीं जाया करते थे। उसमें 24 घंटे तक की थका देने वाली यात्रा करनी होती थी, लेकिन अब यह 1350 किलोमीटर की दूरी महज 12 घंटे में की जा सकती है। इस तरह की कई सडक़ें बन गई हैं जिनसे अपने गंतव्य पर पहुंचने में अब आधा समय लगता है और कम ईंधन फुंकता है। इससे सडक़ परिवहन को बढ़ावा मिला है और वाहनों की बिक्री भी बढ़ी है। देश में इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन भी बढ़ रहा है। विदेशी कंपनियों के अलावा भारतीय कंपनियां टाटा और महिंद्रा के अलावा दो पहिया बनाने वाली कई कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहन बनाने लगी हैं। भारत में बनी कारें चीनी कार बावायडी या फिर इलोन मस्क की टेस्ला से काफी सस्ती हैं। इस वजह से इनकी बिक्री भी खूब बढ़ रही है। भारत में काम कर रही अन्य कार निर्माता कंपनियां जैसे मारुति, हुंडई, एमजी वगैरह भी इलेक्ट्रिक कारें बना रही हैं। इससे इसके बाजार में विस्तार हुआ है और लोगों में दिलचस्पी बढ़ी है। फिलहाल परंपरागत कारों के साथ-साथ इन कारों की बिक्री भी बढ़ रही है। सबसे बड़ी बात है कि इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। खेती से दोपहिया वाहनों की भी बिक्री बढ़ी है।

---

**बुद्ध पूर्णिमा- 12 मई पर विशेष**

# दुनिया को युद्ध की नहीं, बुद्ध की जरूरत है



ललित गर्ग

गौतम बुद्ध को सबसे महत्वपूर्ण भारतीय आध्यात्मिक महामनीषी, देवपुरुष, सिद्ध-संन्यासी, समाज-सुधारक धर्मगुरु माना जाता हैं। बुद्ध को भगवान विष्णु का नौवां अवतार भी माना जाता है, इस दृष्टि से हिन्दू धर्म में भी वे पूजनीय है। उन्हें धर्मक्रांति के साथ-साथ व्यक्ति एवं विचारक्रांति के सूत्रधार भी कह सकते हैं। उनकी क्रांतिवाणी उनके क्रांत व्यक्तित्व की द्योतक ही नहीं वरन् धार्मिक, सामाजिक विकृतियों एवं अंधरूढ़ियों पर तीव्र कटाक्ष एवं परिवर्तन की प्रेरणा भी है, जिसने असंख्य मनुष्यों का जीवन-निर्माण किया एवं उनकी जीवन दिशा को बदला।

बुद्ध जयन्ती/बुद्ध पूर्णिमा बौद्ध अनुयायियों का ही नहीं, बल्कि मानवता में आस्था रखने वालों का एक प्रमुख त्यौहार है। बुद्ध जयन्ती वैशाख पूर्णिमा को मनायी जाती हैं। वैसे पूर्णिमा के दिन ही गौतम बुद्ध का जन्म, संबोधि एवं निर्वाण हुआ है। उनके जन्म से सिद्धार्थ बनने एवं बुद्धत्व तक की यात्रा एवं इससे जुड़ी कीर्ति किसी एक युग तक सीमित नहीं हैं। बुद्ध का लोकहितकारी चिन्तन एवं कर्म कालजयी, सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक है और युग-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता रहेगा। गौतम बुद्ध एक प्रकाशस्तंभ है, जिसका प्रकाश केवल बाहरी दुनिया को ही नहीं, बल्कि भीतरी दुनिया को भी आलोकिक करता है। बुद्ध को सबसे महत्वपूर्ण भारतीय आध्यात्मिक महामनीषी, देवपुरुष, सिद्ध-संन्यासी, समाज-सुधारक धर्मगुरु माना जाता हैं। बुद्ध को भगवान विष्णु का नौवां अवतार भी माना जाता है, इस दृष्टि से हिन्दू धर्म में भी वे पूजनीय है। उन्हें धर्मक्रांति के साथ-साथ व्यक्ति एवं विचारक्रांति के सूत्रधार भी कह सकते हैं। उनकी क्रांतिवाणी उनके क्रांत व्यक्तित्व की द्योतक ही नहीं वरन् धार्मिक, सामाजिक विकृतियों एवं अंधरूढ़ियों पर तीव्र कटाक्ष एवं परिवर्तन की प्रेरणा भी है, जिसने असंख्य मनुष्यों का जीवन-निर्माण किया एवं उनकी जीवन दिशा को बदला।

बुद्ध संन्यासी बनने से पहले कपिलवस्तु के राजकुमार सिद्धार्थ थे। वे महलों में बंद न रह सके। उन्होंने सबसे पहले स्वयं ज्ञान-प्राप्ति का व्रत लिया था और वर्षों तक वनों में घूम-घूम कर तपस्या करके आत्मा को ज्ञान से आलोकित किया। उन्होंने अपने जीवन के प्रत्येक क्षण को जिस चैतन्य एवं प्रकाश के साथ जीया है, वह भारतीय ऋषि परम्परा के इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय है। स्वयं ने सत्य की ज्योति प्राप्त की, प्रेरक जीवन जीया और फिर जनता में बुराइयों के खिलाफ आवाज बुलन्द की। लोकजीवन को ऊंचा उठाने के उन्होंने जो हिमालयी प्रयत्न किये, वे अद्भुत और आश्चर्यकारी हैं। बुद्ध ने 27 वर्ष में राजपाट छोड़ा, गहन साधना एवं स्व की खोज के लिये भ्रमण करते हुए काशी के समीप सारनाथ पहुंचे, जहाँ उन्होंने धर्म परिवर्तन किया। यहाँ बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचें कठोर तप किया। कठोर तपस्या के बाद सिद्धार्थ को बुद्धत्व ज्ञान की प्राप्ति हुई और उसके बाद वह महान संन्यासी गौतम बुद्ध के नाम से जाने गये और अपने ज्ञान से समूचे विश्व को ज्योतिर्मय किया। कहा जाता है कि बुद्ध इतने गहरे ध्यान एवं साधना में लीन हो गये कि सारे देवता भी घबरा गये



कि यह दुर्लभता एवं अलौकिक-गहन साधना से मिली संबोधि बुद्ध के लीन रहने से व्यर्थ न चली जाये। इसी संबोधि से तो विश्व का कल्याण होना है। इसलिये देवताओं ने बुद्ध से जागृत रहने एवं प्राप्त संबोध से विश्व का कल्याण करने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना को बुद्ध ने स्वीकारा और महानिर्वाण की अवस्था को त्याग कर जगत का कल्याण करने को अग्रसर हुए।

बुद्ध ने जब अपने युग की जनता को धार्मिक-सामाजिक, आध्यात्मिक एवं अन्य यज्ञादि अनुष्ठानों को लेकर अज्ञान में घिरा देखा, साधारण जनता को धर्म के नाम पर अज्ञान में पाया, नारी को अपमानित होते देखा, शुद्रों के प्रति अत्याचार होते देखे-तो उनका मन जनता की सहानुभूति में उद्वेलित हो उठा। लोकजीवन को ऊंचा उठाने के लिये उन्होंने जो हिमालयी प्रयत्न किये, वे अद्भुत और आश्चर्यकारी है। बुद्ध के अनुसार जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त करना है। यदि स्वयं पर विजय प्राप्त कर लिया तो फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी। गौतम बुद्ध कहते हैं कि व्यक्ति कभी भी बुराई से बुराई को खत्म नहीं कर सकता है। इसे खत्म करने के लिए व्यक्ति को सत्य, प्रेम एवं करूणा का सहारा लेना पड़ता है। प्रेम से दुनिया की हर बड़ी चीजों को जीता जा सकता है। बुद्ध के अनुसार, खुशियां बांटने से हमेशा बढ़ती हैं, कभी कम नहीं होती हैं। गौतम बुद्ध के अनुसार, जीवन में तीन चीजें कभी भी छुपाकर नहीं रखी जा सकती है, वो है- सूर्य, चंद्रमा और सत्य।

महात्मा गौतम बुद्ध बौद्ध धर्म के संस्थापक थे। उन्होंने अपने जीवन में हमेशा लोगों को अहिंसा, सत्य, संयम, प्रेम और करुणा का भाव सिखाया। बुद्ध पूर्णिमा पर अलग-अलग देशों में वहां के रीति-रिवाजों और संस्कृति के अनुसार समारोह आयोजित होते हैं। बुद्ध तो सम्राटों के सम्राट थे, राजाओं के राजा थे। इसलिये बुद्ध पूर्णिमा का दिन सिर्फ उनका जन्मोत्सव ही नहीं, उनका मरणोत्सव भी है, उनका ज्ञानोत्सव भी है एवं उनका संबोधि उत्सव भी है। बुद्ध पूर्णिमा को श्रीलंकाई 'वेसाक' उत्सव के रूप में मनाते हैं जो 'वैशाख' शब्द का अपभ्रंश है। बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए यह दिन ध्यान, तप, और करूणा के अभ्यास का प्रतीक है, जबकि हिंदू धर्म में इसे ईश्वर के अवतार के रूप में पूजा जाता है।

महात्मा बुद्ध ने मध्यममार्ग अपनाते हुए अहिंसा युक्त दस शीलों का प्रचार किया तो लोगों ने उनकी बातों से स्वयं को सहज ही जुड़ा हुआ पाया। उनका मानना था कि मनुष्य यदि अपनी तृष्णाओं पर विजय प्राप्त कर ले तो वह निर्वाण प्राप्त कर सकता है। इस प्रकार उन्होंने पुरोहितवाद पर करारा प्रहार किया और व्यक्ति के महत्त्व को प्रतिष्ठित किया। जो मनुष्य बुद्ध की, धर्म की और संघ की शरण में आता है, वह सम्यक ज्ञान से चार आर्य सत्यों को जानकर निर्वाण की परम स्थिति को पाने में सफल होता है। ये चार आर्य सत्य हैं - पहला दुःख, दूसरा दुःख का हेतु, तीसरा दुःख से मुक्ति और चौथा दुःख से मुक्ति की ओर ले जाने वाला अष्टांगिक मार्ग। इसी मार्ग की शरण लेने से मनुष्य का कल्याण होता है तथा वह सभी दुःखों से छुटकारा पा जाता है। निर्वाण के मायने है तृष्णाओं तथा वासनाओं का शान्त हो जाना। साथ ही दुखों से सर्वथा छुटकारे का नाम है- निर्वाण। बुद्ध का मानना था कि अति किसी बात की अच्छी नहीं होती है। मध्यम मार्ग ही ठीक होता है। बुद्ध ने कहा है - वैर से वैर कभी नहीं मिटता। अवैर (मैत्री) से ही वैर मिटता है - यही सनातन नियम है।

गौतम बुद्ध ने बौद्ध धर्म का प्रवर्तन किया और अत्यन्त कुशलता से बौद्ध भिक्षुओं को संगठित किया और लोकतांत्रिक रूप में उनमें एकता की भावना का विकास किया। उनका अहिंसा एवं करुणा का सिद्धांत इतना लुभावना था कि सम्राट अशोक ने दो वर्ष बाद इससे प्रभावित होकर बौद्ध मत को स्वीकार किया और युद्धों पर रोक लगा दी। आज भी युद्ध एवं आतंक के दौर में बुद्ध का मार्ग ही कारगर है। क्योंकि बौद्ध मत एवं बुद्ध की शिक्षाएं देश की सीमाएँ लांघ कर विश्व के कोने-कोने तक अपनी ज्योति फैला रही है। आज भी इस धर्म की मानवतावादी, शांतिवादी, बुद्धिवादी और जनवादी परिकल्पनाओं को नकारा नहीं जा सकता और इनके माध्यम से भेद भावों से भरी व्यवस्था एवं हिंसा की मानसिकता पर जोरदार प्रहार किया जा सकता है। आज दुनिया को युद्ध नहीं, बुद्ध की आवश्यकता है। यही धर्म आज भी दुःखी, पीड़ित एवं अशान्त मानवता को शान्ति एवं सहजीवन प्रदान कर सकता है। ऊँच-नीच, भेदभाव, जातिवाद पर प्रहार करते हुए यह लोगों के मन में धार्मिक एकता का विकास कर रहा है। विश्व शान्ति एवं परस्पर भाईचारे का वातावरण निर्मित करके कला, साहित्य और संस्कृति के विकास के मार्ग को प्रशस्त करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। मूलतः बौद्ध मत हिन्दू धर्म के अनुरूप ही रहा और हिन्दू धर्म के भीतर ही रह कर महात्मा बुद्ध ने एक क्रान्तिकारी और सुधारवादी आन्दोलन चलाया। सामाजिक क्रांति के संदर्भ में उनका जो अवदान है, उसे उजागर करना वर्तमान युग की बड़ी अपेक्षा है। ऐसा करके ही हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकेंगे। बुद्ध ने समतामूलक समाज का उपदेश दिया। जहां राग, द्वेष होता है, वहां विषमता पनपती है। जरूरत है उन्नत एवं संतुलित समाज निर्माण के लिए महात्मा बुद्ध के उपदेशों को जीवन में ढालने की। बुद्ध-सी गुणात्मकता को जन-जन में स्थापित करने की। ऐसा करके ही समाज को स्वस्थ बना सकेंगे। कोरा उपदेश तक बुद्ध को सीमित न बनाएं, बल्कि बुद्ध को जीवन का हिस्सा बनाएं, जीवन में ढालें।

---

## 12 मई : इतिहास की अहम घटनाएं

1881 आक्रमण के खतरे के तहत, ट्यूनीस मुहम्मद तिसिया-सादिक की बे ने ट्यूनीशिया को फ्रेंचप्रोटेक्टोरेट बनाने के लिए बार्डो की संधि पर हस्ताक्षर किए।

1885 सस्काचेवान की अनंतिम सरकार को बटोच की लड़ाई में निर्णायक रूप से हटा दिया गया था, जिसके कारण तीन दिन बाद उत्तर-पश्चिम विद्रोह समाप्त हो गया था।

1902 पेंसिल्वेनिया में एन्थ्रेसाइट कोयला के एक लाख 40 हजार श्रमिकों ने हड़ताल की।

1921 पहला नेशनल हॉस्पिटल डे मनाया गया।

1926 इटालियन निर्मित अर्ध-कठोर एयरशिप नॉरगे ने 12 मई, 1926 को उत्तरी ध्रुव का पहला सत्यापित ओवरफ्लाइट पूरा किया। यह यूरोप और अमेरिका के बीच ध्रुवीय बर्फ की टोपी पर उड़ान भरने वाला पहला हवाई पोत भी था।

1926 ट्रेड्स यूनियन कांग्रेस, ब्रिटिश व्यापारों के एक संघ, ने घोषणा की कि वह अपनी सप्ताह भर की सामान्य हड़ताल '[कोयला] खनिकों की मजदूरी और घंटों' की अनिश्चितता को समाप्त करेगी।

1926 रोआल्डअमुनडसेन के नेतृत्व में हवाई पोत नॉरज के चालक दल, नॉर्थपोल के लिए एक सत्यापित यात्रा करने वाले पहले लोग बन गए।

1926 हवाई पोत नोर्गे उत्तरी ध्रुव पर उड़ान भरने वाला पहला पोत बना।

1932 विल्हेम ग्रोनर ने जर्मनी के रक्षामंत्री के पद से इस्तीफा दिया।

1941 Z3, दुनिया का पहला कार्यशील प्रोग्राम और पूरी तरह से स्वचालित डिजिटल कंप्यूटर 12 मई, 1941 को बर्लिन में वैज्ञानिकों के दर्शकों के लिए प्रस्तुत किया गया था। Z3 को जर्मन सिविल इंजीनियर कोनार्ड जुसे द्वारा डिजाइन किया गया था, जिन्हें अक्सर कंप्यूटर का आविष्कारक माना जाता है।

1941 जर्मन इंजीनियर कोनराड ज़्यूस ने बर्लिन में वैज्ञानिकों के एक दर्शकों के लिए दुनिया का पहला कामकाजी प्रोग्राम Z3 (प्रतिकृति) प्रस्तुत किया, जो पूरी तरह से स्वचालित प्रोग्रामर है।

1942 द्वितीय विश्वयुद्ध-सोवियत सेनाओं के तहत मार्शल शिमशोन टिमोसेनकोला ने पूर्वी यूक्रेन में एक बड़े हमले को अंजाम दिया, केवल दो सप्ताह बाद जर्मन सैनिकों द्वारा नष्ट किए गए घेरने के लिए।

1942 खारकोव की दूसरी लड़ाई शुरू हुई।

1955 ऑस्ट्रिया ने 12 मई, 1955 को अपनी पूर्ण स्वतंत्रता हासिल की, क्योंकि द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद भी यह 1945 से 1955 तक मित्र देशों के कब्जे में रहा। ऑस्ट्रिया राज्य नाजी आक्रमण का पहला शिकार था और राष्ट्रीय समाजवादी की इस विवादास्पद विदेश नीति को इतिहास में विक्टिम थ्योरी कहा जाता है।

1955 ऑस्ट्रिया का संबद्ध व्यवसाय समाप्त हो गया, इसके बाद वर्ल्ड वर्ल्ड II के अंत के दस साल बाद पुन: अपनी स्वतंत्रता हासिल कर ली।

1958 कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका ने उत्तरी अमेरिका के लिए एयरोस्पेसेश्वरिंग और रक्षा प्रदान करने के लिए उत्तर अमेरिकी वायु रक्षा कमान के एक औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

1965 एक मानवरहित सोवियत अंतरिक्ष यान लूना 5, किसी भी अंतरिक्ष यान द्वारा चंद्रमा की सतह पर पहली चिकनी लैंडिंग के अपने प्रयास में 12 मई, 1965 को विफल हो गया। 1959 में लूना 2 के बाद चंद्रमा की सतह पर पहुंचने वाला यह दूसरा सोवियत अंतरिक्ष यान था।

1965 पश्चिम जर्मनी और इज़राइल राजनयिक संबंध स्थापित किये।

1966 बुश स्मारक स्टेडियम सेंट लुइस मिसौरी में खुला।

---

**समसामयिक**

# जातिगत जनगणना वर्ग संघर्ष को



आकाश शुक्ला

देश जब मोदी सरकार से पहलगाम के आतंकवादी हमले पर जवाबी कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठा था, कैबिनेट मीटिंग के पहले जनता को उम्मीद थी कि कुछ बड़ा होने वाला है तब अचानक मोदी सरकार की कैबिनेट ने जातिगत जनगणना करने का निर्णय लेकर जनता देश की जनता का ध्यान दूसरी और केंद्रित कर दिया है। वैसे मोदी सरकार के ऐसे निर्णयो की जनताा आदी हो चुकी है, जो लोग मोदी सरकार के क्रियाकलापों को सूक्ष्मता से अध्ययन करते हैं उन्हें ऐसे निर्णय से कोई आश्चर्य नहीं होता ।जातिगत जनगणना का निर्णय लेने का यह समय किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है ।जातिगत जनगणना की मांग करने वालों को अर्बन नक्सली बताने वाले मोदी जी की ऐसी क्या मजबूरी थी कि उनकी सरकार को अचानक जातिगत जनगणना का कठोर निर्णय लेना पड़ा जो धार्मिक संघर्ष में बटे देश को जातिय और उपजातिय संघर्ष की ओर धकेल देगा ।किसी भी देश को कमजोर करना हो तो उसके नागरिकों को उनकी संख्या के आधार पर बांट देने से अच्छा कोई रास्ता नहीं है, यह रास्ता जनाधार खोती कांग्रेस और तेजस्वी यादव की राष्ट्रीय जनता दल और अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के लिए ठीक था, जो कुछ राज्यों के जातिगत वोट पाने के लिए देश की एकता और अखंडता को खतरे में डाल सकते थे। परंतु राष्ट्रवादी पार्टी होने का दंभ भरने वाली बीजेपी के लिए यह निर्णय नुकसान पहुंचने वाला साबित होगा।

यदि जातिगत जनगणना का निर्णय उचित होता तो 75वर्षों की आजादी के दौरान जवाहरलाल नेहरू ,शास्त्री ,इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेई जैसे दिग्गज प्रधानमंत्रीयो के कार्यकाल में यह निर्णय ले लिया जाता, परंतु देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए देश के किसी भी पूर्व प्रधानमंत्री ने जातिगत जनगणना जैसे निर्णय को आखरी बार 1931 के अंग्रेज के शासनकाल के बाद बंद होने पर देश के आजाद होने के बाद से ही ठंडे बस्ते में डाल कर रखा था। विश्वनाथ प्रताप सिंह जैसे मंडल कमीशन लागू करने वाले प्रधानमंत्री भी जातिगत जनगणना जैसे मुद्दे को छूने की हिम्मत नहीं उठा पाए ।जातिगत जनगणना के आंकड़े आने के बाद शासकीय नौकरियों में आरक्षण का लाभ उठाकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी की कुछ विशेष जातियां जिनका शासकीय नौकरियों पर अधिकांश कब्जा है से आरक्षित वर्ग की अन्य जातियों का भी उपजाति संघर्ष बढ़ेगा क्योंकि आरक्षण की व्यवस्था में इसका फायदा उठाकर संपन्न होने के बावजूद भी क्रीमी लेयर जैसे प्रावधान न होने के कारण आरक्षित वर्गों में भी एक ऐसा वर्ग हो गया है जो आरक्षित वर्ग के वंचित लोगों के आगे बढ़ने में बाधा बना हुआ है।

यह देश का दुर्भाग्य ही है कि देश के पास एक सक्षम विपक्ष नहीं है, राहुल गांधी जैसे विपक्ष के नेता के पास खुद का कोई स्पष्ट दृष्टिकोण नहीं है कभी वह भारत जोड़ो यात्रा निकालते हैं और देशवासियों को एक करने की बात करते हैं और कभी उसके एकदम विपरीत जातिगत जनगणना जैसी वर्ग संघर्ष की चिंगारी को आग में बदलने की मांग करते है। सार्वजनिक जीवन में उनका खुद का कोई स्पष्ट दृष्टिकोण नहीं होना उनके व उनकी पार्टी के लिए नुकसान देह है।

हमारे देश में सामाजिक न्याय की परिपाटी गलत दिशा में चल चुकी है। जातिगत भेदभाव के कारण पूर्व में जो सामाजिक वैमनस्यता पनपी और देश को नुकसान हुए उस नुकसान को पूरा करने के लिए जातिगत भेदभाव की नई संवैधानिक व्यवस्था करने से 75 सालों में जातिवाद का दंश देश से खत्म नहीं हो पाया और सामाजिक भेदभाव और वैमनस्यता की नई परिपाटी देश में शुरू हो गई है। वैसे भी एक वैमनस्यता को दूसरी वैमनस्यता से खत्म नहीं किया जा सकता। जातिगत आरक्षण की व्यवस्था और एट्रोसिटी एक्ट जैसे कानून से सामाजिक भेदभाव को खत्म नहीं किया जा सकता हां इन व्यवस्थाओं के दुरुपयोग से नया सामाजिक अन्याय जरूर देखने में आता है।

जातिगत जनगणना जिसकी जितनी संख्या भारी उतनी उसकी हिस्सेदारी जैसी अवधारणा को बढ़ावा देने की दिशा में उठाया गया कदम है ।इससे देश के नागरिक भविष्य में संख्या के आधार पर विशेषाधिकार की मांग करेंगे जो नागरिकों को भारतीयता से दूर ले जाएगा और और अपने-अपने जातिगत उपजातिगत स्वार्थ में देश के नागरिकों को उलझा देगा।

---

# अन्तरराष्ट्रीय सकारात्मक साहित्य मंच की अप्रैल माह की काव्य गोष्ठी सम्पन्न

*घाटी में आतंकवाद ने फिर ललकारा हैक*
*या सिंहों का देश कभी चूहों से हारा है ?*

अन्तरराष्ट्रीय कवयित्री डॉ कीर्ति काले के द्वारका नई दिल्ली निवास पर सम्पन्न हुई। इस बार की गोष्ठी राष्ट्रीय विचारधारा के कवि श्री माखनलाल चतुर्वेदी जी को समर्पित थी। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण इस काव्य गोष्ठी का मूल विषय देश भक्ति था ।उपस्थित सभी रचनाकारों ने देशप्रेम पर आधारित उत्साहवर्धक श्रेष्ठ कविताओं का पाठ किया ।सबसे पहले कला एवं ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। तदुपरान्त दो मिनट का मौन रखकर कश्मीर में मारे गए निर्दोष भारतीयों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।अन्तरराष्ट्रीय सकारात्मक साहित्य मंच भारतीय संस्कृति एवं परम्पराओं का पोषक मंच है। श्रद्धांजलि के पश्चात डॉ वर्षा सिंह जी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। फिर सामुहिक रूप से वंदेमातरम् का गान हुआ ।मंच की अध्यक्षा प्रसिद्ध कवयित्री डॉ कीर्ति काले जी ने इस मंच के उद्देश्यों एवं भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी का शब्दों द्वारा स्वागत किया। ध्यातव्य है कि श्रद्धांजलि अर्पित करने के कारण इस बार किसी अतिथि का विधिवत स्वागत नहीं किया गया।



डॉ कीर्ति काले

पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन उपाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश कल्याणे ने किया।

आभार ज्ञापन श्री श्रीकान्त काले जी ने किया। स्वादिष्ट जलपान ग्रहण करके सबने फिर मिलने के संकल्प के साथ बिदाई ली ।व्यवस्था में सहयोगी रहे मंच के सचिव श्री संजीव कुमार, परामर्शदाता श्री प्रेम बिहारी मिश्र एवं कवयित्री डॉ वर्षा सिंह ।काव्यपाठ के क्रम में थे - डॉ कीर्ति काले ,श्री ओमप्रकाश कल्याणे, श्री जयसिंह आर्य, श्री देवेन्द्र



माँझी, डॉ वर्षा सिंह , श्री प्रेम बिहारी मिश्र, श्री संजीव कुमार, श्री अनिल उपाध्याय, डॉ रंजना अग्रवाल ,श्रीमती मधूलिका दास, श्रीमती कमल उप्रेती, श्रीमती प्रतिभा कुमार, श्री ताराचंद नादान, श्री श्रीकान्त काले, श्रीमती प्रीति कौशल, श्री गौरव कुमार, श्री सुनहरीलाल वर्मा तुरन्त, श्री विजय श्रीवास्तव, श्रीमती अनीता श्रीवास्तवआदि।

डॉ कीर्ति काले ने सुनाया -

*घाटी में आतंकवाद ने फिर ललकारा है*
*क्या सिंहों का देश कभी चूहों से हारा है ?*
*ऋषि कश्यप के काश्मीर में बम गोली बंदूकें क्यों*
*कल्हण वाली राज तरंगिणि के सारे स्वर सूखे क्यों*
*मंदिर की घंटियां नही हैं अब हैं सिर्फ अज़ानें क्यों*
*सोचो कश्मीरी पंडित अपना घर छोड़ के भागे क्यों*
*ये बदला परिदृश्य बताओ किसके द्वारा हैक*
*या सिंहों का देश कभी चूहों से हारा है ?*

ताराचंद शर्मा नादान ने कहा -

*नफ़रत की दीवारें मत तामीर करो*
*प्यार रहे हर दिल में वो तदबीर करो*
*राह भले मुश्किल हो या आसान रहे*
*हरइक दिल में लेकिन हिन्दुस्तान रहे*

ताराचन्द 'नादान'

डॉ रंजना अग्रवाल ने प्रस्तुत किया -

*आकुल हो, व्याकुल हो*
*बहुत छटपटाए हैं*
*कैसे पल आए हैं*
*कैसे दिन आए हैं*

डॉ वर्षा सिंह की पंक्तियां हैं -

*याद नहीं कलमा जिसे मिली मौत सौगात ।*
*लिखो आतंकवाद की, आज यहाँ पर जात ॥*

वरिष्ठ रचनाकार श्री देवेन्द्र माँझी जी की पंक्तियां -

*आँखों को चीरता गया अख़बार सुब्ह का*
*एक ऐसा ख़ूनी हादिसा पहली ख़बर में था*

ओजस्वी कवि-गीतकार डॉ जयसिंह ने सभी देशभक्तों को चेताते हुए कहाः-

*कब तलक ख़ूनी लहर देखोगे*
*कितना आतंकी कहर देखोगे*
*जाने वालों के चले जाने पर*
*तुम क्या मुर्दा का शहर देखोगे*

आतंकवाद के आका पाकिस्तान को सिंधु जल संधि पर धिक्कारते हुए इस मुक्तक की बानगीः-

*तुझको तेरे हिसाब से जीने नहीं देंगे*
*मारेंगे इतना ज़ख़्म भी सीने नहीं देंगे*
*प्यासा मरे तो मर हमें चिन्ता नहीं तेरी*
*पानी तुझे अब मुफ़्त का पीने नहीं देंगे*

*मातम हर एक फूल के चेहरे पे लिख गया*
*धब्बा जो एक ख़ून का तितली के पर में था*

# कानपुर में हेयर ट्रांसप्लांट के दौरान इंजीनियर की मौत

## पनकी पावर हाउस के AE हेयर ट्रांसप्लांट कराने के लिए एक निजी क्लिनिक पर गए थे

नेशनल एक्सप्रेस, डी के सिंह

कानपुर में हेयर ट्रांसप्लांट के दौरान इंजीनियर (AE) की मौत हो गई। पनकी पावर हाउस के AE हेयर ट्रांसप्लांट कराने के लिए एक निजी क्लिनिक पर गए थे। डॉक्टर के इंजेक्शन लगाने के बाद उनके चेहरे पर सूजन आ गई। इसके बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। इस पर उन्हें हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

मामला रावतपुर थाना क्षेत्र के पनकी आफिसर्स कॉलोनी का है। इंजीनियर की मौत 14 मार्च को हुई थी। सीएम पोर्टल पर शिकायत करने पर 54 दिन बाद शनिवार को पुलिस ने FIR दर्ज की। इससे पहले इंजीनियर की पत्नी मामला दर्ज कराने के लिए थाना, चौकी और एसीपी से लेकर डीसीपी, पुलिस कमिश्नर दफ्तर के चक्कर काटती रहीं, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। इंजीनियर की मौत के बाद से ही डॉक्टर क्लिनिक बंद करके फरार है।

पनकी स्थित ऑफिसर्स कॉलोनी में रहने वाले विनीत दुबे (37) पावर प्लांट मे सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत थे। मूल रूप से गोरखपुर के रहने वाले थे। विनीत दुबे के परिवार में पत्नी जया और दो बच्चे हैं।

पत्नी जया ने बताया- मैं होली पर बच्चों को लेकर मायके गोंडा गई थी। 13 मार्च को विनीत




हेयर ट्रांसप्लांट कराने लिए इंपायर वाराही क्लिनिक की डॉ. अनुष्का तिवारी के पास गए। जहां हेयर ट्रांसप्लांट के दौरान विनीत की हालत बिगड़ गई। उन्हें शारदा नगर के अनुराग हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

डॉक्टर अनुष्का ने मुझे फोन करके बताया कि विनीत के चेहरे पर थोड़ी सूजन है। इसलिए उन्हें हॉस्पिटल में एडमिट कराने जा रहे हैं। फिलहाल, उन्हें दर्द निवारक इंजेक्शन लगा दिया है।

इसके बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी, तो रिश्तेदारों ने गंभीर हालत देख उन्हें रीजेंसी नर्सिंग होम में भर्ती करा दिया। जहां इलाज के दौरान 14 मार्च को उनकी मौत हो गई। इसके बाद डॉ अनुष्का तिवारी क्लिनिक व फोन बंद करके फरार हो गईं।

पत्नी जया ने बताया-आरोपी डॉक्टर के खिलाफ सभी ऑडियो-वीडियो और अन्य साक्ष्यों के साथ CM पोर्टल पर भी शिकायत की। साक्ष्यों के साथ शिकायत के बाद रावतपुर थाना पुलिस ने शनिवार को रिपोर्ट दर्ज की। जया ने बताया कि डॉ. अनुष्का पर बिना अस्पतालों का पता दिए इलाज कराना, परिजनों को सूचित करने से पहले हॉस्पिटल छोड़कर फरार हो जाना। जैसे आरोपों को भी जांच में शामिल करने की बात कही गई है।

ACP कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया-इंजीनियर की पत्नी की तहरीर पर डॉक्टर अनुष्का तिवारी के खिलाफ लापरवाही से मौत की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द ही मामले की जांच करके आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. डीपी शिवहरे ने बताया कि हेयर ट्रांसप्लांट में संक्रमण और मौत बहुत दुर्लभ केस है। ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया 5-6 घंटे चलती है। इससे ऑपरेशन थिएटर संक्रमण मुक्त होना जरूरी होता है। जरा सी लापरवाही तो व्यक्ति को संक्रमण हो सकता है। साथ ही हेयर इम्प्लांट के लिए लोकल एनेस्थेसिया दिया जाता है। इसका भी दुर्लभ केस में रिएक्शन हो सकता है।

## सबमर्सिबल पानी की पाइप को हटाने को लेकर दो भाइयों मे खूनी संघर्ष में महिला घायल

कानपुर,बिल्हौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम प्रसाद निवादा पोस्ट लालपुर में एक खूनी संघर्ष महज खेतों में समरसेबल से पानी लगाने की पाइप को हटाने पर हो गया। घटना के बारे में आपको बताते चले कि विवाद दो भाइयों मे सबमर्सिबल पानी की पाइप को हटाने को लेकर हुआ। संघर्ष इतना भयावह हुआ कि बड़े और छोटे भाई के विवाद में छोटे भाई और उसके पुत्र व पुत्र के साढ़ू लोगों ने घेराबंदी कर पहले तो बड़े भाई लक्ष्मी नारायण पुत्र स्व. मुंशीलाल के साथ जबरदस्त मारपीट की वही इस घटना की जानकारी जैसे ही पीड़ित की पुत्री को मिली वह घटनास्थल पर पहुंची तब खुशीलाल पुत्र स्व. मुंशीलाल, खुशी लाल के पुत्र विकास, उसके साढ़ू ने लक्ष्मी नारायण की पुत्री कोमल के साथ भी मारपीट की और वहीं पर पड़े धारदार फावड़े से कोमल पर घातक प्रहार किए जिसके कारण कोमल को सर पर चोट आई और धारदार फावड़े से प्रहार के कारण नाक और आंख पर काफी चोट आई और घाव हो गया।

## कानपुर में साइबर ठगों ने एक महिला को अपना शिकार

# सूट खरीदने वाली पीड़िता के खाते से 98 हजार रुपए की ठगी को अंजाम दिया

नेशनल एक्सप्रेस,उत्कर्ष सिंह

कानपुर में साइबर ठगों ने एक महिला को अपना शिकार बनाया। तीन लेडीज सूट खरीदने वाली पीड़िता के खाते से 98 हजार रुपए की ठगी को अंजाम दिया। पीड़िता को सूट में शिकायत हुई।

जिस पर उन्होंने गूगल से कस्टमर केयर नम्बर निकाला। उसी नम्बर पर वो साइबर ठग के सम्पर्क में आ गई। साइबर ठगों ने चतुराई से उनसे एपीके फाइल डाउन लोग करा ली। उसी के जरिए ठगी को अंजाम दिया। पीड़िता ने मामले में नवाबगंज थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

केडीए सिग्नेचर विकास नगर नवाबगंज निवासी दीप्ति यादव के मुताबिक उन्होंने 6 अप्रैल 2025 को AJIO APP के जरिए तीन लेडीज सूट मंगाए थे। पार्सल आया। जब पार्सल खोलकर देखा तो उसमें एक ही सूट निकला। इसपर उसे वापस करने के लिए 7 अप्रैल 2025 को दीप्ति ने



गूगल पर AJIO का कस्टमर केयर नम्बर तलाशा।

दीप्ति के मुताबिक उन्होंने गूगल से एक मोबाइल नम्बर मिला। उसपर उनकी बात भी हुई। सामने से बात करने वाले ने दूसरा मोबाइल नम्बर दिया। उसके बाद उस दूसरे मोबाइल नम्बर पर पूरी बात हुई और कस्टमर केयर वाले ने बात करने के बाद लाइन काट दी। इसके थोड़ी देर बाद दीप्ति को एक अज्ञात नम्बर से वॉट्सऐप कॉल आई। उसने भी खुद को कस्टमर केयर से बताया और कहा कि एक लिंक पर क्लिक करने पर ऑर्डर कैंसिल होकर रिफंड मिल जाएगा। दीप्ति के मुताबिक उसने लिंक दिए और उसपर गूगल पर जाकर क्लिक करने को कहा।

लिंक पर क्लिक करने के साथ ही उसने कुछ सेकंड्स में कहा कि अपना खाता चेक करिए। दीप्ति के मुताबिक साइबर ठग से बात करने से पहले खाते में दो लाख रुपए बैलेंस पड़ा था। मगर जब उसने खाता चेक करने को कहा उसके बाद उसमें से 98 हजार रुपए निकल गए थे।

इस पर दीप्ति ने फोन करने वाले से कहा कि पैसा रिफंड होने के बजाय कट गया है। तो फोन पर मौजूद व्यक्ति ने कहा कि वो गलती से हो गया होगा। अगले 24 घंटे में पैसा वापस आ जाएगा। इसपर दीप्ति को संदेह हुआ तो उन्होंने परिजनों को जानकारी दी। जिसके बाद पता चला कि वो साइबर फ्रॉड की शिकार हो गई है। नवाबगंज इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्रा के मुताबिक मामले में पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। साइबर सेल की मदद से पैसा वापस लाने का प्रयास किया जा रहा है।

# कानपुर आप्थाल्मिक सोसायटी के तत्वाधान में कनिकाकॉन कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया

नेशनल एक्सप्रेस, डी के सिंह

कानपुर,कनिका अस्पताल व कानपुर आप्थाल्मिक सोसायटी के तत्वाधान में कनिकाकॉन कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है कार्यक्रम के चेयर पर्सन डा० शरद बाजपेई ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में नेत्र रोगों से सम्बन्धित भारत देश के प्रमुख विशेषज्ञों ने भाग लिया है तथा नेत्रों की जटिल बीमारियों का नई तकनीको द्वारा आपरेशन कनिका हास्पिटल में किया गया व उसका सजीव प्रसारण होटल रीजेन्टा में किया गया। भारत के विभिन्न राज्यों के नेत्र विशेषज्ञो ने कार्यक्रम में भाग लिया व नेत्र सम्बन्धित समस्याओ का निवारण किया। कॉन्फ्रेंस में नई दिल्ली से डा० एस. के. नारंग, इंदौर से डा० अमित पोरवाल, जयपुर से डा० समरेश, लखनऊ से डा० जतिन्दर वाही, डा० बेला, डा० विशाल कटियार, डा० दीवाकान्त मिश्रा, वरिष्ठ नेत्र सर्जन डा० सत्यजीत सिन्हा पटना से व डा० अनुपम आहूजा अलीगढ ने उपस्थित




नेत्र विशेषज्ञों को स्किल ट्रांस्फर व चर्चा की। कार्यक्रम का उद्घाटन आल इंडिया आप्थैल्मिक सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष विश्व विख्यात नेत्र विशेषज्ञ डा० एस के नारंग नई दिल्ली के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सचिव डा० मोहित खत्री ने मोतियाबिंद आपरेशन में होने वाली जटिलताओं के निवारण के बारे में चर्चा की। कानपुर आप्थाल्मिक सोसायटी के अध्यक्ष डा० मनीष महेन्द्रा ने कनिकाकॉन द्वारा आयोजित कार्यशाला के माध्यम से नेत्र विशेषज्ञों को स्किल ट्रांस्फर की सराहना की।

कार्यक्रम में कानपुर आप्थाल्मिक सोसायटी से डा० संगीता शुक्ला, डा० सोनिया दमेले, डा० ए. एम. जैन, डा० लोकेश अरोड़ा, डा० दिलप्रीत सिंह, डा० सुकान्त पाण्डेय, डा० पल्लवी, डा० आकाश शर्मा,योगेश बाजपेई ,आशुतोष बाजपेई आदि उपस्थित रहे।

## डॉ समीर गोविल नेफ्रोलॉजिस्ट ऑफ द ईयर से किए गए सम्मानित

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर अपना नाम देश विदेश में रोशन कर रहे हैं। नेफ्रोलॉजी के क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए मेडिकल कालेज के नेफ्रोलॉजिस्ट डॉक्टर समीर गोविल को मुंबई में द फोर्टुना ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड्स से सम्मानित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाले असाधारण उपलब्धियों को लेकर जश्न मनाया जाता है जोकि वर्ष 2024 में, यह कार्यक्रम 6-7 दिसंबर को दुबई में प्रतिष्ठित क्वीन एलिजाबेथ 2 पर आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में व्यापार, स्वास्थ्य कल्याण में उत्कृष्टता का सम्मान करते हुए 40 से अधिक देशों के दूरदर्शी लोगों को एक साथ एक मंच पर लाया गया। इसी मंच पर मुम्बई में 10 मई, 2025 को कानपुर जीएसवीएम मेडिकल कालेज के एसोसिएट प्रोफेसर नेफ्रोलॉजी डॉ समीर गोविल को इंडिया में "इंडिविजुवल कैटेगिरी" में नेफ्रोलॉजिस्ट ऑफ द ईयर सम्मान से सम्मनित किया गया।

# कानपुर के घाटमपुर में घर के पीछे सो रहे ट्रैक्टर चालक की ईंट से कूचकर हत्या कर दी गई

नेशनल एक्सप्रेस,उत्कर्ष सिंह

कानपुर के घाटमपुर में घर के पीछे सो रहे ट्रैक्टर चालक की ईंट से कूचकर हत्या कर दी गई। सुबह जब परिजनों से खून से लथपथ हालत में चालक का शव चारपाई पर पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज रही है।

DCP दीपेंद्र नाथ चौधरी, ADCP महेश कुमार पहुंचे। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इसके बाद परिजनों ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जाने दिया।

साढ़ के लक्ष्मणखेड़ा गांव निवासी (32) धीरेंद्र पासवान ट्रैक्टर चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। देर रात वह घर के बाहर चारपाई पर लेटा था। पत्नी रीना का आरोप है, कि गांव के रहने वाले कीर्ति यादव ने अपने साथियों संग मिलकर उनके पति की ईंट से कूचकर हत्या की है।

सुबह जब उनके पति काफी देर तक नहीं उठे तो वह उन्हें जगाने पहुंची तो उनके होश उड़ गए। चारपाई पर रक्त रंजित हालत में पति धीरेंद्र का शव पड़ा हुआ था। पास में खून से सनी एक ईंट पड़ी हुई थी। ACP रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। कार्रवाई की



जाएगी।

**कृषक दुर्घटना के अंतर्गत लाभ दिलाने का दिया आश्वासन**

लगभग तीन घंटे परिजनों ने धीरेंद्र का शव नहीं उठने दिया। परिजनों की मांग पर नरवल एसडीएम विवेक कुमार मिश्रा ने मृतक के परिजनो को कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत लाभ दिलाने के साथ मृतक की पत्नी की विधवा पेंशन बंधवाने का आश्वासन दिया।

**डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य**

घटनास्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने ब्लड सैंपल कलेक्शन करने के साथ एक लकड़ी का पावा रक्त रंजित मिला है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए है। डॉग स्क्वायड की टीम लगभग पांच सौ मीटर तक घूमा। वह घर के पीछे से होते हुए रास्ते से मेन रोड तक पहुंचा। इसके बाद वापस घर की ओर लौट आया। इससे अनुमान लगाया जा रहा है, कि हत्यारोपी पहले घर आया और फिर हत्या करके भागा है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।

**गांव में तनाव देख पीएसी बल तैनात**

मृतक धीरेंद्र और हत्यारोपी के घर लगभग पांच सौ मीटर की दूरी पर है। लक्ष्मणखेड़ा गांव में दोनों के घरों की दूरी ज्यादा न होने और माहौल तनाव पूर्ण होने की वजह से पीएसी बल को तैनात किया गया है। घटना से गुस्साए परिजनों ने डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी को बताया कि उन्होंने पांच दिन पहले साढ़ थाने में शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस बात डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने घाटमपुर एसीपी को जांच के आदेश दिए है। डीसीपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि जांच में दोषी पाए जाने पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हत्यारोपी की तलाश में पुलिस की पांच टीमें लगाई गई है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# न्यू इण्डिया चर्च ऑफ गॉड गोविन्द नगर में मदर्स डे के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का अयोजन किया गया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कनपुर, रविवार को मदर्स डे के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का अयोजन ₹न्यू इण्डिया चर्च ऑफ गॉड₹ गोविन्द नगर में किया गया। जिसमें माताओं का मदर्स डे के उपलक्ष्य में फूल मालाओ को पहनाकर उनके प्यार और बलिदान के लिये सम्मानित किया गया। मदर्स डे के विशेष अवसर पर पादरी जितेन्द्र सिंह ने कहा कि दुनिया के तमाम रिश्ते इस पृथ्वी पर आकर बनते है लेकिन माँ का रिश्ता अपने बच्चों के साथ जब एक बच्चा पृथ्वी पर पैदा भी नहीं होता तक से होता है। क्योंकि माँ अपने बच्चे को इस पृथ्वी पर उत्पन्न होने के पहले अपने गर्भ में रखती है।

माँ ही एक ऐसी है जो अपने बच्चो के लिए सबसे प्रथम गुरू होती है। एक माँ अपना सर्वश्व न्योछावर करके अपने बच्चों के लिये अपने सुखों का भी त्याग कर देती है। इस समय भारत देश एक ऐसे समय से गुजर रहा है जहाँ पर उसके सम्मान, रक्षा और गौरव के लिये तमाम बलिदानो की आवश्यता है। ऐसे समय पर भी तमाम माताओं ने अपने बच्चों को देश की सरहदों की सुरक्षा करने के लिए हँसते हुये उन्हें भेज दिया है। ऐसी माँताओं का पूरा देश और हम सब ऋणी है और इन्हीं मातओं और उनके बच्चों के कारण देश का भविष्य निर्माण होता है और हम चैन के साथ अपने घरो में सो भी पाते है। आज देश की नौजवान बेटियाँ और



बेटे अपना सब कुछ कुर्बान करने के लिये यहाँ तक की अपनी जान देने के लिये भी तैयार है और ये सब एक अच्छी माँ और उनके संस्कार एवं बलिदान के कारण होने पाता है। हम ऐसी देश की सभी माताओं को नमन करते है उनका आदर करते है और उनका हृदय से सम्मान करते है। करीब 60 माताओं को इस मदर्स डे के अवसर पर ₹न्यू इण्डिया चर्च ऑफ गॉड₹ एवं पास्टर्स एसोसिएशन उ०प्र० के द्वारा सम्मानित किया गया। वही महिलाओं ने एवं नौजवान पीढी के तमाम बहनों, भाईयों और उपस्थित लोगो ने हाथ उठाकर ये संकल्प लिया कि हम देश की एकता अखण्डता को तोड़ने वाले हर एक उस ताकत का मुह तोड जवाब देने के लिये एकता के साथ खड़े है और हम अपने देश की सुरक्षा के लिये तैनात हर जवान और हर उस व्यक्ति के लिये प्रार्थना करते है कि परमेश्वर उनकी सुरक्षा करें और हम सब शांति के साथ रह सकें साथ ही हम प्रार्थना करते है कि परमेश्वर हमारे देश में शांति स्थापित करे। हे परमेश्वर हम सबकों शांति, चैन और अमन प्रदान करें। आज इस अवसर पर हैलिना सिंह,मिसेज पूर्णिमा जेम्स,पूजा सिंह,अंकिता जॉन,मधुलिका,मैरी त्यागी,गीता वर्मा,हाजिरा पॉल,सरोज मसीह,भावना जेम्स,मिसेज साधना वर्मा,मिसेज अनीता मसीह,मिसेज मीरा,कमला मसीह,मार्था पॉल, मधुरम श्रीवास्तव, डॉरिस गिलवर्ट, डॉरथी दास,करिश्मा,गुडिया वर्मा, प्रतिभा जेकब,लक्ष्मी मसीह, उमिला, राधा, दयावती, मिसेज डिम्पल सिंह, नाओमी, ममता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# रेवोल्यूशनाइज़िंग एजुकेशन थीम पर प्रिंसिपल कॉन्क्लेव 2025 आयोजित हुआ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर,होटल रॉयल क्लिफ में जेबा इंटरनेशनल एजुकेशन ऑफ स्कॉलरबर्ड्स द्वारा 'प्रिंसिपल कॉन्क्लेव 2025' का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम की थीम ₹AI क्रांति द्वारा शिक्षा में नवाचारः अवसरों की खोज, चुनौतियों का समाधान,और भविष्य की दिशा₹ रही।

कार्यक्रम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में आ रहे परिवर्तनों पर व्यापक चर्चा हुई। कॉन्क्लेव में देशभर के 75 से अधिक प्रमुख विद्यालयों के प्राचार्य,शिक्षाविद,नीति निर्माता और विचारक शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राणा सिंह निदेशक, चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पटना ने AI के बढ़ते प्रभाव और उसकी संभावनाओं पर गहन विचार साझा किए।

कार्यक्रम के दौरान AI तकनीकों की प्रदर्शनी, विशेषज्ञ संगोष्ठियाँ,




और शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कारों का वितरण किया गया।

प्रतिभागियों को नवीनतम तकनीकी दृष्टिकोण और उपयोगी जानकारी से अवगत कराया गया। इस अवसर पर ZIES की संस्थापक निदेशक ज़ेबा परवीन ने कहा AI केवल तकनीक नहीं, बल्कि शिक्षा की दिशा को पुनर्परिभाषित करने का एक सशक्त माध्यम है। ZIES का प्रयास है कि हम शिक्षकों और शिक्षण संस्थानों को इस परिवर्तनशील युग के लिए तैयार करें।

लखनऊ और इंदौर में सफल कॉन्क्लेव के बाद, कानपुर में इस तीसरे संस्करण की सफलता हमें इस दिशा में और सशक्त कदम उठाने के लिए प्रेरित करती है।

कॉन्क्लेव के दौरान उपस्थित शिक्षाविदों ने AI के सकारात्मक उपयोग, नैतिकता, समावेशी शिक्षा और छात्र केंद्रित शिक्षण की दिशा में भी सार्थक विचार रखे।कार्यक्रम का एक और प्रमुख आकर्षण रहा डॉ. डीरेज मेहरोत्रा और जेबा परवीन द्वारा संयुक्त रूप से लिखी गई पुस्तक का विमोचन हुआ।

यह पुस्तक शिक्षा के क्षेत्र में AI के प्रयोग को लेकर एक महत्वपूर्ण संदर्भ सामग्री के रूप में सामने आई है।

ZIES द्वारा आयोजित यह संवाद मंच भविष्य की शिक्षा प्रणाली में नवाचार और गुणवत्ता के समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध हुआ है।

# कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात एडीशनल सीपी हरीश चन्दर अब डीआईजी कानपुर रेंज का कार्यभार सम्भालेंगे

नेशनल एक्सप्रेस, डी के सिंह

कानपुर से दो आईपीएस अधिकारियों का तबादला हो गया है। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात एडीशनल सीपी हरीश चन्दर अब डीआईजी कानपुर रेंज का कार्यभार सम्भालेंगे। वहीं आईजी रेंज कानपुर जोगिंदर लाल अब प्रयागराज के नए पुलिस कमिश्नर होंगे। एडीशनल सीपी के स्थान पर आशुतोष कुमार एडीशनल सीपी होंगे।

कानपुर में 7 फरवरी 2024 को एडीशनल सीपी कानून व्यवस्था का चार्ज संभालने वाले आईपीएस अधिकारी हरीश चन्दर का कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में रविवार को कार्यकाल पूरा हो गया।

एडीशनल सीपी को एक साल तीन माह और दस दिन के कार्यकाल में उन्होंने माफियाओं की कमर तोड़ने के साथ ही पुलिस कमिश्नर और फोर्स के बीच के बैलेंस को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईपीएस अधिकारी ने अपने कार्यकाल में आईजीआरएस पर भी काफी काम कराया।

निरंतर मॉनिटरिंग का प्रभाव यह पड़ा कि आईजीआरएस में कानपुर पुलिस कमिश्नरेट की पोजिशन बहुत नीचे नहीं गई। इसके अलावा तमाम बड़े मामलों में उन्होंने अपने एक्सपीरियंस के हिसाब से फोर्स का मनोबल बढ़ाने का भी काम किया।

शासन में एक साल का कार्यकाल कम अवधि माना जाता



है। ऐसे में रविवार को एकाएक एडीशनल सीपी कानून व्यवस्था हरीश चन्दर का ट्रांसफर पूरे महकमें में चर्चा का विषय बना हुआ था। यह ट्रांसफर किन कारणों से हुआ होगा इसे लेकर लोग कयास लगाते रहे।

शासन में एक साल का कार्यकाल कम अवधि माना जाता है। ऐसे में रविवार को एकाएक एडीशनल सीपी कानून व्यवस्था हरीश चन्दर का ट्रांसफर पूरे महकमें में चर्चा का विषय बना हुआ था। यह ट्रांसफर किन कारणों से हुआ होगा इसे लेकर लोग कयास लगाते रहे। हालांकि दबी जुबान से कुछ पुलिस अधिकारियों का यह भी कहना था कि पुलिस कमिश्नरेट ने कोई अधिकारी नहीं रहना चाहता और एडीशनल सीपी को डीआईजी कानपुर रेंज में ट्रांसफर को बाकी अधिकारी प्रमोशन के तौर पर ले रहे हैं। कुछ अधिकारियों ने नाम न खोलने की शर्त पर यह भी बताया कि अधिकारी ने खुद ही शासन में ट्रांसफर करने की बात कही थी।

एडीशनल सीपी कानून व्यवस्था हरीश चन्दर को डीआईजी कानपुर रेंज का चार्ज दिया गया है। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट से निकलकर अब वो कानपुर रेंज के छह जिलों को सम्भालने का कार्य करेंगे। जिसमें कानपुर देहात, कन्नौज, औरैया, इटावा फतेहगढ़ शामिल है। आईपीएस अधिकारी हरीश चन्दर ने 7 फरवरी 2024 में कानपुर में एडीशनल सीपी कानून व्यवस्था के तौर पर चार्ज संभाला था। उन्होंने ज्वाइंट सीपी आनंद प्रकाश तिवारी को रिप्लेस किया था।

कानपुर में चार्ज सम्भालने के बाद जब पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने सरकार की अनुमति के बाद त्रिनेत्र योजना लांच की तब एडीशनल सीपी ने पूरी थाने स्तर पर फोर्स को मोटीवेट कर ज्यादा से ज्यादा कैमरे लगवाने पर जोर दिया।

अधिकारियों की क्षेत्र बाधा को खत्म कर दिया था

अधिकारी बताते हैं आईपीएस अधिकारी हरीश चन्दर ने अधिकारियों की क्षेत्र बाधा को खत्म कर दिया था। घटना को देखते हुए उन्हें मालूम रहता था कि कौन अधिकारी कहां कारगर साबित होगा। लिहाजा वो अधिकारी को उनके क्षेत्र से बाहर निकालकर दूसरे क्षेत्र में स्थिति को नियंत्रण करने के लिए भेज देते थे। इसी तरह से कई सामाजिक संगठनों की मदद भी अधिकारी द्वारा ली जाती थी।

**पुलिस कमिश्नर की प्लानिंग पर पूरा एक्जीक्यूशन संभालते थे**

कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात अधिकारियों के मुताबिक पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की प्लानिंग को पूरी तरह से ग्राउंड लेवल पर एक्जीक्यूट कराने का कार्य एडीशनल सीपी हरीश चन्दर द्वारा किया जाता था।

फिर वो कार्य माफियाओं की कमर तोड़ने का हो। वकीलों में माफियाओं को चिन्हित करने का हो। कैमरे लगवाने का हो। कम्यूनिटी पुलिसिंग से जुड़ा मामला हो। सभी का एक्जीक्यूशन हरीश चन्दर द्वारा कराया गया।

**आईजी रेंज प्रोफेशनली सख्त मगर फोर्स के प्रति रखते नर्म दिल**

आईजी रेंज जोगिंदर लाल ने फरवरी 2024 में डीआईजी कानपुर रेंज के तौर पर अपना कार्यकाल शुरू किया था। अधिकारियों ने नाम न खोलने की शर्त पर बताया कि वो फोर्स को लेकर नरम दिल थे मगर प्रोफेशनली बहुत सख्त। यही कारण है कि उनके कार्यकाल में 12 बार कानपुर रेंज आईजीआरएस में नम्बर 1 की पोजिशन पर रहा।

आईजी रेंज गुंडा, हिस्ट्रीशीट गैंगस्टर आदि कार्रवाई को लेकर बहुत एक्टिव थे। उनकी कार्यशैली यही थी कि किसी भी शातिर को बख्शा नहीं जाए। अपने कार्यकाल में उन्होंने अपराधियों को सजाएं दिलाने में भी काफी काम किया।

# कथा से होता है ईश्वर के स्वभाव,प्रभावादि का ज्ञान

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर, बाबा महाकालेश्वर जी के छब्बीसवें वार्षिकोत्सव पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस पर प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित कथावाचक आचार्य अभिषेक शुक्ल जी ने कहा कि एकमात्र परमप्रभु ही सत्यस्वरूप हैं,शेष समस्त संसार निःसार है,कथा के निरनन्तर श्रवण से ईश्वर के स्वभाव,प्रभाव आदि का ज्ञान एवं संसार की सत्यता की वास्तविकता से व्यक्ति परिचित होता है और संसार की सत्यता का ज्ञान होने पर मनुष्य के मन में भगवच्चरणाम्बुजों के प्रति विश्वास उत्पन्न होता है,जब प्रभुचरणों में विश्वास स्थिर हो जाता है,तब संसारसागर को वह अनायास पार कर जाता है,पद्मपुराणोक्त श्रीमद्भागवत माहात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि जैसे श्रीमद्भागवत के श्रवण से भक्ति,ज्ञान और वैराग्य तीनों स्वस्थ हो गए,पापाचार पारायण धुन्धकारी का उद्धार हो गया,तदनुरूप यदि हम भी श्रद्धापूर्वक कथा श्रवण करेंगे तो हमारे अंतःकरण में भी भक्ति,ज्ञान,वैराग्य को पुष्टता प्राप्त होगी और ईर्ष्या,द्वेष,अभिमानरूपी धुन्धकारी का मोक्ष हो जाएगा,नित्य सायं 4 से 8 बजे तक भागवत कथा होगी ।इस अवसर पर बाबा महाकाल यज्ञ सेवा समिति के अध्यक्ष, कालीमठिया महाकालेश्वर मंदिर के प्रबंधक प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य नरेन्द्र शास्त्री,समिति उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी शर्मा,दीपा निगम अजित श्रीवास्तव, निधी मेहरोत्रा आदि विविध श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# ठीगरी रिंग रोड पर मिनी अंडरपास बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

### एनएचआई के खिलाफ भड़के ग्रामीण, सांसद व क्षेत्रीय विधायक से हस्तक्षेप करने की मांग



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रविवार को मिनी अंडरपास की मांग को लेकर सैकड़ो ग्रामीणों ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए ठीगरी रिंग रोड पर मिनी अंडरपास बनाने की मांग की है। ठीगरी, लखनपुर, नकटपुरी, आंवला घाट, सिकमपुर पांडे,गुलड़िया, दिलपुरे की मिल्क, खैरखाता, सक्टूनगला, सरकड़ा खास,हमीरपुर सहित दो दर्जनों गांवों को जोड़ने वाले रिंग रोड को बंद करने पहुंची एनएचआई टीम के खिलाफ सभी गांवों के लोगों ने इकट्ठा होकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि हम सभी लोग इसी रास्ते से मुरादाबाद को जाते है,अगर ये रिंग रोड बंद हो जाएगा तो सभी लोगों को बहुत परेशानी होगी। उक्त सभी गांवों के किसानों के खेत भी इस रिंग रोड के पास में ही है। जिस पर उक्त सभी किसान अपनी बैलगाड़ी, और इंजन इसी मार्ग को लेकर जाते है। और इसी रास्ते से घर आते है। इस रोड को पीडब्लूडी ने वर्ष 2007 में चयनित किया था। यह रास्ता 20 से 25 गांव को जोड़ने का मैंन रास्ता है। इस रास्ते को रिंग रोड अधिकारी बन्द कर रहे है। और इन सभी गांवों के लोगों को घुमाकर रास्ता दे रहे हैं। उक्त सभी लोगो ने इस बात से नाराज होकर पहले भी जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया गया है।इसमें सभी ग्रामीणों ने बताया कि हम इस रोड को बंद नहीं कराना चाहते हैं। इस रिंग रोड को बंद किए बिना एक मिनी अंडरपास बनवाया जाए। अगर ये रिंग रोड बंद किया जाता है, तो उक्त सभी गांवों के लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ेगा,और किसानों को कृषि कार्य करने में काफी दिक्कतें आएगी।

इस रोड पर होते हुए सभी ग्रामीण कम समय में रामपुर दोराहा होते हुए सीधे मुरादाबाद पहुंच जाते है।ग्रामीणों ने आगे कहा कि अगर अधिकारी इस रास्ते को बंद करते है और हमारी मांग नही मानी तो हम अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे और मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी मांग रखते हुए ज्ञापन सौंपेंगे।

# आपदा प्रबंधन द्वारा मॉक ड्रिल कर लोगो को जागरूक किया गया

### सिविल डिफेंस टीम ने मॉक ड्रिल कराकर आमजनमानस को बचाव की दी जानकारी



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निर्देशन में एसडीएम सदर व क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स द्वारा प्रशासनिक व आपदा प्रबंधन अधिकारियों के साथ ब्लॉक मुरादाबाद में संभावित शत्रुतापूर्ण हमलों में नागरिक सुरक्षा एवं बचाव व आपात स्थितियों में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के दृष्टिगत सिविल डिफेंस टीम के माध्यम से मौक ड्रिल करा, मुरादाबाद पुलिस,प्रशासन व आमजनमानस को बचाव हेतु जानकारी दी गई।

आपदा से बचाव को लेकर किया मॉक ड्रिल साथ ही आपातकालीन स्थिति में किस प्रकार से निपट जाए और क्या-क्या व्यवस्थाएं की जाएं। इसके बारे में सभी को बताया गया। आपदा प्रबंधन की टीम के द्वारा मॉक ड्रिल कराकर बताया और सभी को बताया गया कि आप सभी लोग अफवाहों पर ध्यान ना दें।

सरकारी सूचना पर ध्यान दें। और बचाव कार्य के बारे में ग्राम पंचायत में सभी को जागरूक कर,सायरन बजाने पर जमीन पर लेट जाएं। कान और आंख बंद कर लें।

यदि आग लगने की स्थिति आती है। तब उसको गिले कपड़ा कर भिगोकर उसे आज बुझाएं और यदि किसी को चोट लग जाती है,तो आपातकालीन में स्थिति में तो उनको कैसे अस्पताल पहुंचना है।

इसके बारे में डेमोंसट्रेशन कर दिखाया गया मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### जीवीपी मुक्त अभियान के तहत सफाई कार्य किया गया

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** स्वच्छता से ही सुंदरता का जन्म होता है। नगर निगम मुरादाबाद द्वारा वार्ड 5, आशियाना और वार्ड 26 , कटघर में जी.वी.पी. मुक्त अभियान के तहत सफाई कार्य सफलतापूर्वक किया गया। साथ ही स्वच्छ भारत अभियान द्वारा स्लोगन देकर आइए हम भी एक कदम आगे बढ़ाएं और मिलकर मुरादाबाद को स्वस्थ, स्वच्छ और शानदार बनाएं। आम-जनमानस से सहयोग व स्वच्छ नगर की अपील की। प्लास्टिक थैली, ग्लास, क्रॉकरी आदि के उपयोग से बचने की सलाह दी गई। सभी को गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखने और दो अलग डस्टबिन के उपयोग की जानकारी दी। कि वे पहले से ही प्लास्टिक की थैलियों की जगह कपड़े की थैलियों का उपयोग कर रहे हैं। परिसर में डस्टबिन की व्यवस्था कर स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। यह अभियान स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त समाज की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

### सेल्फी प्वाइंट बनाकर लोगों किया जागरूक,ई रिक्शा चालकों किया सत्यापन



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**बिलारी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में रविवार को थाना बिलारी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत सेल्फी प्वाइंट बनाकर लोगो को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक कर शपथ दिलाई गई तथा सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गई। साथ ही मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना बिलारी पुलिस द्वारा ई-रिक्शा चालकों का सत्यापन कर ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमो का पालन करते हुये वाहन चलाने की अपील की गई।

### उपनिरीक्षकगणों व बीट कर्मचारीयों के साथ की बैठक



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में थाना प्रभारी कांठ द्वारा अधिकारी,कर्मचारियों के साथ गोष्ठी कर उ0नि0गण का OR लिया एवं उ0नि0गण को विवेचनाओं,प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये तथा बीट प्रभारियों को बीट प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए नियमित रूप से अपनी बीट क्षेत्र में भ्रमण करने, बीट बुक को अद्यावधिक रखने के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये ।

# मुगलपुरा पुलिस ने अवैध चरस के साथ एक युवक को पकड़ा



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियो पर अकुंश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत रविवार को उपनिरीक्षक हरेन्द्र सिंह द्वारा मय हमराह कर्मचारीगण के अभियुक्त रिजवान उर्फ बड्डा पुत्र असदुल्ला उर्फ गुड्डू निवासी लंबी गली फैजगंज थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद को 1152 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त संबंध में थाना मुगलपुरा पर पंजीकृत किया गया। आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद जेल भेज दिया।

# सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के तीन दिवसीय निःशुल्क कैम्प का शुभारम्भ

### पात्रों तक पहुंच रहा है योजनाओं का लाभ : शहर विधायक

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**



**मुरादाबाद।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के शहर विधायक रितेश गुप्ता द्वारा तीन दिवसीय निःशुल्क केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए फ्री कैंप का आयोजन किया गया।

भारतीय जनता पार्टी कटघर मण्डल के वार्ड नं० 44 पीतल बस्ती में विधायक जी द्वारा प्रारम्भ किये गए केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तीन दिवसीय निःशुल्क आवेदन कैम्प लगाकर आम-जनमानस को इसका सीधा लाभ पहुंचाना।

वार्ड के सम्मानित क्षेत्रवासियों ने कैम्प में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड आवेदन वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग पेंशन आवेदन श्रमिक कार्ड,लेबर कार्ड पंजीकरण छात्रवृत्ति एवं शिक्षा संबंधित योजनाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना ,उज्ज्वला योजना आवेदन नौकरी व कौशल विकास योजना पंजीकरण अन्य सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी व आवेदन सहायता की गई। इस कैंप में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष पुरुषों ने भागीदार होकर कैंप में आवेदन किया।

# एनपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में लखनऊ टीम बनी चैंपियन



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**पीपलसाना।** ब्लॉक भगतपुर टांडा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नेकपुर में एनपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में एलएसजी, लखनऊ की टीम ने चेन्नई हराकर बाजी मारी, तथा सभी खिलाड़ियों को ट्राफी व मैडल के साथ सम्मानित किया गया। तीन टीमों ने हिस्सा लिया था जिसमे केकेआर के कैप्टन मोहम्मद सद्दाम की टीम सेमी फाइनल में हारकर बाहर हो गई थी।

एलएसजी के कैप्टन मोहम्मद जावेद, की टीम ने सीएसके चेन्नई जिसके कैप्टन पप्पू कस्यप को हराकर जावेद की टीम ने पूरे क्षेत्र में नाम रोशन किया, तथा हर वर्ष की तरह इस बार भी एनपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का संचालन मास्टर फिदाअली हुसैन विशेष सिंह कश्यप, तथा मो0 सद्दाम के द्वारा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मो0 जावेद राजू ठाकुर, मो0 रफी, नदीम सलमानी, रंजीत कश्यप, जहीर खान, मो0 मोहसिन, राजकुमार ठाकुर, दिनेश कश्यप, सुबोध कश्यप, मो0 शहनावाज, मो0 सलमान, नितिन कश्यप, सोहित, सैफली, तथा भारी संख्या में ग्रामीण व क्रिकेट टीम के सदस्य मौजूद रहे।

# मारपीट करने व उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने के तीन वांछित आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

**डिलारी।** वादी अशोक कुमार पुत्र डालचन्द निवासी ग्राम कांकरखेडा थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा जान से मारने की नियत से वादी के भाई के सिर में ईट मार कर गम्भीर रूप से घायल कर देने तथा जान से मारने की धमकी देने व इलाज के दौरान वादी की भाई की मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में थाना डिलारी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना डिलारी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। व0उ0नि0 सुभाषचन्द्र यादव द्वारा पुलिस बल के साथ अभियुक्तगण ब्रजपाल उर्फ छिद्दा पुत्र पूरन सिंह निवासी ग्राम काकंरखेडा थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद मृदुल उर्फ जयप्रकाश पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम कांकरखेडा थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद रणवीर सिंह उर्फ राजवीर पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम कांकरखेडा थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से आलाकत्ल एक चोखा,ईट का टुकडा,बरामद किया गया।

# मॉक ड्रिल : ब्लॉक परिसर में एसडीआरएफ टीम ने अभ्यास कराकर आपदा से निपटने की तैयारी

- ईओ नगर पंचायत ने ब्लैक आउट के समय सावधानी बरतने की अपील

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**





**भोजपुर।** रविवार को भगतपुर के ब्लॉक सभागार में नयाब तहसीलदार अंकित गिरी के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन अधिकारियों द्वारा संभावित शत्रुतापूर्ण हमलों से नागिरक सुरक्षा एवं बचाव व आपदा स्थितियों में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के दृष्टिगत एसडीआरएफ यू.पी.टीम द्वारा मॉक ड्रिल के बचाव के प्रति किया जागरूक रविवार को भगतपुर के ब्लॉक सभागार में नयाब तहसीलदार अंकित गिरी के नेतृत्व में एसडीआरएफ यू.पी.टीम द्वारा ग्राम प्रधानों व आशाओं को मॉक ड्रिल के दौरान जंग की आशंका के चलते हवाई हमलों से बचने के लिए जागरूक किया गया साथ ही मॉक ड्रिल के दौरान ग्रामीणों और ग्राम प्रधानों व आशाओं को हवाई हमलों के परिस्थिति से निपटने के लिए आग पर काबू पाने व घायलों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराए जाने के बारे में बताया गया।

भारत और पाकिस्तान के बीच उत्पन्न तनाव की स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देश पर लोगों को हवाई हमले के प्रति जागरूक करने हेतु मॉक ड्रिल कराई गई।

जिसमें पुलिस, प्रशासन, सुरक्षा एजेंसियों,SDRF यू.पी.टीम द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नयाब तहसीलदार शहर अंकित गिरी ने कहा कि मॉक ड्रिल इस उद्देश्य से की गई है कि हमला होने की स्थिति में समस्त संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए इस प्रकार कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे की कोई भी जनहानि या संसाधन इससे प्रभावित न हो,उन्होंने कहा कि हवाई हमले की स्थिति में सूझबूझ के साथ स्थिति को संभालना है। व सुरक्षित रहने का हर संभव प्रयास करना है। घबराहट, भगदड़ आदि परिस्थितियां उत्पन्न न होने दें। ऐसी परिस्थितियों से बचाव के उपाय के बारे में जागरूक करते हुए हवाई हमले से बचाव हेतु हवाई हमले के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां के विषय में विस्तार से बताया गया। इस दौरान भगतपुर ब्लॉक बीडीओ अमर सिंह, नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह,थाना प्रभारी शरद मलिक,चेयरमैन प्रतिनिध अर्शमान अख्तर, सहित ब्लॉक कर्मचारी व ग्राम प्रधान ,आशाए मौजूद रही।

# मालवन में शिवाजी महाराज की 91 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण



**मालवन (एजेंसी)** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने के करीब नौ महीने बाद रविवार को उसी स्थान पर शिवाजी की 91 फुट ऊंची नयी प्रतिमा का अनावरण किया गया।

पिछली 35 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापना के आठ महीने से भी कम समय में पिछले साल अगस्त में ढह गई थी, जिसके कारण सरकार के खिलाफ व्यापक आक्रोश फैल गया था। उस प्रतिमा का अनावरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चार दिसंबर 2023 को नौसेना दिवस समारोह के दौरान किया था। इस प्रतिमा के ढहने के कारण मूर्तिकार-ठेकेदार जयदीप आप्टे को गिरफ्तार कर लिया गया था। मालवन के किले में नयी प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस बात का पूरा ध्यान रखा गया है कि नयी प्रतिमा किसी भी वातावरण में कम से कम 100 साल तक टिकी रहे। प्रतिमा के रखरखाव का जिम्मा इसे बनाने वालों को दिया गया है।

उन्होंने कहा, ''यह प्रतिमा 91 फुट ऊंची है और इसका आधार 10 फुट ऊंचा है।'' प्रतिमा बनाने का ठेका प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार और अनिल सुतार की फर्म राम सुतार आर्ट क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया, जिसने गुजरात में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का निर्माण किया था।

फडणवीस ने कहा कि यह प्रतिमा भीषण तूफानों को झेलने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि यह शायद देश में छत्रपति शिवाजी की सबसे बड़ी प्रतिमा है।

फडणवीस ने कहा, ''दुर्भाग्यपूर्ण घटना (प्रतिमा गिरने की) के बाद, हमने फैसला किया था कि किसी भी परिस्थिति में, हम छत्रपति शिवाजी महाराज की एक और भव्य प्रतिमा बनाएंगे।'' उन्होंने कहा कि किले से सटी जमीन को बेहतर सुविधाओं के लिए अधिग्रहित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रतिमा का निर्माण प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के इंजीनियरों और जे जे स्कूल ऑफ आर्ट्स के प्रमुख के साथ मिलकर किया है।

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि अगस्त 2024 में प्रतिमा ढहने के बाद राज्य सरकार ने ऐसी ही एक प्रतिमा बनाने का संकल्प लिया था और उसी के अनुसार निर्देश दिए गए थे। नयी प्रतिमा में शिवाजी महाराज के हाथ में 29 फुट लंबी तलवार है।

शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दिसंबर 2023 में प्रतिमा का अनावरण किया था। शिंदे ने कहा, ''आज वह (प्रधानमंत्री) यहां नहीं हैं, लेकिन वह देश की रक्षा कर रहे सैनिकों के पीछे मजबूती से खड़े हैं। वह शिव कार्य कर रहे हैं।''

## बनने के एक सप्ताह बाद ही टूटने लगी सड़क

### कार्यदायी संस्था की गुणवत्ता और विभागीय अधिकारियों की निगरानी पर उठने लगे हैं सवाल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**गोंडा।** मसकनवां चंद्रदीप घाट गौरा चौकी मसकनवा कटरा मार्ग का निर्माण छः दिन पहले हुआ था। सिंगार घाट के पास तेजपुर पम्प के पास सड़क में बड़ी बड़ी दरारें आ कर धंस गयी। निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी का मामला प्रकाश में आया है। महज छह दिन पहले सड़क की पेंटिंग किया गया था। तेजपुर स्थित पेट्रोल पंप के सामने नवनिर्मित सड़क में बड़ी दरार आ गई है। इससे राहगीरों को जहां आवागमन में परेशानी हो रही है। निर्माण एजेंसी और विभागीय निगरानी को लोग कोस रहे हैं ।

करीब 21 किलोमीटर लंबे इस मार्ग की मरम्मत के लिए शासन से कुल 11 करोड़ 69 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। इसमें से एक करोड़ 27 लाख रुपये की पहली किश्त जारी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ था। लेकिन शुरुआती चरण में ही सड़क की सतह में दरार आना कार्यदायी संस्था की गुणवत्ता और विभागीय अधिकारियों की निगरानी सवाल उठने लगे हैं ।

स्थानीय लोगों ने घटिया गुणवत्ता निर्माण का आरोप लगाया है ।लोगों ने जांच की मांग की है ।शिवम पाण्डेय ,शिव कुमार चौधरी, विजय, भोला पाण्डेय, रवि पटेल, सूरज सहित कई लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। लोगों का आरोप है कि सड़क में जम्पिंग है ।ठीक से लेवलिंग नहीं किया गया है । गुणवत्ता पर ध्यान दिया गया। जिससे भारी वाहनों के गुजरते ही सड़क की सतह बैठ गई और दरारें उभर आईं। ग्रामीणों ने मांग की है कि कार्यदायी संस्था की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए और मरम्मत कार्य दोबारा उच्च गुणवत्ता के साथ कराया जाए। अवर अभियंता दिनेश ने बताया कि जहां सड़क में दरार आ गयी है अथवा धंस गयी है। वहां सड़क को पुनः बनाया जायेगा ।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल, 11 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रविवार को पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। सरकार ने 11 वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले करते हुए नई तैनातियां की हैं। यह निर्णय प्रशासनिक कार्यकुशलता और रणनीतिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जो इस प्रकार है :
तरुण गाबा, पुलिस आयुक्त प्रयागराज - बनाए गए पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ, जोगेंद्र कुमार - बने पुलिस आयुक्त, प्रयागराज, आशुतोष कुमार- बने अपर पुलिस आयुक्त, कानपुर, उपेंद्र अग्रवाल - बने पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी मुख्यालय,
हरीश चंद्र - बनाए गए पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर, संजीव त्यागी - बने पुलिस उपमहानिरीक्षक, कारागार, प्रदीप गुप्ता - बने पुलिस उपमहानिरीक्षक, कारागार प्रशासन, हेमत कुटियाल - बने पुलिस उपमहानिरीक्षक, एसएसएफ लखनऊ
रामबदन दन सिंह - बने अपर पुलिस आयुक्त, आगरा, रमेश प्रसाद गुप्ता - बने सेनानायक, पीएसी मुरादाबाद, अमित कुमार - बनाए गए सेनानायक, 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ।
यह फेरबदल कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और पुलिसिंग में दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने 4 को रौंदा,एक की मौत, तीन गंभीर

नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार

**पटना(बिहार)।** नवादा जिले के अकबरपुर प्रखंड में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ ।फुलमा गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने चार लोगों को टक्कर मार दी ।हादसे में भीकमपुर गांव के 55 वर्षीय शिवदान मिस्त्री की मौत हो गई ।घटना शनिवार की रात की है ।चारों व्यक्ति फुलमा गांव के पास खड़े होकर बातचीत कर रहे थे ।इसी दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी ।सभी घायलों को तुरंत प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया ।रविवार को शिवदान मिस्त्री ने अस्पताल में दम तोड़ दिया ।हादसे में मृतक के दामाद उदय कुमार,बेटा सुजीत कुमार और समधी विनोद कुमार भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं ।तीनों का इलाज प्राइवेट अस्पताल में जारी है।

### ओडिशा के मुख्यमंत्री का युवाओं से नागरिक सुरक्षा संगठनों में शामिल होने का आह्वान

**भुवनेश्वर (एजेंसी)** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को युवाओं से देश की सेवा के लिए स्वयंसेवक के रूप में नागरिक सुरक्षा संगठनों में शामिल होने की अपील की। माझी ने कहा कि युवा राष्ट्र की आशा, शक्ति और विश्वास का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने उनसे राष्ट्रवाद की भावना के साथ नागरिक सुरक्षा संगठनों में शामिल होने के लिए आगे आने की अपील की। वीडियो संदेश में माझी ने कहा, ''देश के आम लोगों की जान-माल की सुरक्षा हम सभीकी जिम्मेदारी है। सुरक्षा और सेवा हमारी सर्वोच्च जिम्मेदारी है।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए मैं सभी लोगों, खासकर युवाओं से अपील करता हूं कि वे नागरिक सुरक्षा संगठनों में स्वयंसेवक के तौर पर शामिल हों।'' संबंधित घटनाक्रम में, मुख्यमंत्री ने लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण संयंत्र के उद्घाटन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को बधाई दी है। माझी ने 'एक्स' पर लिखा,''यह मील का पत्थर भारत की रक्षा क्षमताओं को एक बड़ा बढ़ावा देगा और रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में हमारी यात्रा को मजबूत करेगा।

## गंदगी के ढेर और कंपनी की गैरहाजिरी से बेकाबू लखनऊ, पार्षद परेशान

### चेन्नई की कंपनी 'रैमकी' के आने के बाद बिगड़ी सफाई व्यवस्था, मोहल्लों में कूड़े के ढेर, पार्षदों पर जनता का गुस्सा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी में सफाई व्यवस्था एक बार फिर से पूरी तरह चरमरा गई है। चेन्नई की जिस नई निजी कंपनी 'रैमकी' को डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की जिम्मेदारी दी गई, उसने कामकाज शुरू करते ही पूरे शहर को गंदगी के हवाले कर दिया है।

लाल बहादुर शास्त्री वार्ड-2 के पार्षद भूपेंद्र शर्मा ने नाराजगी जताते हुए कहा, ₹जब से इस कंपनी को ठेका मिला है, सफाई की पूरी व्यवस्था पटरी से उतर गई है। डोर-टू-डोर कलेक्शन लगभग बंद हो गया है।₹ स्थिति यह हो गई है कि शक्तिनगर, नीलगिरी, कन्वेंशन सेंटर, मीना मार्केट, ब्लॉक ऑफिस, आरईएस गोदाम, कुर्मांचल नगर, मानस विहार और पूरे सर्वोदय नगर क्षेत्र में कई दिनों से कूड़ा नहीं उठाया गया है।

#### पार्षदों पर फूट रहा गुस्सा

पार्षद भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि जनता रोज सुबह उनके सर्वोदय नगर स्थित कार्यालय पर भीड़ लगाकर नाराजगी जताती है। लोग अब कूड़ा बोरियों में भरकर रात के अंधेरे में इधर-उधर फेंक रहे हैं, जिससे नालियों और सड़कों के किनारे गंदगी जमा हो रही है। उन्होंने कहा, स्थिति इस हद तक खराब है कि कई इलाकों में बदबू फैलने लगी है।

#### कंपनी 'हवा में', प्रशासन मौन

आश्चर्य की बात यह है कि नगर निगम प्रशासन पूरी तरह से चुप है और नई कंपनी की नाकामी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पार्षदों के अनुसार, रैमकी कंपनी के पास न तो पर्याप्त संसाधन हैं और न ही अनुभव, फिर भी उसे एक बड़ा जिम्मा सौंप दिया गया।

## केजीएमयू में कम लागत पर पहली रोबोट सर्जरी सफल: मरीज को राहत, नई तकनीक की शुरुआत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में कम लागत वाली भारतीय रोबोटिक सर्जिकल प्रणाली 'मंत्रा' के माध्यम से इंगुइनल हर्निया का पहला सफल रोबोट असिस्टेड रिपेयर ऑपरेशन किया गया। यह सर्जरी प्रो. डॉ. हरविंदर सिंह पाहवा, डॉ. अजय कुमार पाल (एडिशनल प्रोफेसर), डॉ. हर्ष (रेजिडेंट डॉक्टर), और एनेस्थेसिया विशेषज्ञ डॉ. विनोद श्रीवास्तव की टीम द्वारा की गई। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति पूरी तरह से स्थिर है और उसे अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई।

रोबोटिक सर्जरी की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम केजीएमयू के लिए एक नए युग की शुरुआत है। अब तक रोबोटिक सर्जरी तकनीक सिर्फ बड़े निजी अस्पतालों और कुछ गिने-चुने सरकारी संस्थानों तक सीमित थी, लेकिन अब यह आम जनता के लिए भी सुलभ बन रही है। इस प्रणाली की स्थापना कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद और उनकी विशेषज्ञ टीम के प्रयासों से संभव हुई है।

यह तकनीक भारतीय कंपनी एसएसआई मंत्रा द्वारा विकसित की गई है और इसे केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन द्वारा टेली-सर्जरी के लिए भी मान्यता प्राप्त है। रोबोटिक सर्जरी के लाभों में बेहतर सटीकता, 3D विजन और एर्गोनॉमिक्स शामिल हैं, जिससे जटिल ऑपरेशनों में सफलता की संभावना बढ़ती है। फिलहाल कुछ मरीजों को यह सुविधा बिना किसी अतिरिक्त लागत के प्रदान की जा रही है, लेकिन आने वाले समय में इसे अत्यधिक रियायती दरों पर उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस तकनीक का लाभ उठा सकें। इसके अलावा, यह प्रणाली सर्जिकल ट्रेनिंग और अनुसंधान के क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभाएगी, खासतौर पर पोस्टग्रेजुएट छात्रों के लिए।

## भारत एवं पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनने के बाद पंजाब में शांति कायम

**चंडीगढ़ (एजेंसी)** भारत और पाकिस्तान के बीच जमीन, वायु और समुद्र में सभी तरह की गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर बनी सहमति के बाद पंजाब में, खासकर राज्य के सीमावर्ती इलाकों में रविवार को शांति रही। अधिकारियों ने लोगों से अपनी सामान्य गतिविधियां बहाल करने और शांति बनाये रखने को कहा है।

सुबह करीब साढ़े आठ बजे, अमृतसर में जिला प्रशासन ने लोगों से अपनी सामान्य दिनचर्या फिर से शुरू करने को कहा।

जालंधर जिला प्रशासन ने भी कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है और लोग अपना कामकाज सामान्य रूप से फिर से शुरू कर सकते हैं। जालंधर के उपायुक्त (डीसी) हिमांशु अग्रवाल ने कहा, ''जालंधर में सब ठीक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चिंता की कोई बात नहीं है और कामकाम सामान्य रूप से फिर से शुरू किया जा सकता है। सुरक्षा बल लगातार नजर रखे हुए हैं।'' जिला प्रशासन ने हालांकि लोगों से पटाखे नहीं चलाने और ड्रोन न उड़ाने का अनुरोध किया है। अग्रवाल ने कहा, ''अगर इलाके में किसी भी तरह के खतरे की कोई सूचना मिलती है तो हम आपको समय पर सूचित करेंगे और तत्काल कदम उठाएंगे।'' अमृतसर में उपायुक्त साक्षी साहनी ने पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर के साथ शहर और बाजारों का चक्कर लगाया। उपायुक्त ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अमृतसर के बहादुर और दृढ़निश्चयी लोगों का धन्यवाद। हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि आप में से प्रत्येक ने किस तरह बहादुरी, धैर्य और एक-दूसरे तथा प्रशासन पर भरोसे के साथ स्थिति का सामना किया। आपको एक सुखद दिन की शुभकामनाएं- अपने रविवार का आनंद लें।''

कई स्थानीय लोगों ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल में बढ़े तनाव के दौरान, पर्यटकों से भरे रहने वाले अमृतसर में सैलानियों की संख्या में गिरावट देखी गई है।

इस बीच, पाकिस्तान के साथ 553 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करने वाले पंजाब में लोगों को सामान्य कामकाज करते देखा गया। खासकर अमृतसर, पठानकोट और फिरोजपुर जैसे सीमावर्ती जिलों में सुबह की सैर कर रहे लोगों ने देश के सशस्त्र बलों को धन्यवाद दिया।

अमृतसर निवासी अमरजीत सिंह ने कहा, ''यह हमारी सेनाओं की वजह से है कि आप हमें आज बिना किसी डर के यहां देख रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में हमने देखा कि पाकिस्तान ने पंजाब और कुछ अन्य राज्यों के कई हिस्सों को निशाना बनाकर कैसे ड्रोन हमले किए।''

उन्होंने कहा, ''लेकिन हमारी बहादुर सेना ढाल बन गयी और उसने उनके दुस्साहस को विफल कर दिया। उन्होंने आतंकवाद के अपराधियों को कड़ा जवाब दिया और 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत आतंकवादी शिविरों को नष्ट कर दिया। अब जब एक सहमति बन गई है तो हम उम्मीद करते हैं कि शांति बनी रहेगी लेकिन अगर पाकिस्तान फिर से कोई दुस्साहस करता है तो उसे कड़ा जवाब दिया जाएगा।''अमृतसर के एक अन्य निवासी पवन कुमार ने कहा कि तनाव के दिनों के बाद हालात सामान्य हो गए हैं। उन्होंने कहा, ''पिछले कुछ दिनों में तनावपूर्ण स्थिति के कारण अमृतसर में पर्यटकों की संख्या में गिरावट देखी गई।

## ऑपरेशन सिंदूर के बारे में आपत्ति जनक स्टेटस लगाने के आरोप में महिला के खिलाफ मामला दर्ज




**मुंबई (एजेंसी)** भारतीय सशस्त्र बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक स्टेटस लगाने के आरोप में मुंबई की 40 वर्षीय एक 'ब्यूटीशियन' के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत एक प्राथमिकी दर्ज करके ब्यूटी पार्लर चलाने वाली महिला को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया है।

ऑपरेशन सिंदूर को खारिज करने के लिए एक अपशब्द का इस्तेमाल करते हुए महिला ने व्हाट्सएप स्टेटस पर कहा, ''जब सरकारें लापरवाही से फैसले लेती हैं, तो इसकी कीमत सत्ता में बैठे लोगों को नहीं, बल्कि दोनों पक्षों के निर्दोष लोगों को चुकानी पड़ती है।''

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने सात और आठ मई की मध्यरात्रि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया था।

## दुधवा को इको-टूरिज्म का हब बनाने की दिशा में तेज कदम, विस्टाडोम ट्रेन से विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण

### वन सम्पदा को संरक्षित करते हुए दुधवा को पर्यटन गन्तव्य के रूप में विकसित किया जायेगा : जयवीर सिंह

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश इको-टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा दुधवा राष्ट्रीय उद्यान को इको-टूरिज्म के एक प्रमुख गंतव्य के रूप में विकसित करने के प्रयासों में तेजी लाई जा रही है। इसी क्रम में पर्यटन विभाग की ओर से एक उच्चस्तरीय स्टेकहोल्डर बैठक आयोजित की गई, जिसमें वन विभाग, होटल व्यवसाय से जुड़े प्रतिनिधि, और बेंगलुरु की आईडीईसीके संस्था के विशेषज्ञ शामिल हुए।

बैठक में पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय रोजगार सृजन, बुनियादी ढांचे के विकास, और पर्यटक अनुभव को बेहतर बनाने जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि दुधवा को सतत् पर्यटन और स्थानीय विकास का आदर्श मॉडल बनाया जाए।

बोर्ड की टीम ने थारू जनजाति, होमस्टे संचालकों और नेचर गाइड्स से भी संवाद कर स्थानीय सहभागिता को और मजबूत किया। इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में एक नवाचारी पहल के तहत, शनिवार को नवयुग कन्या इंटर कॉलेज, लखनऊ और रविवार को डीएवी इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों को विस्टाडोम ट्रेन से दुधवा और कतर्नियाघाट का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्रों ने वन्यजीवों, जैव विविधता, और जंगलों







के संरक्षण के महत्व को नज़दीक से जाना। विद्यार्थियों को बाघ, दलदली क्षेत्र के बारहसिंगा, गैंडा, घड़ियाल, और दुर्लभ पक्षियों की जानकारी दी गई। दुधवा का शांत प्राकृतिक सौंदर्य सभी को मंत्रमुग्ध कर गया। इस अवसर पर पर्यटन निदेशक प्रखर मिश्रा, वन एवं पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, और कई विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे। छात्राओं को इको-टूरिज्म में संभावित करियर विकल्पों के बारे में बताया गया और उन्हें नेचर गाइड्स से संवाद का अवसर भी मिला। इस संवाद और शैक्षिक कार्यक्रम के माध्यम से ना केवल विद्यार्थियों में पर्यावरण जागरूकता बढ़ी, बल्कि स्थानीय समुदाय की भागीदारी से सतत् पर्यटन को भी बल मिला।

# नगर निगम की अनदेखी, गंदगी से निकलने को मजबूर स्कूली बच्चे, लोग





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद । उत्तर प्रदेश सरकार जहां स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत नगर को गंदगी से मुक्त करने के सपने देख कर करोड़ों , अरबों रुपए खर्च कर रही है । वहीं पार्षद की मेहरबानी कहो या निगम अधिकारियों की अनदेखी जिसके कारण लोगों को गंदगी से निकलने को मजबूर होना पड़ रहा है । मामला नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नं.29 टापा खुर्द का जहां पर पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय के सामने तथा वार्ड में अन्य कई मार्गों पर कीचड़ भरा हुआ है। वहीं नालियां भी गंदगी से ओवरफ्लो हो रही हैं । स्थानीय लोगों तथा छात्र छात्राओं को गंदगी से निकलने को मजबूर होना पड़ रहा है । वहीं कई बार स्कूली बच्चे तथा स्थानीय लोग गंदगी के कारण गिर कर चोटिल भी हो चुके हैं लेकिन गंदगी अभी तक हटवाने के लिए न तो पार्षद ने कोई कदम उठाया है और न अधिकारियों ने । स्थानीय लोगों ने निगम अधिकारियों के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए कहा कि न तो हमारे यहां सफाई कर्मी आता है और न कोई अधिकारी हमारी समस्या पर ध्यान देते हैं । कई बार गंदगी को लेकर पार्षद से कहा तथा निगम में भी शिकायत की उसके बाबजूद भी गंदगी नहीं हटाई गई ।

# अनिल चौधरी बने मानवाधिकार परिषद के फिरोजाबाद जिलाध्यक्ष

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद/टूण्डला। मानवाधिकार परिषद् के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव करतार सिंह पौनिया ने टूंडला नगर निवासी अनिल चौधरी को जिला अध्यक्ष फिरोजाबाद नियुक्त किया और नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए एक माह में जनपद कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव करतार सिंह पौनिया ने बताया कि मानवाधिकार परिषद् के मुख्य उद्देश्य है कि अपराध एवं अपराधियों से समाज को मुक्त कराना। नागरिकों को कानूनी अधिकार एवं उचित न्याय दिलाना। पुलिय का भय आम जनता के मन से निकाल कर सही तालमेल व सूझ-बूझ कायम करना। महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाना। पर्यावरण प्रदूषण को रोकना खाद्य पादर्थो के मिलावटखोरों पर अंकुश लगाना व समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोकना। लोगों को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक कराना सरकारी योजनाओं को आम आदमी तक पहुँचाना। समाज में व्याप्त श्रमिक शोषण रोकना पीड़ितों की एफ० आई० आर० दर्ज करवाने में सहायता करना और मानव अधिकारों के हनन को रोकना।



राष्ट्रहित एवं जनहित व भ्रष्ट लोगों का पदार्फाश करने कि लिए समय-समय पर आर०टी०आई० का उपयोग करना आदि। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि मानव अधिकार परिषद द्वारा उन पर जताए गए भरोसे को वह कायम रखेंगे और परिषद द्वारा समय समय पर दिए गए निदेर्शों का वह पालन करते हुए जनपद में मानव अधिकारों का हनन नहीं होने देंगे। पीड़ितों की मदद को वह सदैव तत्पर रहेंगे।

इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष शहजाद खान जिला मीडिया प्रभारी गौरव यादव, रवि चौहान, लाल बहादुर सिंह रणधीर सिंह, देवेन्द्र बेनीवाल, दीपक चौधरी, सतेंद्र चौधरी, भूपेंद्र प्रधान, कृपाल सिंह, रवि चौधरी, मनोज चौधरी, हेमन्त पौनिया आदि लोग उपस्थित रहे।

# 178 किलो गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस ने ट्रक के अंदर छुपा कर अवैध रूप से लाए जा रहे 178 किलो गांजे के साथ ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए मादक पदार्थ बाजार में कीमत लगभग 1 करोड़ 80 लाख रुपए के आसपास है। पकड़ा गया माल पश्चिम बंगाल से लाया जा रहा था। थाना रसूलपुर पुलिस, एसओजी टीम और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने पश्चिम बंगाल से तस्करी किया जा रहे गांजे की बड़ी खेप को पकड़ा है। यह गांजा पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी इलाके से लाया जा रहा था और इसकी खपत आगरा मंडल के जिलों में करने की तैयारी थी। पुलिस ने सूचना पर चेकिंग अभियान शुरू किया था। चेकिंग के दौरान इटावा की ओर से आ रहे एक खाली ट्रक की तलाशी ली गई सूचना के आधार पर जब ट्रक की तलाशी ली गई तो ट्रक को खाली देखकर पुलिस भी भौचक्की रह गई कि आखिर इसमें माल कहां है लेकिन जब ट्रक के अन्य हो हिस्सों को खुलवाकर देखा गया तो उसमें बोरियों को छुपा कर रखा गया था। पुलिस ने ट्रक से 178 किलो गांजा बरामद किया है। चालक दिनेश कुमार से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि यह ट्रक उसके भाई के नाम में है। जनपद एटा के सकरौली थाना क्षेत्र के भील नगर के रहने वाले दिनेश के मुताबिक वह पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी इलाके से यह गांजा लेकर आया है। वह लगभग 6 महीने से इस तस्करी को कर रहा है पश्चिम बंगाल से गांजा लाने के बाद इसे आगरा मथुरा फिरोजाबाद और एटा जनपदों के अलग-अलग हिस्सों में 5 गुना से अधिक कीमत पर बेचा जाता है। ट्रक जिसमें गांजा लाया जा रहा था उसे सीज कर दिया गया है। पकड़े गए गांजे को जब्त करते हुए आरोपी ट्रक चालक दिनेश के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा जा रहा है।

# एफआईआर के डर से सदमे में पहुंची महिला की मौत

## बिल बकाया पर विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने दी थी महिला को एफआईआर की धमकी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।





फिरोजाबाद। जनपद में चूड़ी जुड़ाई मजदूरी कर अपना गुजारा करने वाली महिला की सदमे से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला पर विद्युत विभाग का 1100 रुपये का बिल बकाया था जिसको लेकर विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा महिला को एफआईआर करने की धमकी दी थी। एफआईआर और जेल जाने का नाम सुनते ही महिला अचानक गश खाकर गिर पड़ी। आनन फानन में उसके पड़ोसी उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना उत्तर इलाके के नगला करन सिंह की रहने वाली प्रेमलता के पति की मौत काफी दिन पहले ही हो चुकी है। उनके घर पर बिजली के कनेक्शन का ?1100 का बिल बकाया था। बिल जमा ना करने के कारण बिजली विभाग की टीम द्वारा प्रेमलता के घर पहुंच कर धमकाते हुए बिल जमा करने की बात कही और टीम ने मीटर उतार लिया। प्रेमलता के पड़ोसी ने बताया कि मीटर उतारने के बाद

विद्युत विभाग की टीम ने बिल जमा ना करने पर मुकदमा दर्ज करने और जेल भेजने की धमकी दे डाली और यह सुनते ही प्रेमलता की तबीयत बिगड़ गई उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

पड़ोसियों के मुताबिक प्रेमलता के घर पहुंचे विद्युत कर्मचारियों ने ?1100 का बिल तत्काल जवान करने का दबाव उन पर बनाया और बिल न जमा करने की सूरत में उन पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की धमकी दे डाली। बिजली विभाग द्वारा धमकाने से महिला की मौत के बाद स्थानीय लोग धरने पर बैठ गए। खबर के बाद सदर विधायक मनीष असीजा भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने इस मामले में जिलाधिकारी रमेश रंजन से बात कर दोषी विद्युत कर्मियों पर करवाई करने की बात कही। इस मामले में विद्युत विभाग के अधिकारी नागेंद्र कुमार का कहना है कि महिला की तबीयत पहले से ही खराब थी। लेकिन फिर भी इस मामले की पूरी जांच गंभीरता के साथ की जाएगी अगर विद्युत विभाग के कर्मचारी इसमें दोषी पाए जाते हैं तो निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बीमारी के चलते सीआईएसएफकर्मी की मौत

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/जसराना। थाना क्षेत्र के गांव भैंडी निवासी सीआईएसएफ में तैनात एसआई का बीमारी के चलते निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा तो भीड़ लग गई। राजकीय सम्मान के साथ एसआई का अंतिम संस्कार किया गया। थाना जसराना के गांव भैंडी निवासी राजेश कुमार यादव (56) सीआईएसएफ में एसआई के पद पर तैनात थे। वर्तमान में उनकी ड्यूटी दिल्ली के एयरपोर्ट पर थी। ड्यूटी पर उनकी अचानक तबीयत खराब हो गई। साथी उन्हें उपचार के लिए नजदीकि अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। एसआई के निधन की जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। उनके पैतृक गांव में ही अंतिम संस्कार किया गया।

### संविदाकर्मी ने चालक पर कार्यवाही की मांग उठाई, अधिकारियों को भेजा पत्र

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/शिकोहाबाद । रोडवेज के संविदाकर्मी चालक रजनेश यादव, बस चालक देशराज ने नियमित बस चालक के खिलाफ रोडवेज विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की है। पत्र में कहा कि बस संख्या 9701 जो कि क्लच बूस्टर लीक होने के कारण फोरमैन द्वारा रोकी गई थी। उस समय डिपो के अधिकारियों ने कहा कि वाहन में कार्य होने के बाद ही बस को रवाना किया जाएगा। उसके बाद चालक, परिचालक अपने घर चले गए। उसके बाद नियमित चालक आया लेकिन डिपो के मिस्त्री ने बस के खराब कहने के बाद ही चालक बस को मार्ग पर ले गये। आरोप है कि वाहन की नम्बर प्लेट पर ग्रीश लगाकर वाहन का नम्बर बदलकर चलाया। जिसका एआरएम ने फोटो खींच लिया। उसके बाद भी उक्त चालक के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई है। शिकायत में कहा कि 1 माह पूर्व एक नई बस का साइड शीशा खुल गया था उसे भी उक्त चालक ने खोला था। पीड़ित ने मामले में उ प्र रोडवेज कर्मचारी संघ इटावा क्षेत्र, क्षेत्रीय प्रबन्धक इटावा, सेवा प्रबन्धक उदयपुरा इटावा को शिकायती पत्र भेजकर उक्त चालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### छज्जा गिरने से तीन लोग घायल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद/टूंडला। थाना नारखी क्षेत्र के गांव जाखई में रविवार को एक मकान का छज्जा गिर गया। जिसमें तीन लोग घायल हो गए।घायलों में ऊषा देवी उनकी पुत्री चंचल और भगवान सिंह निवासी जाटऊ हैं। हादसे के समय ऊषा देवी और उनकी बेटी घर में काम कर रही थीं। अचानक छज्जा गिरने से तीनों लोग दब गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन घायलों को तुरंत अस्पताल ले गए। जहां उनका इलाज जारी है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि परिवार के सभी लोग अपने-अपने कार्यों में व्यस्त थे। तभी अचानक तेज आवाज सुनाई दी। मुड़कर देखा तो चारों तरफ धुआं धुआं था। छज्जा गिरने की वजह से तीन लोग घायल हुए है। पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंच गई।

### यातायात प्रभारी ने कार में सवारी भर रही दो कारों को किया सीज

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/संभक पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात एवं प्रभारी यातायात के नेतृत्व में चलाए जा रहे यातायात जागरूकता एवं डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान परवाह के अंतर्गत कस्बा बहजोई में मुख्य आरक्षी सोनू अहलावत व विशांत चौधरी के द्वारा यातायात नियमों संबंधी जागरूकता कार्यक्रम किया गया। वही यातायात प्रभारी के द्वारा चौधरी सराय पर गाड़ी खड़ी करके सवारी भर रहा था ' 2 कार को सीज किया गया ' वाहन चालकों एवं पैदल यात्रियों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से समझाया।दो पहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी ना बैठे। वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहने। सुरक्षित एवं नियमानुसारओवरटेक करें ।वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करें। नशे की हालत में या शराब पीकर वाहन ना चलाएं। तेज गति से वाहन ना चलाएं। कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट धारण करें।सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के महत्व को समझाया। आपका जीवन अनमोल है सुरक्षित चलें सुरक्षित रहें। यातायात नियमों एवं सड़क चिन्ह संबंधी पंपलेट वितरित किए।



# बुद्ध कथा में प्रदेश सचिव वीरी सिंह तथा समाजसेवियों का स्वागत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

टूंडला । जनपद के तहसील टूंडला क्षेत्र के गांव पहाड़पुर में चल रही बुद्ध कथा में आयोजक टीम द्वारा आमंत्रित समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव वीरी सिंह प्रधान रविवार को बुद्ध कथा में पहुंचे । इस दौरान आयोजक टीम द्वारा प्रदेश सचिव का नीला स्वाफा बांधकर ,माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं इस दौरान टीम ने समाजसेवी व शिक्षक नेता भुवनेश चंद्रा, पत्रकार व प्रधान प्रतिनिधि विपिन कुमार का भी नीला पटका डालकर ,माला पहनाकर स्वागत किया । प्रदेश सचिव वीरी सिंह प्रधान ने इस दौरान कहा कि बुद्ध ने हमें सत्य तथा शांति का मार्ग दिया ।मानव मानव एक समान की ही बुद्ध धर्म की पहचान है । इस दौरान आयोजक नेपाल सिंह , योगेन्द्र सिंह, उमेश गौतम , रविंद्र सिंह, उदयभान सिंह आदि के साथ अन्य काफी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे ।



# दो पक्षों में मारपीट पाँच लोग घायल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद/टूंडला। शनिवार रात्रि को थाना नारखी क्षेत्र के गांव जाटऊ डेरा बंजारा में एक बारात के दौरान हिंसक झड़प हो गई। दो पक्षों में गाली-गलौज से शुरू हुआ विवाद लाठी-डंडों तक पहुंच गया। दोनों पक्षों से कुल 5 लोग घायल हुए। घायलों में एक महिला भी शामिल है। इस घटना के उपरांत बारात में हड़कंप मच गया। वैवाहिक कार्यक्रम बाद में संपन्न कराया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। सभी घायलों को तत्काल सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शराब पीकर दो पक्ष आपस में झगड़ा करने लगे थे। शराब में होने की वजह से ही महिलाओं और पुरुषों में झगड़ा हो गया था। जिसमें कुछ लोगों को चोटे आई हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।अभी तक किसी पक्ष के द्वारा कोई भी तहरीर नहीं दी गई है।तहरीर प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# बोलेरो और ऑटो की टक्कर में पांच लोग घायल



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद/टूंडला। रविवार को थाना क्षेत्र टूंडला के चौकी राजा ताल के पास गांव उसायनी पर एक बोलेरो कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो में सवार 5 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना क्षेत्र टूंडला के ग्राम उसायनी के पास पीछे से आ रही बोलेरो कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार टक्कर मारने के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस को अभी तक कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है। शिकायती पत्र मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घायलों में आसफाबाद निवासी खुशबू, उनका 6 वर्षीय बेटा कार्तिक और 3 वर्षीय बेटी काव्या शामिल है। खुशबू अपने बच्चों के साथ आगरा के ट्रांस यमुना कालोनी में अपने रिश्तेदार राहुल सिंह के यहां गई थीं।

# आपसी सहमति से पांच परिवारों का पुलिस ने कराया सुलहनामा



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद। पुलिस लाइन परिसर में संचालित परिवार परामर्श केन्द्र फिरोजाबाद पर पुलिस ने पाँच परिवारों में चल रही दूरियों को दूर कराते हुए आपसी सहमति से सुलहनामा कराया। जिससे परिवार में दुबारा से खुशिया लौट आई। परिजनों ने पुलिस का सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में फिरोजाबाद पुलिस के परिवार परामर्श केन्द्र ने रविवार को 05 घरेलू मामलों में आपसी सुलहनामा कराते हुए समझौता कराया। परिवारों के आपसी चल रहे घरेलू विवादों में दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी सहमति से सुलहनामा कराते हुए सकुशल घर रवाना किया गया। फिरोजाबाद पुलिस द्वारा किये गये इस कार्य पर दोनों पक्षों के परिवारीजनों ने धन्यवाद व्यक्त किया।

# फोटोग्राफरों की समस्या का निदान कराएगा एसोसिएशन

## आशीर्वाद पैलेस में हुई टूंडला फोटोग्राफर एसोसिएशन की बैठक

## झूठा आरोप लगाने वालों के विरुद्ध एसोसिएशन कराएगी कार्रवाई

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद/टूंडला। जनपद के टूंडला में टूंडला फोटोग्राफर एसोसिएशन की बैठक रविवार को असन रोड स्थित आशीर्वाद पैलेस पर हुई। जिसमें फोटोग्राफरों की विभिन्न समस्याओं का निदान कराया गया। वहीं, पदाधिकारियों ने कहा कि फोटोग्राफरों को झूठा फंसाने वालों के विरुद्ध एसोसिएशन कार्रवाई कराएगी।

सुबह 11 बजे शुरू हुई बैठक में अध्यक्ष अरुण रावत ने कहा कि फोटोग्राफर हर खुशी और गम के पलों को कैमरे में कैद करने का काम करता है। शादी विवाह से लेकर जन्मदिन, रिटायरमेंट और मृत्यु के फोटो व वीडियो बनाकर उन पलों को यादगार बनाने में अपना सहयोग देता है। इसके बाद भी कुछ दूषित मानसिकता के लोग उन्हें बदनाम करने का काम करते हैं। उन पर झूठे आरोप लगाकर फंसाने का काम करते हैं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने का काम एसोसिएशन करेगी। सचिव देवेंद्र कुमार पप्पू ने कहा कि फोटोग्राफर किसी भी समस्या के निदान के लिए एसोसिएशन को अवगत करा सकते हैं। संगठन के दम पर ही किसी असंभव कार्य को संभव बनाया जा सकता है। इसलिए संगठन को मजूबत बनाने के लिए सभी फोटोग्राफर अपना पूरा योगदान दें। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी बैठक जुलाई के महीने में होगी। जिसमें एसोसिएशन द्वारा जारी की गई बिल बुक रसीद और आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में उपाध्यक्ष राजू यादव, सह सचिव उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह, पीपी सिंह, जयंती प्रसाद, किशन कुमार, संतोष कुमार, सूरज कुमार, श्याम यादव, अजय कुमार, राहुल सिंह, भीषमपाल सिंह, योगेश कुमार, सचिन कुमार, सुरेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, विकास कुमार, ललित कुमार आदि उपस्थित रहे।

ग्रामीण पथ सुदृढ़ीकरण को मिली गति

# मुख्यमंत्री नीतीश करेंगे 6,938 पथों का कार्यारंभ

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



**पटना(बिहार)।** राजधानी के संकल्प भवन में 12 मई को आयोजित किए जा रहे एक समारोह में ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन का कार्यारंभ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा।इसके तहत 6,938 पथों(जिनकी लंबाई:12,105 किमी और कुल लागत 8,716 करोड़ है)सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन किया जाएगा।ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम को एक नए अवयव के रूप में प्रारंभ किया गया है,जिसका उद्देश्य ग्रामीण सड़कों के नियमित एवं व्यवस्थित पुनर्निर्माण/उन्नयन/नवीनीकरण को सुनिश्चित करना है।वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस कार्यक्रम के अंतर्गत पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि से बाहर हुए कुल 14,087 पथों(लंबाई: 24,482 किमी)के सुदृढ़ीकरण हेतु 21,733 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत उन सभी ग्रामीण पथों को आगामी सात वर्षों तक मानक अनुरूप सेवा स्तर पर बनाए रखने की व्यवस्था की गई है,जो अपनी पंचवर्षीय अनुरक्षण/त्रुटि निवारण अवधि पूर्ण कर चुके हैं।इस अवधि के भीतर इन पथों के पर दो बार कालीकरण(री-सर्फेसिंग) कार्य कराया जाएगा।योजना के क्रियान्वयन के दौरान यदि सड़क में कोई तकनीकी त्रुटि पाई जाती है,तो उसका समाधान तय समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाएगा।इसका उद्देश्य है कि ग्रामीणों को हमेशा एक मजबूत,सुरक्षित और आरामदायक सड़क सुविधा सतत् मिलती रहे।इस कार्यक्रम से न केवल गांवों और शहरों के बीच की दूरी घटेगी,बल्कि राज्य की सामाजिक संरचना को नया आयाम और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के उस महत्त्वाकांक्षी विजन को साकार करेगा,जिसके तहत राज्य के किसी भी सुदूरवर्ती क्षेत्र से भविष्य में मात्र 4 घंटे में राजधानी पटना तक की सुगम और निर्बाध यात्रा संभव हो सकेगी।

## संगठन की मजबूती में सभी का योगदान आवश्यक है: डॉ. दिलीप जायसवाल



**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

**पटना(बिहार)।**भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में आज पटना महानगर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रूपनारायण मेहता ने दायित्व ग्रहण कर लिया।इस मौके पर आयोजित समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.दिलीप जायसवाल भी उपस्थित रहे।इस मौके पर उन्होंने रूपनारायण मेहता को नए दायित्व की बधाई दी और आगे जिला के नेतृत्व के लिए शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा कि किसी भी बड़े संगठन की मजबूती के लिए सामूहिक दायित्व आवश्यक है।यही कारण है कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा की मजबूती के लिए एक-एक कार्यकर्ता का योगदान आवश्यक है।उन्होंने कहा कि एक वह समय भी था जब हम देशभर में एक सीट के लिए तरसते थे लेकिन आज हमारी सरकार है।उन्होंने कहा कि इस सफलता के लिए हमारे पूर्वजों ने भी बड़ा योगदान दिया है,जिसे हमें नहीं भूलना चाहिए।समारोह में उपस्थित कर्मठ कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.दिलीप जायसवाल ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए एकजुट प्रयास की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि भाजपा किसी परिवार या किसी जाति की पार्टी नहीं है,बल्कि इस पार्टी का आम कार्यकर्ता भी पार्टी के सर्वोच्च पद पर पहुंच सकता है। यही इस पार्टी की विशेषता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित डीजे वाहन ने महिलाओं को रौंदा,दो की मौत,एक गंभीर रूप से घायल

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

**पटना(बिहार)।**लखीसराय में बीती देर रात डीजे वाहन ने अनियंत्रित होकर घर के आगे बैठी महिलाओं को रौद डाला।इस घटना में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हैं।जिसे बेहतर इलाज के लिए मुंगेर रेफर किया गया है।घटना माणिकपुर थाना क्षेत्र के बाकरचक गांव की है।वहीं इस घटना में दो बाइक एक साईकिल तीन मकान को भी नुकसान पहुंचा है।जबकि कई लोग बाल-बाल बच गए।बताया जाता है कि गांव में शादी समारोह चल रहा था।इसी दौरान लगभग दो घंटे से डीजे बज रहा था।तभी अचानक डीजे वाहन अनियंत्रित होते हुए आगे बढ़ गया।इस घटना में बाकरचक निवासी मालती देवी,पार्वती देवी की मौके पर ही मौत हो गई।वहीं कुसुम देवी गंभीर रूप से घायल हो गई।घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल हो गया।सूचना मिलते ही मानिकपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर डीजे वाहन को जप्त किया।हालांकि चालक मौके से फरार हो गया।फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।परिजनो का आरोप है की चालक शराब की नशें में था,जिस कारण यह घटना घटी है।वहीं घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

### बगहा में अचानक दिखा जंगली भालू,मची अफरा-तफरी

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

**पटना(बिहार)।** बगहा में उस समय हड़कंप मच गया जब महिला थाना के सामने एक जंगली भालू सड़क पार करता हुआ नजर आया। सुबह के वक्त अचानक भालू को देखकर पहले तो लोगों को अपनी आंखों पर यकीन नहीं हुआ,लेकिन जब वह खेतों की ओर बढ़ा,तो वहां काम कर रहे मजदूरों में चीख-पुकार मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे।पूरे इलाके में डर का माहौल बन गया। ।जानकारी मिलते ही वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से वन विभाग की टीम अलर्ट हो गई और भालू को सुरक्षित पकड़ने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया गया है।बताया जा रहा है कि भालू वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से भटककर आबादी वाले इलाके में पहुंच गया। इससे पहले भी टाइगर रिजर्व से तेंदुआ,भालू और जंगली जानवर रिहायशी इलाकों अक्सर दिखाई देते हैं।

## वैशाली में पारिवारिक विवाद में भाई ने ली भाई की जान

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**



**पटना(बिहार)।**बिहार के वैशाली जिले में एक पारिवारिक विवाद ने भयानक रूप ले लिया और बड़े भाई ने अपने छोटे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी।घटना जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दिलावरपुर गोवर्धन गांव का है।मृतक की पहचान प्रेम प्रकाश,30 वर्षीय के रूप में हुई है।वह दिलावरपुर गोवर्धन का रहने वाला था।प्रेम प्रकाश के पिता का नाम रामवृक्ष सिंह है।पैर में गोली लगने के बाद घटनास्थल पर अफरा तफरी का माहौल बन गया था।इसके बाद घटना की सूचना मिलते ही बिदुपुर थाने की पुलिस ने घायल को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर लाया था,लेकिन डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत्य घोषित कर दिया।मौत के बाद उसके परिजनों में कोहराम मच गया है।पत्नी का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।प्रेम प्रकाश की शादी पांच साल पहले हुई थी।उनका एक बच्चा भी है।पुलिस मामले की जांच कर रही है,मृतक अपना निजी संगठन चलता था,आसपास के लोगों को कर्ज दे रखा था।इसी कलेक्शन के बाद वे घर लौट रहा था तभी उसे गोली मारी गई है।इस संबंध में बिदुपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पारिवारिक विवाद के कारण युवा की गोली मारकर हत्या हुई है।आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापामारी किया जा रहा है।

## एमआईटी कंप्यूटर सेंटर में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं ने बेल्ट्रॉन की परीक्षा में लहराया परचम

### बेल्ट्रॉन के सफल अभ्यर्थियों को डीईओ ने किया सम्मानित

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



**पटना(बिहार)।**रविवार को एमआईटी कंप्यूटर सेंटर,जमुई के तत्वावधान में रविवार को प्रातः10 बजे,शास्त्री कॉलोनी,स्थित समृद्धि विवाह वाटिका भवन में सम्मान समारोह का एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राजेश कुमार,जिला शिक्षा पदाधिकारी ने शिरकत की।इस मौके पर बेल्ट्रॉन परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।बताते चलें कि एमआईटी कंप्यूटर सेंटर संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उक्त संस्थान में अध्ययन करने वाले अभ्यर्थियों को बेल्ट्रॉन परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया।जमुई के डीईओ राजेश कुमार ने एमआईटी कंप्यूटर सेंटर में अध्ययन करने वाले सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कंप्यूटर शिक्षा आज के दौर की महत्वपूर्ण अहम शिक्षा हैं।इसका ज्ञान बहुत ही आवश्यक है,रोजगार के किसी भी क्षेत्र में इसकी शिक्षा सर्वोपरि मानी जाती हैं।यूं कहें कि आज के बदलते दौर में इसकी आवश्यकता सर्वत्र देखी जाती हैं।डीईओ श्री कुमार ने एमआईटी कंप्यूटर सेंटर के निदेशक गौतम कुमार की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में सदैव से अग्रणी भूमिका में रही हैं।यहां अध्ययन करने वाले छात्रों ने रोजगार के क्षेत्र में सरकारी संस्थानों के द्वारा आयोजित परीक्षा में अक्सर ही अपना परचम लहराया हैं।उक्त कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक गौतम कुमार सिंह ने गुलदस्ता देकर डीईओ को सम्मानित किया।वही शास्त्री कॉलोनी के प्रबुद्ध समाजसेवी राम अनुग्रह सिंह ने शॉल ओढ़ाकर डीईओ राजेश कुमार को सम्मानित किया।महादेव सिमरिया उच्च विद्यालय के शिक्षक मो.गयासुद्दीन अंसारी ने अपने मनमोहक गायकी अंदाज में कार्यक्रम में उपस्थित जनों के दिलों को अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से दिल को जीतने का काम किया,जहां तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनके ओजस्वी संबोधन को सराहा गया।बताते चलें कि इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में श्यामा प्रसाद महिला कॉलेज के व्याख्याता प्रोफेसर राजेश पांडेय,शिक्षक मो.ईशराफिल अंसारी,अशोक कुमार यादव समेत दर्जनों गण्य मान लोग मौजूद रहे।

## खेल समाचार

## संक्षिप्त समाचार

### भुल्लर इंटरनेशनल सीरीज जापान में संयुक्त 39वें स्थान पर रहे



**चीबा (जापान) (एजेंसी)** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर आखिरी दौर में एक अंडर 70 का कार्ड खेलकर रविवार को यहां 20 लाख डॉलर इनामी इंटरनेशनल सीरीज जापान गोल्फ में संयुक्त 39वें स्थान पर रहे। भुल्लर अंतिम दौर की शुरुआत और आखिर में डबल बोगी करने के बावजूद एक अंडर का कार्ड खेलने में सफल रहे। भुल्लर ने पांच बर्डी लगाई जिसमें से चार 13वें से 16वें ओवर तक आयी। उनका कुल स्कोर तीन अंडर 281 रहा। प्रतियोगिता के कट में शामिल भारत के अन्य खिलाड़ी एसएसपी चौरसिया दो ओवर 73 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 68वें स्थान पर रहे। चौरसिया ने आखिरी दौर में चार बोगी के मुकाबले दो बर्डी लगाकर टूर्नामेंट में तीन ओवर 287 का स्कोर किया।

### भारत की निरुपमा देवी एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर

**जियांगशान (चीन) (एजेंसी)** भारतीय भारोत्तोलक निरुपमा देवी को रविवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में महिलाओं की 64 किग्रा वर्ग में क्लीन एंड जर्क में दो असफल प्रयासों के कारण चौथे स्थान पर रहकर कांस्य पदक से हाथ धोना पड़ा। एशियाई युवा भारोत्तोलन चैंपियनशिप की पदक विजेता 24 वर्षीय निरुपमा देवी क्लीन एंड जर्क में 115 किग्रा ही उठा पाईं जबकि 120 किग्रा और 125 किग्रा उठाने का उनका प्रयास विफल रहा। इससे स्नैच में 91 किग्रा से उनका गैर-ओलंपिक वर्ग में कुल वजन 206 किग्रा हो गया। एशियाई खेल 2018 की पदक विजेता दक्षिण कोरिया की मुन मिन-ही ने कुल 214 किग्रा (94 किग्रा +120 किग्रा) वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। चीन की ली शुआंग ने 239 किग्रा (105 किग्रा +134 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जबकि फिलीपींस की भारोत्तोलक एलरीन एन एंडो ने 232 किग्रा (102 किग्रा +130 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता।

# मंधाना की शतकीय पारी से भारत त्रिकोणीय श्रृंखला का चैंपियन

**कोलंबो (एजेंसी)** स्मृति मंधाना की आक्रामक शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के फाइनल में रविवार को यहां श्रीलंका को 97 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया।



उमस भरे मौसम में ऐंठन से जूझते हुए बाएं हाथ की इस कलात्मक बल्लेबाज ने 101 गेंदों पर 116 रन की शानदार पारी खेली। भारतीय उपकप्तान ने फाइनल में अपनी पारी के दौरान 15 चौके और दो छक्के लगाये।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 342 रन का बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद स्नेह राणा के चार और अमनजोत कौर के तीन विकेट से श्रीलंका की पारी को 48.2 ओवर में 245 रनपर समेट दिया।

श्रीलंका के लिए कप्तान चमारी अटापट्टू ने सबसे ज्यादा 66 गेंद 51 रन का योगदान दिया। नीलाक्षी डिसिल्वा ने 48 रन की पारी खेली।

मंधाना ने 21 रन पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए अट्टापट्टू के खिलाफ लगातार चार चौके जड़कर वनडे करियर का 11वां शतक पूरा किया।

सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल (30) के साथ 89 गेंद में 70 रन की साझेदारी टूटने के बाद मंधाना ने तेजी से रन बनाना शुरू किया। उन्होंने हरलीन देओल (56 गेंद में चार चौके की मदद से 47 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 106 गेंद में 120 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को देवमी विहंगा ने मंधाना को आउट कर तोड़ा।

मंधाना ने आउट होने से पहले बड़े स्कोर की नींव रख दी थी। कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने इसके बाद तेजी से रन जुटाये लेकिन दोनों अर्धशतक पूरा करने से चूक गयीं।

हरमनप्रीत ने 30 गेंद में चार चौके और एक छक्का की मदद से 41 रन की पारी खेली जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 123 रन बनाने वाली जेमिमा ने 29 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में चार चौके की मदद से 44 रन बनाये।

### हमारी तेज गेंदबाज चोटिल होती रहती हैं, इस पर काम करने की जरूरत है : हरमनप्रीत



**कोलंबो (एजेंसी)** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने रविवार को अपनी तेज गेंदबाजों के लगातार चोटिल होने पर चिंता व्यक्त की और कहा कि सहयोगी स्टाफ एकदिवसीय विश्व कप से पहले इस समस्या का समाधान करने की कोशिश कर रहा है।

हरमनप्रीत ने कहा, "मुझे पूरी टीम पर गर्व है, विशेषकर बल्लेबाजों पर। हम अच्छा क्रिकेट खेलना चाहते थे। हम टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करना चाहते थे और हमने जिस तरह का खेल दिखाया उससे हम काफी खुश हैं।" भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 342 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और फिर श्रीलंका को 245 रन पर ढेर कर दिया। उपकप्तान स्मृति मंधाना दिन की सबसे बड़ी स्टार रहीं जिन्होंने शानदार शतक जड़कर भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई जिसके बाद जेमिमा रोड्रिग्स, स्नेह राणा, अमनजोत कौर और हरमनप्रीत जैसी खिलाड़ियों ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। हरमनप्रीत ने कहा, "हम कभी भी सुधार करना बंद नहीं कर सकते। बहुत सारे विभाग हैं जहां हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं, चाहे वह बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो या क्षेत्ररक्षण।

## भारत की पुरुष और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर टीमें विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने से चूकीं

**ग्वांगजू(एजेंसी)** भारत का विश्व एथलेटिक्स रिले में अभियान निराशाजनक रूप से समाप्त हो गया क्योंकि देश की पुरुष चार गुणा 400 मीटर और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर टीम इस साल के अंत में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने से चूक गईं।

संतोष कुमार तमिलारासन, रूपल चौधरी, थेन्नारसु कयालविझी विशाल और सुभा वेंकटेशन की मिश्रित चार गुणा 400 मीटर टीम ने तीन मिनट 14.81 सेकेंड का समय निकालकर दूसरी हीट नंबर में चौथा स्थान हासिल किया। दो हीट में से प्रत्येक में शीर्ष तीन टीम ने 13 से 21 सितंबर को होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। जय कुमार, धर्मवीर चौधरी, थेक्किनालिल साजी मनु और रिंस जोसेफ की पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर चौकड़ी ने खराब प्रदर्शन किया और 3:04.49 के समय के साथ सातवें स्थान पर रही। पुरुष और महिला चार गुणा 100 मीटर और चार गुणा 400 मीटर तथा मिश्रित चार गुणा 400 मीटर में शीर्ष 14 टीमें तोक्यो विश्व चैंपियनशिप में क्वालीफाई करेंगे। प्रत्येक स्पर्धा में बचे दो स्थान के लिए क्वालीफिकेशन अवधि (25 फरवरी 2024 से 24 अगस्त 2025) के दौरान सूची में शीर्ष स्थान के आधार पर दिए जाएंगे। भारत अब इन दो बची टीमों में शामिल होने की उम्मीद करेगा और क्वालीफिकेशन विंडो के दौरान स्पर्धाओं में बेहतर समय दर्ज करने की कोशिश करेगा।




संतोष कुमार तमिलारासन

# दीपिका, सालुंखे ने कांस्य पदक जीता

### तीरंदाजी विश्व कप में भारत को सात पदक

**शंघाई (एजेंसी)** भारत की सबसे सफल तीरंदाज दीपिका कुमारी सेमीफाइनल में मिली हार के बाद शानदार वापसी करते हुए रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण दो की रिकर्व स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना सम्मान बचाने में सफल रही जबकि पार्थ सालुंखे ने पहली बार पोडियम पर जगह बनायी।





भारत का अभियान इस तरह से सात पदकों के साथ खत्म हुआ। कम्पाउंड तीरंदाजों ने इससे पहले शनिवार को दो स्वर्ण के साथ पांच पदक जीतकर दबदबा कायम किया था। इसमें तीन पदक में मधुरा धामनगंकर का योगदान रहा। उन्होंने व्यक्तिगत स्वर्ण के साथ महिला और मिश्रित टीम में पदक जीत कर तीन साल बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी का जश्न मनाया।

दीपिका को अंतिम चार मैच में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी लिम सिहियोन ने महिला रिकर्व व्यक्तिगत मुकाबले में 7-1 के अंतर से हराया। इस 21 साल की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन ने पिछले साल येचियोन विश्व कप में भी भारतीय तीरंदाज को अंतिम चार में शिकस्त दी थी।

भारत की 30 साल की तीरंदाज ने हालांकि सेमीफाइनल की निराशा को पीछे छोड़ते हुए कांस्य पदक के मैच में कोरिया की एक अन्य खिलाड़ी कांग चेन योंग के खिलाफ 7-3 की जीत के साथ पोडियम पर अपनी जगह पक्की की। दीपिका ने सेमीफाइनल में हार का सामना करने के बाद कांस्य पदक के मैच में अधिक धैर्य और रणनीतिक स्पष्टता दिखाई। पहला सेट 27-27 से बराबरी पर समाप्त हुआ, लेकिन दीपिका ने दूसरे सेट में 28 अंक बनाकर 3-1 की बढ़त बना ली।

पूर्व विश्व चैंपियन कांग ने हालांकि वापसी करते हुए दीपिका के 27 के मुकाबले 30 अंक के साथ स्कोर को 3-3 से बराबर कर दिया।

चार बार ओलंपिक खेल चुकी दीपिका ने अनुभव का शानदार इस्तेमाल करते हुए तीनों निशाना 10 अंक पर साध कर 5-3 की बढ़त कायम की। उन्होंने इसके बाद कांग के 28 के मुकाबले 29 अंक जुटाते हुए अपनी जीत पक्की कर ली।

पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में क्वालीफाइंग में 60वें स्थान पर रहने वाले पार्थ सालुंखे ने कांस्य पदक जीतकर देश का सातवां पदक पक्का किया।

इस 21 साल के खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में कोरिया के दिग्गज किम वूजिन से हार के बाद शानदार वापसी करते हुए उच्च वरीयता प्राप्त फ्रांस के तीरंदाज बैपटिस्ट एडिस को पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 6-4 से हराकर अपना पहला विश्व कप पदक जीता।

नई दिल्ली, सोमवार 12 मई 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



''2018 में जब उत्तर प्रदेश ने अपना पहला निवेश सम्मेलन लखनऊ में आयोजित किया था, तब केंद्रीय बजट में दो डिफेंस कॉरिडोर की घोषणा हुई। प्रधानमंत्री जी ने लखनऊ में ही एक कॉरिडोर की घोषणा की।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह ने आंध्र प्रदेश के विधान परिषद सदस्य पी वी एन माधव के साथ . मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से स्नेहिल भेंट किया।




# 'ऑपरेशन सिंदूर' पाकिस्तानियों से पूछ लेना चाहिए कि 'ब्रह्मोस' मिसाइल की ताकत क्या है: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ,** (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान ब्रह्मोस मिसाइल के पराक्रम की झलक देखने को मिली थी और अगर यह काफी नहीं है तो पाकिस्तानियों से इसके बारे में पूछना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद को कुचलने का समय आ गया है और इसके लिए पूरे देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एकजुट होना होगा। 'ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटिग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी' के उद्घाटन समारोह में योगी ने कहा, ''ब्रह्मोस मिसाइल क्या होती है? आप लोगों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत इसके पराक्रम की एक झलक देखी है। अगर नहीं देखी होगी तो कम से कम पाकिस्तानियों से पूछ लेना चाहिए कि ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत क्या है।''

योगी ने कहा, ''प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि किसी भी आतंकवादी घटना को अब युद्ध माना जाएगा। आतंकवाद को जब तक हम पूरी तरह कुचलेंगे नहीं तब तक समस्या का समाधान होगा नहीं। इसे कुचलने का समय आ गया है और इसके लिए पूरे भारत को एक स्वर में मोदी के नेतृत्व में एकजुट होना होगा।''

योगी ने कहा कि आतंकवाद एक 'कुत्ते की दुम' की तरह है जिसे कभी सीधा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, ''यह प्यार की भाषा मानने वाला नहीं है, उनको उसी भाषा में जवाब देने के लिए तैयार होना होगा और भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से दुनिया को एक संदेश दे दिया है।' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' की अवधारणा की सराहना करते हुए कहा कि सबसे पहले 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए भारत की सेनाओं, अपने सभी बहादुर जवानों, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री का हृदय से अभिनंदन करते हुए प्रदेशवासियों की ओर से हृदय से बधाई देता हूं।

योगी ने प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रति इस बात के लिए आभार जताया कि उन्होंने रक्षा उत्पादों के लिए उत्तर प्रदेश को एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित करने के लक्ष्य को आगे बढ़ाया। योगी ने कहा, ''2018 में जब उत्तर प्रदेश ने अपना पहला निवेश सम्मेलन लखनऊ में आयोजित किया था, तब केंद्रीय बजट में दो डिफेंस कॉरिडोर की घोषणा हुई। प्रधानमंत्री जी ने लखनऊ में ही एक कॉरिडोर की घोषणा की।

उत्तर प्रदेश में छह नोड-लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, आगरा, झांसी और चित्रकूट में तय किये गये।'' उन्होंने कहा, ''2019 में केंद्र में पुनः सरकार बनने के बाद



रक्षा मंत्री के तौर पर राजनाथ सिंह ने पहली बार लखनऊ में 'डिफेंस एक्सपो' आयोजित कराया और उन्होंने कहा था कि लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल बनाने के बड़े कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे। ब्रह्मोस मिसाइल के लिए राज्य सरकार ने 200 एकड़ का क्षेत्र उपलब्ध कराया और अब उत्पादन का कार्यक्रम प्रारंभ हो रहा है।'' योगी ने रक्षा मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद राजनाथ सिंह के प्रयासों की प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री को ब्रह्मोस मिसाइल का एक प्रतिरूप भी भेंट किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी स्वावलंबी देश के लिए आवश्यक है कि अपनी रक्षा आपूर्ति के लिए वह दुनिया के अन्य देशों पर निर्भर होने की बजाय स्वयं उस लक्ष्य को प्राप्त करे। उन्होंने कहा कि इजराइल इसका उदाहरण है, जिसने सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त किया है। उसने अपने अगल-बगल के दुश्मन देशों को नाकों चने चबाने के लिए मजबूर किया है।

योगी ने कहा कि विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भारत आज जिस दिशा में आगे बढ़ा है वह उसे प्राप्त करेगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा, '' उत्तर प्रदेश के भीतर डिफेंस कॉरिडोर के जो छह नोड विकसित हो रहे हैं इन पर हमारा कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इससे पहले हमने कानपुर में रक्षा सेनाओं के लिए गोला बारूद के उत्पादन केंद्र का शुभारंभ किया था। अब उसके विस्तार के लिए भी भूमि की मांग हो रही है। लखनऊ में भी ब्रह्मोस को जैसे ही 200 एकड़ भूमि दी गई तो पीटीसी भी यहां पर आया है। पीटीसी ने न केवल ब्रह्मोस के लिए बल्कि एयरोस्पेस से जुड़े अनेक कार्यों के लिए एक एंकर यूनिट के रूप में उत्पादन कार्य प्रारंभ किया है।

यहां ब्रह्मोस से जुड़ी हुई लगभग सात एंकर यूनिट लग रही हैं।'' उन्होंने कहा कि 2013-14 में भारत का जो रक्षा उत्पादन था आज हम उससे कई सौ गुना ज्यादा उत्पादन और निर्यात कर रहे हैं।

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो सरकार का लक्ष्य था कि छह डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर में हमें 50,000 करोड़ रुपये के निवेश कराने हैं, एक लाख युवाओं को रोजगार भी देना है। अब तक राज्य सरकार के साथ डिफेंस एक्सपो के साथ ही देश और दुनिया के अलग-अलग भागों से 57 समझौते हो चुके हैं, जिनके माध्यम से करीब 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश सिर्फ रक्षा क्षेत्र से ही होने जा रहे हैं। लगभग 60 हजार नौजवानों को सरकार नौकरी के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता में अपना योगदान देने में पूरी मजबूती के साथ खड़ा है। यहां पर अभी रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) को या फिर ब्रह्मोस जैसे रक्षा उत्पादन से जुड़े अन्य कार्यक्रमों के लिए जितनी भी भूमि की आवश्यकता पड़ेगी, उत्तर प्रदेश सरकार पहले की तरह इसमें भरपूर मदद करेगी। इस कार्यक्रम को राज्य के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, क्षेत्रीय विधायक राजेश्वर सिंह समेत कई प्रमुख लोगों ने संबोधित किया।

उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को एक बयान में कहा था कि यह सुविधा दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में से एक का निर्माण करेगी। ब्रह्मोस की मारक क्षमता 290 से 400 किलोमीटर है।

राज्य सरकार ने बयान में कहा कि साढ़े तीन साल में बनकर तैयार हुई लखनऊ स्थित ब्रह्मोस विनिर्माण इकाई 80 हेक्टेयर में फैली है। इसके लिए जमीन उत्तर प्रदेश सरकार ने निशुल्क उपलब्ध कराई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2018 में घोषित 'उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडसट्रियल कॉरिडोर' a छह नोड हैं-लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, आगरा, झांसी और चित्रकूट जहां रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए बड़े निवेश किए जा रहे हैं।इसमें कहा गया कि तमिलनाडु के बाद 'डिफेंस इंडसट्रियल कॉरिडोर' स्थापित करने वाला उत्तर प्रदेश दूसरा राज्य है।


## उत्तर प्रदेश में पिछली सरकारों के शासनकाल में माफिया चलाते थे समानांतर सत्ता : योगी

गोरखपुर, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विकास और सुरक्षा के मुद्दे पर राज्य की पूर्ववर्ती सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि साल 2017 के पहले सरकार के समानांतर राज करने वाले माफिया और भ्रष्टाचारी शासन की योजनाओं को हड़प लेते थे।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में योगगुरु 'श्री परमहंस योगानंद जन्मस्थली स्मृति भवन' के निर्माण कार्य के भूमि पूजन और शिलान्यास करने के बाद वहां मौजूद जनसमूह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के माहौल में ही विकास और समृद्धि संभव है, सुरक्षा से ही विकास की सार्थकता सिद्ध होती है और सुरक्षा के बगैर समृद्धि नहीं आ सकती। मुख्यमंत्री ने विकास और सुरक्षा के मुद्दे पर प्रदेश की पिछली सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वर्ष 2017 के पहले (उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से पहले)

माफिया और भ्रष्टाचारी तत्व सरकार के समानांतर काम करते थे, वे शासन की योजनाओं को हड़प लेते थे। योगी ने कहा, ₹तब किसी गरीब या व्यापारी की जमीन कब्जा कर लेना माफिया के लिए सामान्य बात थी लेकिन आज कोई कब्जा नहीं कर सकता।

## उत्तर प्रदेश: पत्नी और चार महीने के बच्चे की हत्या के बाद व्यक्ति ने आत्महत्या की



**बांदा,** (भाषा) उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से अपनी पत्नी की गला रेतकर और चार महीने के बेटे की गला घोंटकर हत्या करने के बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को जानकारी दी।

बांदा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पलाश बंसल ने बताया कि अतर्रा कस्बे के आजाद नगर मोहल्ले में एक मकान के मालिक ने कमरे से दुर्गंध आने पर पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने कमरे का ताला तोड़कर जितेंद्र (23), पत्नी गौरा (20) और उसके चार महीने के बेटे के शव बरामद किये। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। अधिकारी ने बताया कि अब तक की जांच में सामने आया कि जितेंद्र अहमदाबाद में रहकर पेंटिंग का काम करता था और उसका परिवार अतर्रा कस्बे के आजाद नगर मोहल्ले में किराए के कमरा में रहता था। उन्होंने बताया कि जितेंद्र बृहस्पतिवार को अहमदाबाद से वापस अतर्रा आया और खाने को लेकर हुए विवाद में उसने धारदार हथियार से पहले पत्नी की गला रेतकर हत्या कर और फिर अपने चार महीने के बेटे की गला दबाकर हत्या करने के बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

## असम पंचायत चुनाव की मतगणना में भाजपा आगे

गुवाहाटी, (भाषा) असम पंचायत चुनाव की मतगणना में भाजपा आगे है। मतगणना रविवार सुबह से ही पूरे राज्य में कड़ी सुरक्षा के बीच हो रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद पहली बार 27 जिलों में दो मई और सात मई को दो चरणों में पंचायत चुनाव हुआ था। दोनों चरणों की मतगणना सुबह आठ बजे से एक साथ हो रही है।

असम राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, भाजपा ने माजुली जिले में आंचलिक पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों की छह सीट पर जीत हासिल की है। एएसईसी आयुक्त आलोक कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हमें जिलों से अभी तक कोई अन्य रुझान या परिणाम नहीं मिले हैं। पंचायत मतों की गिनती एक बहुत ही जटिल काम है।

## 11 दिसंबर 2024 से 11 मई 2025 तक की मौन यात्रा का संकल्प तिथि पूर्ण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गीता जयंती के दिवस 11 दिसंबर 2024 को केरल (वर्तमान में बिहार) के माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान का विनोबा सेवा आश्रम बरतारा शाहजहांपुर पर प्रथम बार आगमन हुआ। उनका गीता पर अद्भुत भाष्य होने के बाद बाबा विनोबा के एक वर्षीय मौन के 50 वर्ष पूर्ण होने की जानकारी देते हुए एक पट्टिका उन्होंने अनावरण की थी। जिसमें रमेश भइया के द्वारा एक वर्षीय मौन संकल्प 25 दिसंबर 2024 से 25 दिसंबर 2025 की जानकारी दी हुई थी। जिसमें 22 घंटे मौन और 11 से एक बजे अर्थात दो घंटे मौन मुक्त रहेगा। विनोबा सेवा आश्रम परिसर में स्थान की खोजबीन हुई कि कहां पर संकल्प कुटिया बने। मन में था कि बाबा विनोबा का सानिध्य भी सदा मिलता रहे इसलिए विनोबा जी की आदमकद प्रतिमा के पास ही 164 फुट (योग 11) की कुटिया बनी।

पहले टीन डालने की सारी व्यवस्था जुटी लेकिन बंदरों के भय से उसे पक्का ही किया गया। और 25 तारीख को विधिवत मौन संकल्प की शुरुआत 11 बजे श्री ब्रज गोपाल शर्मा गुरु जी के आशीर्वाद से हुई। आज पांच माह हुए प्रत्येक 11 तारीख और 25 तारीख को मौन संकल्प की एक बैठक स्वतःआश्रम परिवार के साथ हो ही जाती थी। रोज सुबह और शाम की प्रार्थना 6 बजे तो आश्रम परिवार के साथ ही होती थी। भोजन भी दोनों समय तथागत में ही करने का तय हुआ था। सुबह का काढा पांच सवा पांच बजे तक गौतम भाई जी के वेद उपनिषद वर्ग में आते समय विमला बहन बनाकर ले ही आती थीं। शाम के चार बजे कुछ ठंडा नींबू पानी या शिकंजी सीना भेज ही देती थीं। बाकी समय सब निश्चित सा है। आज




आश्रम पर सुंदर सत्संग हुआ। प्रसाद तो अद्भुत था ही। अभिनंदन ने गीता प्रवचन बांटी।यह सब बहुत सुंदर कार्यक्रम हो जाने के बाद छीतेपुर में शाम को संस्कार केंद्र में जो सौ बच्चे रोज आते हैं। मन में आया कि इन सबको भी प्रसाद पहुंचाया जाए। कमलेश जी तुरंत गाड़ी लगा दिए। राकेश भाई वीरा बहन और दिव्या हमें छोड़ने छीतेपुर आए। अवस्थी जी ने माइक से कहा कि भइया जी आश्रम से प्रसाद लाए सभी बच्चे आ जाएं। देर नहीं लगी सौ सवा सौ बच्चे और उनके परिवारजन भी आ गए।सभी को प्रसाद वितरित हुआ। जब मौन संकल्प का स्थान तय हो रहा था तो छीतेपुर भी सूची में द्वितीय था। तो सोचा कि अब संकल्प अवधि का जितना समय बरतारा में गुजारा गया उतना समय संकल्पित होकर यहां सेवाधाम जयप्रभा कुटीर छीतेपुर में भी गुजारा जाए।

आज मातृ दिवस भी है तो मां ने अपना संपूर्ण जीवन इसी स्थान पर गुजारा। अभी 11 दिन पहले यहां दिव्या _ मुदित की भावना से शिव भगवान की प्रतिमा शिवलिंग और नंदी के रूप में रक्षा के लिए पधारे हैं। ऐसे पावन पुनीत संकल्प की शुरुआत आज 11 मई के पावन दिन से ही की जाए। यह विचार भी अनायास मन में आया। मेरा मानना है कि अगर कुछ इस प्रकार के संकल्प अगर मन में आते हैं तो उन्हें लेने का साहस जुटाना चाहिए। तभी ईश्वर कुछ मदद करने की योजना आपके लिए बनाएगा। उसी परमपिता परमेश्वर को सौंपते है। आगे 5 माह (11 मई से 11 अक्टूबर तक जो जयप्रभा कुटीर का स्थापना दिवस भी है ) मौन संकल्प की यात्रा छीतेपुर से ही प्रवाहित होगी। अभी आज गीता स्वाध्याय बेबीनार में गीता के नवें अध्याय पर गंगा मां को सभी ने सुना । सुनकर बहुत प्रसन्नता हुई। सेवाधाम छीतेपुर में सायंकालीन प्रार्थना और आरती की तैयारी हो गई है।उसमें शरीक होने जा रहा हूं। रामहरि।

# सुरक्षा के माहौल में ही विकास और समृद्धि संभव : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

- श्री परमहंस योगानंद जन्मस्थली स्मृति भवन' का सीएम योगी ने किया शिलान्यास
- 2017 के पहले सरकार के समानांतर थे माफिया व भ्रष्टाचारी : मुख्यमंत्री
- आज सुरक्षा के शानदार माहौल में तेजी से आगे बढ़ रहा उत्तर प्रदेश : मुख्यमंत्री

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोरखपुर, 11 मई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुरक्षा के माहौल में ही विकास और समृद्धि संभव है। आज उत्तर प्रदेश के हर जिले में सुरक्षा का बेहतरीन माहौल है तो विकास की प्रक्रिया भी निरंतर आगे बढ़ रही है। सुरक्षा से ही विकास की सार्थकता सिद्ध होती है सुरक्षा के बगैर समृद्धि नहीं आ सकती। सीएम योगी रविवार दोपहर बाद गोरखपुर में कोतवाली थाना के समीप योगगुरु 'श्री परमहंस योगानंद जन्मस्थली स्मृति भवन' के निर्माण कार्य का भूमि पूजन और शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। पर्यटन विकास की इस महत्वपूर्ण परियोजना पर 2768 लाख रुपये की लागत आएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विकास और सुरक्षा के मुद्दे पर पूर्व की सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 2017 के पहले सरकार के पैरेलल (समानांतर) माफिया और भ्रष्टाचारी भी थे जो शासन की योजनाओं को हड़प लेते थे। तब किसी गरीब या व्यापारी की जमीन कब्जा कर लेना माफिया के लिए सामान्य बात थी लेकिन आज कोई कब्जा नहीं कर सकता। जबरन कब्जा करने पर लेने के देने पड़ जाएंगे। आज किसी ने बेटियों और व्यापारियों को छेड़ने की कोशिश की तो उसके लिए यमराज के घर का रास्ता खुल जाएगा।

सीएम ने कहा कि 2017 के बाद सुरक्षा का जो शानदार माहौल बना है उसी का परिणाम है कि प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है और हर जिला विकास, विरासत के संरक्षण और युवाओं के रोजगार के लिए नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। पाकिस्तान आतंकी राष्ट्र, देश की लड़ाई, हम सबकी लड़ाईइस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान को आतंकी राष्ट्र बताते हुए कहा कि हाल के दिनों में पाकिस्तान के जहाज को जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने निशाना बनाया अब वह लखनऊ में बनेगा। यही नहीं यूपी में बनने वाली तोप दुश्मन को कंपाएगी। यह प्रदेश में सुरक्षा के माहौल से ही हो पा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र की लड़ाई, हम सबकी लड़ाई होनी चाहिए। ऐसा होने पर ही आध्यात्मिक विरासत और विकास सुरक्षित रह पाएंगे। सीएम ने कहा कि



हरेक व्यक्ति के मन में देश प्रथम, देश के प्रति समर्पण का भाव होना चाहिए। देश सुरक्षित रहेगा तो हम भी सुरक्षित रहेंगे। यदि हम इस भाव से काम करेंगे तो देश की आन, बान, शान में गुस्ताखी करने वालों के छक्के छुड़ा देंगे। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों के मनोबल को तोड़ने वाला कोई बयान आए तो जनता को जागरूक करने की आवश्यकता है। पूर्वजों, परंपरा और विरासत से भटका व्यक्ति अंधकार की तरफ जाता हैमुख्यमंत्री ने परमहंस योगानंद के व्यक्तित्व और योग के प्रसार में उनके वैश्विक योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि पूर्वजों, परंपरा और विरासत से भटका व्यक्ति अंधकार की तरफ, काल की कोठरी में चला जाता है। विरासत के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित न करने वाले समाज का विकास बाधित हो जाता है। उन्होंने कहा कि योगानंद जी विरासत को सम्मान देते हुए सरकार उनकी जन्मस्थली पर योग मंदिर बना रही है। भारत के आध्यात्मिक धरोहर को लेकर वैश्विक क्षितिज पर छा गए योगानंद जीसीएम योगी ने कहा कि भारत में ऐसे ऋषियों, मुनियों, संतों की लंबी परंपरा है जिन्होंने अपनी अपनी साधना की सिद्धि और चेतना के विस्तार से ब्रह्मांड



के गूढ़ रहस्यों को भी उद्घाटित कर दिखाया है। देश के अलग अलग स्थानों पर साधकों की अलग अलग परंपरा रही है जिन्होंने अपनी साधना से लोगों के जीवन में परिवर्तन किए। सीएम ने कहा कि परमहंस योगानंद जी के मन में योग और आध्यात्म के प्रति बीजारोपण अपने बाल्यकाल में गोरखनाथ मंदिर आते-जाते हुआ। अपनी आत्मकथा में उन्होंने गोरखपुर का उल्लेख किया है। योगानंद जी अपने 60 वर्ष के जीवन में भारत के आध्यात्मिक धरोहर को लेकर वैश्विक क्षितिज पर छा गए। अमेरिका तक जाएगी सीएम योगी की पहल की गूंज : रविकिशनश्री परमहंस योगानंद जन्मस्थली स्मृति भवन के भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि परमहंस योगानंद की जन्मस्थली पर स्मारक बनाने की सीएम योगी की पहल की गूंज लॉस एंजिल्स, अमेरिका तक जाएगी। योगानंद जी के अनुयायी अमेरिका समेत पूरी दुनिया में हैं और गोरखपुर में उनकी स्मृति में होने वाले पर्यटन विकास के कार्य से यहां पूरी दुनिया के लोग आएंगे। सीएम योगी ने दिया योगानंद के अनुयायियों को तीर्थस्थान का बड़ा उपहार : स्वामी ईश्वरानंदकार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत करते हुए स्वामी ईश्वरानंद (महासचिव योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया) ने कहा कि सीएम योगी ने दुनिया भर में रहने वाले परमहंस योगानंद जी के शिष्यों-अनुयायियों को एक तीर्थस्थान के रूप में बड़ा उपहार दिया है। परमहंस योगानंद की जन्मस्थली पर स्मारक बनवाने का निर्णय लेकर मुख्यमंत्री जी ने परमहंस योगानंद जी के अनुयायियों को प्रफुल्लित कर दिया है।

स्वामी ईश्वरानंद ने परमहंस योगानंद की जीवन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 5 जनवरी 1893 को गोरखपुर के इसी स्थल पर जहां स्मारक बनने जा रहा है, पर हुआ था। उनके बचपन का नाम मुकुंद घोष था। विश्व को क्रिया योग सिखाने में उनका अविस्मरणीय योगदान है। योगानंद जी की आत्मकथा एन ऑटोबायोग्राफी ऑफ अ योगी सर्वाधिक बिकने और पढ़ी जाने वाली पुस्तकों में से एक है। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, इस अवसर पर स्वामी विश्वानंद (निदेशक, सेल्फ रियलाइजेशन फेलोशिप, लॉस एंजिल्स योगदा संस्थान), एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव, योगदा सोसाइटी के स्वामी सौम्यानंद, स्वामी चेतनानंद आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। परियोजना के ले आउट-ड्राइंग मैप का सीएम ने किया अवलोकन'श्री परमहंस योगानंद जन्मस्थली स्मृति भवन' का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन और शिलान्यास करने के बाद मुख्यमंत्री ने मौके पर इस पर्यटन विकास परियोजना के मॉडल, ले आउट, ड्राइंग मैप का अवलोकन किया। अधिकारियों ने स्मृति भवन के अलग-अलग तल पर बनने वाली व्यवस्थाओं और उपलब्ध होने वाली सुविधाओं की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्ण गुणवत्ता के साथ योग मंदिर के निर्माण कार्य को डेढ़ वर्ष में पूरा कर लिया जाए।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.- 011 49066569 I प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।